नई दिल्ली
बुधवार 28 जनवरी 2026
माघ मास शुक्ल पक्ष,
दशमी वर्ष : 29, अंक : 285
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 22.0
न्यून. 11.0

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | ऊपर |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,857.48 | 319.78 ▲ |
| निफ्टी | 25,175.40 | 126.75 ▲ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 1,64,330/- | 1400/- ▲ |
| चांदी | 3,58,000/- | 12000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | उछाल |
|---|---|---|
| रुपया | 91.71 | 19 पैसे ▲ |

क्रूड ऑयल 65.60 बैरल 0.02% ▲

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

'27 जनवरी का सुखद संयोग'...

# भारत और यूरोपीय संघ के बीच 'द मदर ऑफ आल ट्रेड डील्स', 'एफटीए' पर लगी मुहर

- ***राजधानी में मंगलवार को पीएम मोदी और ईयू नेताओं एंटोनियो दा कोस्टा, उर्सुला वॉन डेर लेयेन के बीच हुए 16वें भारत-ईयू शिखर सम्मेलन के बाद निकलकर सामने आया यह महत्वपूर्ण निष्कर्ष।***
- ***दोनों पक्ष 2030 के व्यापक सामरिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए हुए राजी।***
- ***रक्षा-सुरक्षा समझौते से होगी सहयोग में एक नए अध्याय की शुरूआत।***
- ***सम्मेलन के बाद कुल 13 दस्तावेजों पर किए गए हस्ताक्षर।***
- ***दोनों पक्षों के बीच मौजूदा वित्त वर्ष से लागू हो जाएगा ये एफटीए: गोयल।***
- ***बैठक में प्रमुखता से शामिल किया गया यूक्रेन विवाद, पश्चिम-एशिया संघर्ष का मुद्दा।***



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ सहित अन्य वैश्विक चुनौतियों के दौर में भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मंगलवार को नई दिल्ली में 'द मदर ऑफ आल ट्रेड डील्स' कहे जाने वाले ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर मुहर लग गई है। यह ऐतिहासिक इसलिए है। क्योंकि इस पर सहमति बनाने में दोनों पक्षों को कुल दो दशक से अधिक का लंबा वक्त लगा है। वर्ष 2006 में शुरू हुई आधिकारिक बातचीत के 16 राउंड हुए और उसके बाद आखिरकार 27 जनवरी के दिन वो सुखद संयोग बना, जब भारत और ईयू के सभी 27 देशों के बीच गहन संवाद की ये प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिसके परिणामस्वरूप ये समझौता सामने आया है। इसकी घोषणा 16वें भारत-ईयू शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय परिषद तथा आयोग के दो अध्यक्षों एंटोनियो लुईस सैंटोस दा कोस्टा और उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने अत्यधिक प्रसन्नता के साथ संयुक्त रूप से की है। शीर्ष नेताओं के मध्य द्विपक्षीय-प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत में कई क्षेत्रीय ⏩ शेष पेज 5 पर

### साझा समृद्धि का नया ब्लूप्रिंट: पीएम

प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मेलन के बाद दिए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में इस समझौते को भारत के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता करार दिया। 27 तारीख के दिन ईयू के 27 देशों के साथ हम ये एफटीए कर रहे हैं। जो हमारे किसानों, छोटे उद्योगों की यूरोपीय बाजारों तक पहुंच आसान बनाएगा, विनिर्माण क्षेत्र में नए अवसर पैदा होंगे और सेवा क्षेत्रों के बीच सहयोग को और अधिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसकी मदद से न केवल दोनों के बीच निवेश को बढ़ावा मिलेगा। बल्कि नई नवाचार भागीदार बढ़ेगी और वैश्विक स्तर पर सप्लाई चेन को भी ये मजबूती प्रदान करेगा। जिससे ये साफ हो जाता है कि ये केवल एक व्यापार समझौता नहीं है। बल्कि ये साझा समृद्धि का नया ब्लू प्रिंट है।

### इन 13 दस्तावेजों पर हुए हस्ताक्षर

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि बैठक के बाद दोनों के बीच कुल 13 दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिनमें भारत-ईयू सामरिक भागीदारी से जुड़े सभी क्षेत्रों में सहयोग को प्रगाढ़ बनाने के लिए आगामी 5 वर्षों में एक संयुक्त व्यापक सामरिक एजेंडे के तहत आगे बढ़ेंगे। रक्षा-सुरक्षा भागीदारी समझौता, सूचना समझौते की सुरक्षा को लेकर संवाद का आगाज, एफटीए को लेकर जारी वार्ता की समाप्ति की संयुक्त घोषणा, गतिशीलता में व्यापक सहयोग को लेकर फ्रेमवर्क के लिए किया गया एमओयू, ग्रीन हाइड्रोजन के लिए टास्क फोर्स का गठन, कनेक्टिविटी को लेकर किया गया समझौता, वैज्ञानिक-तकनीकी सहयोग के लिए किए गए समझौते का 2030 तक के लिए नवीनीकरण, आरबीआई-यूरोपीय सुरक्षा-बाजार अथॉरिटी के बीच एमओयू मुख्य हैं। उन्होंने कनेक्टिविटी को खासा अहम बताया व कहा, आईमैक को आगे बढ़ाने के लिए दोनों सहमत हैं।

### मकर संक्रांति रही सबसे महत्वपूर्ण: लेयेन

ईयू आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा, पीएम मोदी हमने कर दिखाया, एफटीए के साथ हमने सभी समझौतों की जननी के रूप में इसे पूरा कर लिया है। समझौता बड़े पैमाने पर भारतीय कौशल, सेवाओं को यूरोप की तकनीक, पूंजी और नवाचार से जोड़ता है। इससे नए आरंभ का संकेत मिलता है। भारत में करीब दो सप्ताह पहले मकर संक्रांति का त्यौहार मनाया गया। जो सूर्य के उत्तरायण का पर्व है और अंधेरे से उजाले की ओर बढ़ने का संकेत देता है। इसी वजह से यह समय इस समझौते के लिए सबसे उपयुक्त है। जो नई शुरुआत का भी सबसे अच्छा वक्त है। उन्होंने भारत की सफलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे पूरी दुनिया अधिक समृद्ध, स्थिर और सुरक्षित होती है।

### ईयू संग हुआ भारत का 8वां एफटीए: गोयल

बैठक के बाद आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय वाणिज्य-उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, मैं इस संतुलित, समावेशी और पारदर्शी एफटीए के लिए दोनों पक्षों के शीर्ष नेताओं के साथ ही भारत के 140 करोड़ देशवासियों को बधाई देता हूं। समझौते में हमने अच्छी चीजों को शामिल किया और संवेदनशील मुद्दों को दरकिनार किया है। इसमें आर्थिक, भू-राजनीतिक और सामरिक जैसे जरूरी बिंदुओं का समावेश है। जो भारत-ईयू के लिए साझा रूप से लाभप्रद होने के साथ ही ये हमारी लगभग एक-तिहाई मानवता के संयुक्त, संतुलित विकास और समृद्धि में भी मददगार साबित होगा। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में किया गया यह चौथा एफटीए है। पिछले चार सालों में उनके नेतृत्व में कुल 37 विकसित देशों के साथ भारत ने व्यापार ⏩ शेष पेज 5 पर



*ईयू आयोग की उच्च प्रतिनिधि और उपाध्यक्ष काजा कल्लास के साथ हुई मुलाकात में बोले रक्षा मंत्री*

## व्यापक वैश्विक हित के लिए अपने प्रयासों को समन्वित करें भारत-ईयू: राजनाथ सिंह

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को राजधानी में यूरोपीय संघ (ईयू) आयोग की उच्च प्रतिनिधि और उपाध्यक्ष काजा कल्लास के साथ एक महत्वपूर्ण मुलाकात की। जिसमें दोनों शीर्ष नेताओं ने द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा के मुद्दों के विस्तृत दायरे पर चर्चा की है। रक्षा मंत्री ने ईयू की वरिष्ठ प्रतिनिधि से मुलाकात के दौरान कहा कि भारत और ईयू लोकतंत्र, बहुलवाद और कानून के शासन के सिद्धांतों को साझा करते हैं। जो उनकी लगातार गहरी होती साझेदारी का भी आधार हैं। भारत इन्हीं मूल्यों को वैश्विक स्थिरता, सतत विकास और समावेशी समृद्धि के लिए व्यावहारिक सहयोग में बदलना चाहता है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

**इसलिए उद्योगों में तालमेल जरूरी:** रक्षा मंत्री ने जोर देते हुए कहा कि वैश्विक भलाई के लिए दोनों पक्षों के उद्योगों के प्रयासों में तालमेल बिठाने की आवश्यकता है। यह सहयोग हमारे आत्मनिर्भर भारत के विजन का पूरक है। साथ ही यह यूरोपीय संघ की रणनीतिक स्वायत्तता की आकांक्षा के अनुरूप भी है। उन्होंने कहा कि हमारी साझेदारी विश्वसनीय रक्षा इकोसिस्टम और भविष्य के लिए तैयार क्षमताओं के निर्माण के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं को एकीकृत कर एक फोर्स मल्टीप्लायर साबित होगी। राजनाथ के मुताबिक, भारत का ⏩ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## डाक विभाग ने पूंजी बाजार सेवाओं तक पहुंच को बढ़ाने के लिए किया समझौता



**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारत सरकार के संचार मंत्रालय के डाक विभाग (डीओपी) ने सोमवार को नई दिल्ली के डाक भवन में स्टॉक होल्डिंग सर्विसेज लिमिटेड (एसएसएल) के साथ देश भर के नागरिकों के लिए रेगुलेटेड कैपिटल मार्केट सेवाओं तक पहुंच को बढ़ावा देने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। भारतीय डाक ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में भी अपनी मज़बूत मौजूदगी के साथ-साथ 1.65 लाख से ज़्यादा डाकघरों के देशव्यापी नेटवर्क के साथ, उन लोगों तक वित्तीय सेवाएं पहुंचाने में अहम भूमिका निभाता है, जिन्हें इनकी ज़रूरत है। इस सहयोग का मकसद भारतीय डाक की पहुंच और भरोसे का इस्तेमाल करके संगठित और नियमित पूंजी बाजार में नागरिकों की ज़्यादा भागीदारी को बढ़ावा देना है। इस समझौते के अंतर्गत, नागरिकों को आधिकारिक ⏩ शेष पेज 5 पर

यूजीसी की नई नियमावली पर बवाल

**यूजीसी के नए नियमों पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बोले**

## किसी के ऊपर भी अत्याचार या भेदभाव नहीं किया जाएगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए एंटी-डिस्क्रिमिनेशन नियमों को लेकर देश भर में बवाल मच गया है और शिक्षण संस्थानों में नई बहस छिड़ गई है। यूजीसी नियमावली पर मचे बवाल के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का बड़ा बयान आया है। प्रधान ने मंगलवार को मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए स्पष्ट किया कि इस कानून के तहत किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नियमों का कोई दुरुपयोग नहीं कर पाएगा। प्रधान ने स्पष्ट किया कि नए नियमों का उद्देश्य न्याय सुनिश्चित करना है, न कि किसी का उत्पीड़न। उन्होंने




कहा कि मैं बहुत विनम्रता से आश्वस्त करना चाहता हूं कि किसी का उत्पीड़न होने नहीं दिया जाएगा। भेदभाव के नाम पर किसी को भी कानून का दुरुपयोग करने का अधिकार नहीं रहेगा। प्रधान ने जोर दिया कि कानून का निष्पक्ष ⏩ शेष पेज 5 पर

### तीन बड़े बदलाव

1. अब जातीय भेदभाव की साफ परिभाषा दी गई है। जाति, धर्म, लिंग, जन्म स्थान या विकलांगता के आधार पर पढ़ाई में बाधा डालने वाला कोई भी व्यवहार भेदभाव माना जाएगा।
2. अब इस परिभाषा में ओबीसी छात्रों को भी शामिल कर लिया गया है, जो पहले ड्राफ्ट में नहीं थे।
3. ड्राफ्ट में झूठी शिकायत करने पर सजा का प्रावधान था, लेकिन फाइनल नियमों में इसे हटा दिया गया है।

**एसवाईएल पर हुई हरियाणा—पंजाब के मुख्यमंत्रियों की अहम बैठक**

## दोनों राज्यों में के बीच एसवाईएल के विषय पर अधिकारी स्तर पर बातचीत की बनी सहमति



*हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी और पंजाब के मुख्यमंत्री मान ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा बैठक सकारात्मक रही*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा और पंजाब के मध्य एसवाईएल के विषय को लेकर मंगलवार को चंडीगढ़ में दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में इस विषय पर बिंदुवार विस्तार से चर्चा की गई। नायब सिंह सैनी और भगवंत मान की मौजूदगी में हुई इस बैठक में हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी और पंजाब के कैबिनेट मंत्री बरिन्द्र गोयल भी मौजूद रहे।

बैठक के उपरांत हरियाणा के मुख्यमंत्री ⏩ शेष पेज 5 पर

विधायकों को वीबी जीरामजी पर जल्द से जल्द सम्मेलन करने के निर्देश

## हरियाणा भाजपा ने बनाई निकाय चुनावों में बड़े मार्जिन से जीत दर्ज करने की रणनीति

- ***बैठक में मुख्यमंत्री सैनी, प्रदेश अध्यक्ष बडौली और प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया के अलावा कई मंत्री और संगठन पदाधिकारी रहे मौजूद***
- ***सोनीपत, पंचकूला और अंबाला नगर निकाय चुनाव के लिए पार्टी तैयार: बडौली***




हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा प्रदेश भाजपा ने नगर निगम चुनावों में बड़े मार्जिन से जीत दर्ज करने और वीबी जीरामजी पर सभी विधानसभाओं में केंद्र के निर्देशानुसार जल्द से जल्द सम्मेलन करने, सभी बूथों पर बीएलए 2 की जल्दी से जल्दी नियुक्त किए जाने और मन की बात कार्यक्रम को और अधिक लोगों से जोड़ने को लेकर महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। पंचकूला स्थित भारतीय जनता पार्टी के पंचकमल कार्यालय पर हुई एक बड़ी संगठनात्मक बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली और प्रदेश प्रभारी डाक्टर सतीश पूनिया ने एक-एक विषय को उपस्थित नेताओं के सामने बड़ी बारिकी से रखा।

बैठक में मौजूद विधायकों, प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों और मोर्चा पदाधिकारियों को स्पष्ट कहा गया कि कांग्रेस द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर फैलाए जा रहे हर झूठ को बेनकाब करते हुए नगर निगम चुनावों में फिर से ऐतिहासिक जीत दर्ज करनी है और पार्टी की मजबूती के लिए भी लगातार दिए जा रहे कार्य भी पूरे करने हैं। खासकर विधायकों को कहा गया कि वे विधानसभाओं में वीबी जीरामजी पर पांच पांच जागरूकता सम्मेलन करें। बैठक में पीएम मोदी के लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम के लिए प्रदेश समिति बनाई गई एवं लोकसभा संयोजकों की नियुक्ति की गई। प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने मन की बात प्रदेश समिति में प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया को संयोजक, प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़, राहुल राणा, आदित्य चावला ⏩ शेष पेज 5 पर




**सीतारमण की मौजूदगी में नई दिल्ली में 'हलवा समारोह'**

## केंद्रीय बजट के सभी दस्तावेज 'यूनियन बजट मोबाइल एप' पर उपलब्ध होंगे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय बजट 2026-27 की तैयारी प्रक्रिया के अंतिम चरण को चिह्नित करने वाला 'हलवा समारोह' मंगलवार को नॉर्थ ब्लॉक स्थित बजट प्रेस में आयोजित किया गया। यह समारोह केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

'हलवा समारोह' बजट की तैयारियों से जुड़े अधिकारियों के 'लॉक-इन' (परिसर के भीतर ही रहने की प्रक्रिया) शुरू होने से ठीक पहले आयोजित किया जाता है। केंद्रीय बजट 2026-27 एक फरवरी को पेश किया जाएगा।



'हलवा समारोह' के अवसर पर केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ वित्त मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले सभी विभागों के सचिव और बजट निर्माण प्रक्रिया से जुड़े अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। केंद्रीय वित्त मंत्री ने बजट प्रेस का दौरा किया और तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही, उन्होंने पूरी बजट टीम को अपनी शुभकामनाएं भी दीं। वार्षिक वित्तीय विवरण (जिसे आमतौर पर बजट कहा जाता है), अनुदान की मांगें, वित्त विधेयक आदि सहित केंद्रीय बजट के सभी दस्तावेज 'यूनियन बजट मोबाइल ऐप' पर उपलब्ध होंगे। इससे सांसदों और आम जनता को डिजिटल माध्यम से बजट दस्तावेजों तक आसानी से पहुंच प्राप्त हो सकेगी। यह ऐप द्विभाषी (अंग्रेजी और हिंदी) है और एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्मों पर उपलब्ध होगा। इस ऐप को केंद्रीय बजट वेब पोर्टल ( www.indiabudget.gov.in) से भी डाउनलोड किया जा सकता है। केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा 1 फरवरी को संसद में बजट भाषण समाप्त होने के बाद बजट दस्तावेज मोबाइल ऐप और वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

## आरोपी अविनाश पर 10 और वसीम पर दो आपराधिक मामले दर्ज

# दो कुख्यात बदमाश यूपी पुलिस की मदद से मुठभेड़ के बाद दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम जिला और यूपी की फिरोजाबाद टुंडला थाने की संयुक्त टीम ने हेड कांस्टेबल की पिस्टल छीनकर उन गोली चलाने वाले बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगी। वहीं एसीपी मेल्विन वर्गीस और इंस्पेक्टर राम कुमार की बुलेटप्रूफ जैकेट पर गोलियां लगी, जिससे वह बाल बाल बच गए। घायल बदमाश अविनाश उर्फ जानू (30) को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाद में इसकी निशानदेही पर आरोपी वसीम (30) को भी पकड़ लिया गया। जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी अविनाश पर 10 और वसीम पर दो आपराधिक मामले दर्ज हैं।



डीसीपी अमित गोयल के अनुसार बदमाशों को एडिशनल डीसीपी अभिमन्यु पोसवाल व ऐश्वर्या सिंह की देखरेख में एसीपी मेल्विन वर्गीस के नेतृत्व में एसएचओ सफदरजंग एंक्लेव रजनीश कुमार, इंस्पेक्टर विजय बालियान (स्पेशल स्टाफ) व इंस्पेक्टर राम कुमार (एएटीएस) और इंस्पेक्टर हरि सिंह (एंटी स्नैचिंग सेल) की टीम ने पकड़ा है। 22 जनवरी दोपहर करीब 2:20 बजे बीट ऑफिसर हेड कांस्टेबल राजकुमार इलाके में पेट्रोलिंग कर रहे थे। उन्हें एक राहगीर से पार्क के जंगल वाले इलाके में दो संदिग्ध लोगों के होने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने दो संदिग्धों को देखा। दोनों ने हेड कांस्टेबल पर हमला कर दिया। एक आरोपी ने उन्हें काबू कर लिया, जबकि दूसरे ने उनकी सर्विस पिस्टल छीन ली। बदमाशों ने भागने के दौरान उन पर फायरिंग भी की। पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ने के लिए पीछा किया, लेकिन वह एक बाइक को जबरदस्ती रोककर भाग गये थे। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी थी। आरोपियों को पकड़ने के लिए एक टीम बनाई गई। टीम ने 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के दौरान एक आरोपी की पहचान अविनाश उर्फ जानू के रूप में हुई। जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी थाना टुंडला, जिला फिरोजाबाद (यूपी) की ओर जा रहा है। 23 जनवरी को आरोपी के पिता ने भी उसकी मौजूदगी की पुष्टि की। दोपहर करीब 2:15 बजे आरोपी पुराने बाईपास रोड, राजा का ताल श्मशान घाट, थाना टुंडला के पास एक स्कूटर पर जाते हुए देखा गया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन आरोपी मौके से भागने लगा। खुद को फंसता देख उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। एक गोली आईपीएस मेल्विन वर्गीस और इंस्पेक्टर राम कुमार की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। आत्मरक्षा में पुलिस ने फायरिंग के बाद आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसने सफदरजंग एन्क्लेव की घटना में अपनी भूमिका का खुलासा किया। बताया कि उसने अपने साथी वसीम के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने इसके पास से सरकारी पिस्टल, तीन कारतूस और एक मोबाइल व स्कूटर बरामद कर लिया है। बाद में पुलिस ने वसीम को भी पकड़ लिया।

# तीन नाबालिगों पर छह वर्षीय बच्ची से बलात्कार का आरोप, दो आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी जिले के भजनपुरा इलाके में तीन नाबालिग लड़कों द्वारा छह वर्षीय बच्ची से कथित रूप से बलात्कार किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। घटना 18 जनवरी को सामने आई थी, जिसके बाद बच्ची के परिजनों ने पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता एवं यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।

पुलिस के अनुसार आरोपी लड़कों ने बच्ची को बहला-फुसलाकर बलात्कार किया। सभी आरोपी नाबालिग हैं और उनकी पहचान कर ली गई है। दो नाबालिग लड़कों को हिरासत में लेकर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है। तीसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि बच्ची को चिकित्सकीय जांच के लिए ले जाया गया है और उसे आवश्यक देखभाल एवं परामर्श दिया जा रहा है। उसका बयान दर्ज कर लिया गया है और नाबालिगों से जुड़े मामलों से संबंधित प्रावधानों के अनुसार आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है। फरार आरोपी का पता लगाने के लिए कई टीम गठित की गई हैं और जांच के तहत आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया जा रहा है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच जारी है।



### बलात्कार का फरार आरोपी गुरुग्राम से किया अरेस्ट

नई दिल्ली। पुलिस ने अंतरिम जमानत मिलने के बाद से फरार बलात्कार के एक दोषी को हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है। करण डोलटानी नामक इस शख्स को अपनी घरेलू सहायिका की बेटी के साथ 2016 में बलात्कार करने का दोषी पाया गया था। पुलिस के अनुसार, उस पर 2022 में अपनी पत्नी की नाबालिग रिश्तेदार के साथ बलात्कार करने का भी आरोप है। पुलिस के मुताबिक, पश्चिम दिल्ली के मटियाला एक्सटेंशन के रहने वाले डोलटानी को लगातार निगरानी और सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर सोमवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि डोलटानी बिंदापुर थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार) के तहत दर्ज मामले में फरार था। यह मामला उसकी घरेलू सहायिका की बेटी के साथ बलात्कार का है। उसे पहले इस मामले में अदालत ने दोषी ठहराया था और 10 साल की सजा सुनाई थी। उसे अपनी पत्नी की बीमारी की वजह से 28 दिन की अंतरिम जमानत दी गई थी, लेकिन जमानत अवधि पूरी होने के बाद उसने आत्मसमर्पण नहीं किया। पुलिस ने बताया कि उसके बारे में गहन जांच करने पर पता चला कि वह दो सितंबर 2022 को इसी थाने में बलात्कार एवं पॉक्सो कानून के तहत दर्ज एक और मामले में वांछित है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वह इस मामले में कानूनी प्रक्रिया को चकमा दे रहा था। निरंतर निगरानी और खुफिया जानकारी के आधार पर पता चला कि वह गुरुग्राम के घमरोज टोल प्लाजा के पास है। पुलिस ने डोलटानी को आदतन अपराधी बताया है, क्योंकि अतीत में यौन उत्पीड़न के अन्य गंभीर मामलों में भी उसकी संलिप्तता है।

# रानी खेड़ा गांव में 101 कुण्डीय महायज्ञ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सनातन महासभा दिल्ली प्रदेश के तत्वावधान में 101 कुण्डीय महायज्ञ और सनातनी परिवार सम्मेलन मुंडका क्षेत्र के रानी खेड़ा गांव में संपन्न हुआ। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस समारोह की संयोजक एवं समाज सेवी कान्ता खरब ने बताया कि पर्यावरण शुद्धि व आरोग्य प्राप्ति हेतु यज्ञ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान प्रदीप वत्स मुख्य संरक्षक सनातन महासभा रहे। इस अवसर पर कारगिल हीरो एवं महावीर चक्र से सम्मानित दिगेन्द्र सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। महन्त स्वामी अंजनेयानन्द गिरी और आचार्या अमृता आर्या ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

# 20 मामलों में वांछित फरार गैंगस्टर किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की एजीएस टीम ने द्वारका एक्सप्रेसवे के पास से रोहतक के एक 35 वर्षीय गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। वह दिल्ली और हरियाणा में लगभग 20 आपराधिक मामलों में लिप्त रहा है। रवींद्र देसवाल उर्फ छोटा पिछले दो वर्षों से गिरफ्तारी से बच रहा था। वह लगातार स्थान बदल रहा था तथा पुलिस को चकमा देने के लिए परिचितों के नाम से मोबाइल फोन इस्तेमाल करता था। 24 जनवरी को पुलिस ने द्वारका एक्सप्रेसवे टोल प्लाजा के पास पीछा करने के बाद इसे गिरफ्तार किया।

पुलिस के मुताबिक यह गिरफ्तारी फरार गैंगस्टरों और उनके सहयोगियों को पकड़ने के लिए शुरू किए गए 'ऑपरेशन कवच 12.0' के तहत की गई। पुलिस ने बताया कि रवींद्र लगभग दो साल पहले जमानत पर रिहा होने के बाद फरार हो गया था। कम से कम तीन मामलों में इसे भगोड़ा घोषित किया जा चुका था। अन्य मामलों में भी उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए गए थे और कार्यवाही शुरू की गई थी। पुलिस का कहना है कि चार हफ्ते तक गुरुग्राम, सोनीपत एवं रोहतक में करीब 25 स्थानों पर उसकी आवाजाही की पुष्टि करने एवं सघन निगरानी के बाद टीम द्वारा 24 जनवरी को उसे गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल हुई। रवींद्र को 2018 में हरियाणा पुलिस ने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ 32 लाख रुपये की डकैती के मामले में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस रिकॉर्ड से पता चलता है कि हरियाणा के सोनीपत, पानीपत, रोहतक और कुरुक्षेत्र जिलों तथा दिल्ली में हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती, लूट, अपहरण, आर्म्स एक्ट के उल्लंघन और अन्य गंभीर अपराधों के मामलों में उसकी कथित संलिप्तता दर्ज है। पूछताछ में देसवाल ने बताया कि उसने कक्षा 10 तक पढ़ाई की थी और एक स्थानीय अपराधी के संपर्क में आने के बाद वह अपराध की दुनिया में शामिल हो गया तथा बाद में वह कृष्ण गहता गिरोह में शामिल हो गया था।



## भागलपुर से दो साइबर अपराधी पकड़े

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी जिले की साइबर पुलिस ने बिहार के भागलपुर से दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। धोखाधड़ी की गई 2,35,000 रुपये नकदी, अपराध में इस्तेमाल किया गया एक मोबाइल फोन और अन्य संबंधित दस्तावेज बरामद किए गए। इसके खिलाफ गत वर्ष केस दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता ने 5,81,775 रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी की सूचना दी थी, जिसे अज्ञात साइबर धोखेबाजों ने नेट बैंकिंग के माध्यम से उसके बैंक खाते में अनधिकृत पहुंच बनाकर अंजाम दिया था। जांच टीम ने पीतांबर कुमार (29) पुत्र यमुना यादव, निवासी परबत्ती, भागलपुर, बिहार और विकास कुमार (29) पुत्र स्वर्गीय मुन्ना मंडल, निवासी खरमन चक, भागलपुर, बिहार को गिरफ्तार किया। आरोपी पीड़ितों के बैंकिंग क्रेडेंशियल तक पहुंचने के लिए उनके मोबाइल फोन पर एपीके फाइल भेजते थे। मामले में आगे की जांच जारी है।

# चांदनी चौक मेट्रो स्टेशन से 20 लाख के गहनें चुराने वाली महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कश्मीरी गेट मेट्रो और स्पेशल स्टाफ पुलिस ने चांदनी चौक मेट्रो स्टेशन से 20 लाख के आभूषणों वाला बैग साफ करने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से आभूषण वाला बैग भी बरामद हो गया है। पुलिस महिला से पूछताछ कर मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। मेट्रो पुलिस के डीसीपी कुशल पाल सिंह के अनुसार 22 जनवरी को पुलिस स्टेशन कश्मीरी गेट मेट्रो में 20 लाख रुपये के आभूषण से भरे बैग चोरी की एफआईआर दर्ज हुई थी। जांच के दौरान चांदनी चौक मेट्रो स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की गई। यह देखा गया कि एक महिला, जिसने गुलाबी जैकेट और काली पैंट पहनी हुई थी ने ज्वेलरी बैग लिया और मिलेनियम सिटी सेंटर की ओर जाने वाली मेट्रो ट्रेन में चढ़ गई। बाराखंभा मेट्रो स्टेशन पर आंतरिक सीसीटीवी फुटेज की आगे की जांच से पता चला कि वह नोएडा सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन तक गई और गेट नंबर 2 से बाहर निकली। आगे की जांच से पता चला कि महिला के पास चांदनी चौक मार्केट में राधिका कलेक्शन नाम की दुकान का शापिंग बैग था। दुकानदार से पूछताछ के बाद महिला को ट्रैक किया गया और उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह अपनी चचेरी बहन की शादी के सिलसिले में खरीदारी करने परिवार के सदस्यों के साथ चांदनी चौक मार्केट गई थी। उसने गलती से बैग उठा लिया और उसे घर ले गई। पूछताछ के दौरान वह इस बारे में कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे पाई कि उसने अपने द्वारा लिए गए सामान के बारे में किसी को क्यों नहीं बताया। पुलिस ने ज्वेलरी बैग बरामद कर लिया गया।


**सार्वजनिक सूचना**

**ICICI Bank** पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा–390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के बदले उनकी बकाया राशियों का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये। चूंकि वे देय राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं, हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की एक ई–नीलामी 07 फरवरी 2026 को आयोजित करने के लिये बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई–नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
| --- | --- |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – कम्यूनिटी सेंटर | |
| 004657000475 | शादाब मलिक |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
| --- | --- |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – दिलशाद कॉलोनी | |
| 112705001562 | अफसाना |

दिनांक : 28.01.2026 हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : शाहदरा, साउथ-ईस्ट दिल्ली कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


## किराड़ी मामले में भय का वातावरण बना रही है आप : सचदेवा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली संयोजक सौरभ भारद्वाज का यह कहना कि भाजपा सरकार भलस्वा का कूड़ा किराड़ी में डालकर गरीब पूर्वांचलवासियों को कैंसर जैसी बीमारियों का तोहफा दे रही है जिससे दिल्ली में राजनीतिक द्वेष से भय का वातावरण बनाने का प्रयास है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सौरभ भारद्वाज के इस बयान की कड़ी निंदा की है। प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि हमारे भाजपा सांसद योगेन्द्र चांदोलिया एवं महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह लगातार भलस्वा से किराड़ी में 40 हेक्टर डी.डी.ए. जमीन के भराव के लिए भेजे जा रहे "इनर्ट" यानि कूड़े की राख को उसी तरह जमीन भराव कर ऊंचा उठाने के लिए किया जा रहा है जैसे हाई वे निर्माण में हो रहा है। सचदेवा ने कहा कि सौरभ भारद्वाज बताएं कि 11 साल "आप" की सरकार भी रही पर अरविंद केजरीवाल की सरकार ने किराड़ी में रहने वाले करीब 5 लाख लोगों का जीवन सुधारने के लिए क्या किया ? सचदेवा ने कहा कि जलभराव के कारण अकेले 2024 में किराड़ी में पानी में डूबने अथवा बिजली करंट लगने से लगभग 15 बच्चों एवं व्यस्कों की जान गई थी पर 2025 में संवेदनशील भाजपा सरकार आने बाद जलभराव स्थिति में बेहद सुधार हुआ और हादसों का भी लगभग कोई समाचार नहीं आया।

## बवाना स्टेडियम के पीछे ग्रामीणों के लिए बनेगा पार्क : इंद्राज

**नई दिल्ली।** राजीव गांधी स्टेडियम के पीछे स्थित क्षेत्र में एक सुव्यवस्थित, हरित एवं आधुनिक पार्क के निर्माण को लेकर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। प्रस्तावित पार्क में बच्चों, बुजुर्गों एवं युवाओं के लिए उपयुक्त सुविधाएँ विकसित की जाएंगी, जिससे क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। इस बात की जानकारी समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने गृह मंत्री आशीष सूद के साथ बवाना विधानसभा के दादा-भैया चौपाल में आयोजित जनसंवाद के दौरान दी। जनसंवाद में स्थानीय नागरिकों से क्षेत्र की मूलभूत आवश्यकताओं, विकास कार्यों, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा एवं नागरिक सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही दिल्ली सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी नागरिकों को दी गई। इनमें आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे सुधार, छात्रवृत्ति योजनाएं, कौशल विकास कार्यक्रम तथा समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के लिए चलाई जा रही योजनाएं शामिल रहीं। मंत्री इंद्राज ने कहा कि सरकार ने ग्राम विकास बोर्ड को पुनर्जीवित किया है, जिसके तहत, लगभग 1,715 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली 776 विकास परियोजनाएं पर कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर मंत्री इंद्राज ने कहा कि उत्तर-पश्चिम दिल्ली में आने वाले समय में तेजी से और संतुलित विकास किया जाएगा उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण और अर्ध-ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है ताकि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

## यूजीसी अधिसूचना में स्पष्टता और संतुलन आवश्यक : एबीवीपी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा जारी अधिसूचना "विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्धन हेतु) विनियम, 2026" के मूल उद्देश्यों की सराहना करती है लेकिन विनियमों में स्पष्टता और संतुलन अत्यंत आवश्यक है। एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने मंगलवार को यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि यूजीसी के इस विनियम के कुछ उपबंधों की शब्दावली को लेकर समाज, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के बीच जो अस्पष्टता और भ्रांतियां उत्पन्न हो रही हैं, उस पर यूजीसी को त्वरित संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्यवाही करनी चाहिए। डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने तथा सभी विद्यार्थियों के लिए भेदभाव-मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने हेतु समाज के सभी वर्गों के सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

## बारिश और वीआईपी संबंधी प्रतिबंधों के चलते राजधानी में जगह-जगह लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी में मंगलवार को हुई बारिश, भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन, अति विशिष्ट व्यक्तियों (वीआईपी) की आवाजाही के मद्देनजर वाहनों की आवाजाही को लेकर लगाये गये कई प्रतिबंधों के चलते कई इलाकों में जाम लगा। लगातार बारिश के कारण दृश्यता कम हो गयी तथा वाहनों की रफ्तार बहुत धीमी रही। कुछ क्षेत्रों में जलभराव की भी सूचना मिली। यात्रियों, विशेषकर कार्यालय जाने वालों को इस कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

आउटर रिंग रोड, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सराय काले खां की ओर, गाजीपुर, महरौली-बदरपुर रोड, भीकाजी कामा प्लेस, आईटीओ, राजघाट, जनपथ और आसपास के इलाकों समेत शहर के विभिन्न हिस्सों में यातायात जाम की सूचना मिली। भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन और बाद में राष्ट्रपति भवन में यूरोपीय संघ (ईयू) के प्रतिनिधियों के लिए आयोजित रात्रिभोज तथा राजघाट पर गणमान्य व्यक्तियों के दौरे के मद्देनजर दिल्ली यातायात पुलिस ने विशेष व्यवस्थाओं की घोषणा करते हुए परामर्श जारी किया था। लुटियंस दिल्ली और शहर के मध्य में कई प्रमुख सड़कों पर वाहनों की पार्किंग और ठहराव को प्रतिबंधित कर दिया गया था या यातायात का मार्ग बदल दिया गया था। पुलिस ने लोगों को जनपथ, टॉलस्टाय मार्ग, मथुरा रोड, भैरों मार्ग, तीन मूर्ति मार्ग और रायसीना रोड जैसी सड़कों से बचने और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह पहले ही दी थी।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजहरुद्दीन उर्फ अजहर, पुत्रः अलाउद्दीन, निवासीः खसरा नंबर–27/11, गली नंबर–10, द्वतीय मंजिल, संगम विहार वजीराबाद, दिल्ली और निवासीः मकान संख्या–2592, तीसरी मंजिल, ओएलडी–1666, गली रूप नारायण, सीता राम बाजार, दिल्ली** ने **FIR No.: 027153/2025, U/s: 305(B)/317(2)3(5), भारतीय न्याय संहिता–2023 पुलिस थाना सिविल लाइन्स, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अजहरुद्दीन उर्फ अजहर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अजहरुद्दीन उर्फ अजहर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना सिविल लाइन्स, दिल्ली** के अभियुक्त **अजहरुद्दीन उर्फ अजहर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 11.03.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री कार्तिक तपारिया
जेएमएफसी–06, केंद्रीय जिला, कमरा नंबर 247,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/1089/N/2026


### मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा इंदिरा गांधी अस्पताल

# अस्पताल में स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत किया : डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए द्वारका के इंदिरा गांधी अस्पताल (आईजीएच)में कई महत्वपूर्ण चिकित्सा सेवाओं का विस्तार किया गया है। नवीन विस्तार के तहत अस्पताल में डायलिसिस सेवाओं को सुदृढ़ करते हुए डायलिसिस बेड और मशीनों की संख्या 35 से बढ़ाकर 50 कर दी गई है। इससे मरीजों का प्रतीक्षा समय कम होगा तथा किडनी रोगियों को त्वरित उपचार उपलब्ध हो सकेगा। इस बात की जानकारी दिल्ली



के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दी। मंत्री डॉ. पंकज ने बताया कि आपात एवं ट्रामा मामलों में बेहतर जांच सुविधा सुनिश्चित करने के लिए रेडियोलॉजी (रेडियो निदान) विभाग में 500 एमए एक्स-रे मशीन को स्थापित किया गया है, जिससे मरीजों को तेज एवं सटीक निदान सेवाएं मिलेंगी। सर्जिकल तैयारियों को मजबूत करने के उद्देश्य से ऑपरेशन थियेटर (शल्य कक्ष) सेवाओं का समय सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक विस्तारित कर दिया गया है, जिससे अधिक संख्या में सर्जरी संभव हो सकेगी और मरीजों को समय पर उपचार मिलेगा। इसके अतिरिक्त, एम्स कॉर्निया रिट्रीवल सेंटर के सहयोग से एचआरसीटी के अंतर्गत कॉर्निया रिट्रीवल सेवाएं प्रारंभ की गई हैं, जो नेत्रदान को प्रोत्साहित करेंगी तथा कॉर्निया प्रत्यारोपण सेवाओं को सुदृढ़ बनाएंगी। अस्पताल का ब्रेन हेल्थ क्लिनिक, जिसका शुभारंभ मई 2025 में किया गया था, मस्तिष्क एवं मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभरा है। यहां प्रतिदिन लगभग 20–30 न्यूरोलॉजी तथा 15–20 मनोचिकित्सा एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श (काउंसलिंग) से जुड़े मरीजों को समेकित उपचार प्रदान किया जा रहा है। सिरदर्द, दौरे, स्ट्रोक और व्यवहार संबंधी समस्याओं सहित विभिन्न रोगों का समग्र एवं रोगी-केंद्रित इलाज एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराया जा रहा है।

## 'गांव हाउस टैक्स मुक्त हो' को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नई दिल्ली।** दिल्ली पंचायत संघ एवं पालम 360गांव खाप के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति अध्यक्षा सत्या शर्मा से भेंट कर दिल्ली के सभी गांवों पर लगाए गए हाउस टैक्स एवं अन्य बेबुनियाद शहरी नियमों को समाप्त करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। सत्या शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि वे ग्रामीण हितों से जुड़े इन मुद्दों पर सकारात्मक कार्रवाई करेंगी। इस प्रतिनिधिमंडल में दिल्ली पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव, सह-प्रमुख सुनील शर्मा, पालम 360 खाप के अध्यक्ष रामकुमार सोलंकी, युवा ग्राम सभा 360 दिल्ली के अध्यक्ष विजय मान, गांव मंगोलपुर से गौरव शौकिन, बालकिशन शौकिन, मादीपुर गांव से सुरेश अहलावत एवं हरिप्रकाश सहित अनेक ग्रामीण प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जीन्द | चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जीन्द में टीचिंग ब्लॉक-II में स्थापित एचवीएसी (ब्ल्यू स्टार मेक) के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध। | 22.01.2026 12.02.2026 | रु.57,76,000/- | www.crsu.ac.in | 9017650920 construction@crsu.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/42398/I/88/7 दि. 27.01.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | नगर परिषद बहादुरगढ़ | वार्ड नं. 3, नगर परिषद बहादुरगढ़ में स्थित बाल्मिकी चौपाल का निर्माण + 6 कार्य। | बंद होने की तिथि 31.01.2026 | रु.3,00,13,909/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812433393 eo-bahadurgarh@ulbharyana.gov.in |
| 2 | नगर परिषद बहादुरगढ़ | एम.सी. बहादुरगढ़ में वार्ड नं. 1 की गली नं. 16 और गली नं. 2 के निकट विभिन्न सीसी गलियों का निर्माण + 12 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.02.2026 | रु.5,27,51,757/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812433393 eo-bahadurgarh@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/42401/I/88/7 दि. 27.01.26

## दिल्ली सरकार और सीजीटीएमएसई के बीच हुआ समझौता

# छोटे कारोबारियों को अब सरकारी गारंटी पर मिलेगा 10 करोड़ तक का ऋण : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के छोटे कारोबारियों को अब अपना व्यवसाय चलाने के लिए सरकार की गारंटी पर बिना कुछ सिक्योरिटी रखे 10 करोड़ रुपए तक का कर्ज मिल सकता है। इस बाबत मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में दिल्ली सरकार और सीजीटीएमएसई (क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्माल एंटरप्राइसेस) के बीच दिल्ली क्रेडिट गारंटी स्कीम के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

समझौता होने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य छोटे कारोबारियों की मुश्किल को दूर करना है, ताकि उन्हें बैंक से कर्ज लेने के लिए किसी भी तरह की गारंटी या सिक्योरिटी न देनी पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम न केवल उद्यमियों के लिए पूंजी की राह



आसान बनाता है, बल्कि बैंकों के जोखिम को भी कम करेगा, जिससे वे बिना किसी डर के छोटे व्यवसायों को ऋण दे सकें। उन्होंने कहा कि इस पहल से दिल्ली के व्यापारिक माहौल में सुधार होगा, जिससे नए रोजगार पैदा होंगे, नए आइडियाज को बढ़ावा मिलेगा और शहर की अर्थव्यवस्था को सभी वर्गों के लिए समावेशी बनाया जा सकेगा। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा सहित संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सीजीटीएमएसई आज पूरे देश में भरोसेमंद संस्था बन चुकी है, जो छोटे कारोबारियों को बिना कुछ सिक्योरिटी रखे लोन दिलाने में मदद करती है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली के लाखों युवा नए-नए विचारों के साथ स्टार्टअप, उद्योग और सेवा क्षेत्र में काम शुरू करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें आर्थिक मदद नहीं मिल पाती थी। इस एमओयू के बाद जब उन्हें बिना गारंटी के 10 करोड़ रुपये तक का ऋण मिल सकेगा।

### हर क्षेत्र के उद्यमी हो सकेंगे शामिल

मुख्यमंत्री ने इस योजना के व्यापक असर को समझाते हुए बताया कि इसमें मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस, रिटेल, शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान सहित विभिन्न क्षेत्र के बिजनेस शामिल हैं। सरकार ने इसके लिए 50 करोड़ रुपये का खास फंड बनाया है। इस छोटे से फंड की ताकत इतनी ज्यादा है कि इसके जरिए बैंक करीब 2,500 करोड़ रुपये तक के लोन बांट सकेंगे। जरूरत पड़ने पर आगे चलकर इस कोष की राशि बढ़ाई भी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजना में 50 गुना लीवरेज रखा गया है यानी 2 करोड़ रुपये के निवेश से 100 करोड़ रुपये तक का ऋण संभव होगा। साथ ही, 10 प्रतिशत की एनपीए सीमा तय की गई है, ताकि सरकार पर वित्तीय जोखिम सीमित बना रहे।

### एक लाख लोगों तक मदद को पहुंचाने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि सरकार ने शुरुआत में एक लाख लोगों तक इस मदद को पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। लेकिन सीजीटीएमएसई ने यह साफ कर दिया है कि लाभार्थियों की संख्या को लेकर कोई पाबंदी या ऊपरी सीमा नहीं है। दिल्ली का जो भी छोटा कारोबारी इस योजना की शर्तों को पूरा करेगा, उसे दिल्ली सरकार की गारंटी पर लोन दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने योजना की बारीकियों को समझाते हुए बताया कि दिल्ली क्रेडिट गारंटी स्कीम के तहत कर्ज की पूरी जिम्मेदारी सरकार और संस्था मिलकर उठाएंगे। जब कोई उद्यमी लोन लेगा तो उसका 75 से 90 प्रतिशत हिस्सा सीजीटीएमएसई कवर करेगा, जबकि बचा हुआ 5 से 20 प्रतिशत हिस्सा दिल्ली सरकार अपनी तरफ से सुरक्षित करेगी। इसका सीधा फायदा यह होगा कि बैंक द्वारा दिए गए लोन की 95 प्रतिशत गारंटी सरकार की होगी, जिससे बैंकों का जोखिम घटकर सिर्फ 5 प्रतिशत रह जाएगा और वे बिना किसी हिचकिचाहट के छोटे कारोबारियों को पैसा दे सकेंगे।

### औद्योगिक और आर्थिक भविष्य के लिए सौगात : सिरसा

दिल्ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने इस पहल को दिल्ली के औद्योगिक और आर्थिक भविष्य के लिए ऐतिहासिक सौगात बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना दिल्ली के लगभग 10 लाख एमएसएमई और विशेष रूप से 2 लाख से अधिक मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों के लिए बड़ा संरचनात्मक सुधार है। उन्होंने कहा कि बैंकों के पुराने तौर-तरीकों, जैसे ढेर सारे कागजात, अपनी संपत्ति के कागजात जमा करना और गारंटी की शर्तों की वजह से छोटे कारोबारियों खासकर महिलाओं के लिए लोन लेना हमेशा से बड़ी चुनौती रहा है। इसी बाधा को खत्म करने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। उद्योग मंत्री ने बिना गारंटी 10 करोड़ रुपये तक का लोन दिए जाने को गेम-चेंजर कदम बताया।

## शिक्षा मंत्री ने दिए सख्त जांच के आदेश

# पांच साल में ही जर्जर हुआ शाहबाद डेयरी का लाल स्कूल : आशीष सूद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ स्कूल को बनाने वाले दोषी अधिकारियों और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

पांच साल में लाल स्कूल, शाहबाद डेयरी, रोहिणी सेक्टर 28 की इमारत को जर्जर घोषित होना सीधे-सीधे भ्रष्टाचार और लापरवाही का मामला है। इस भ्रष्टाचार के स्मारक की गहन जांच कराई जाएगी और दोषी अधिकारियों और लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस भवन को शीघ्रातिशीघ्र दुरुस्त कर नए सिरे से निर्मित कर यहाँ के बच्चों को पुनः सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। यह बात मंगलवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह के साथ लाल स्कूल की बिल्डिंग का निरीक्षण करने के दौरान कही।

इसके बाद उन्होंने पीएम श्री स्कूल और राजीव गांधी स्टेडियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंत्री सूद को बताया कि इस स्कूल का निर्माण वर्ष 2020 में किया गया था, किंतु भवन की अत्यंत जर्जर अवस्था को देखते हुए 2024 में इस स्कूल को खतरनाक घोषित करना पड़ा। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने खुद देखा कि स्कूल की इमारत में कई स्थानों पर प्लास्टर टूटकर गिरा हुआ है साथ ही फर्श जगह-जगह से उखड़ा हुआ था तथा कक्षाओं में खिड़कियां भी टूटी हालत में है। वहीं रोहिणी के सेक्टर 28 में बन रहे स्कूल के बारे में मंत्री सूद ने पीडब्ल्यूडी और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए और इसमें प्रयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने बवाना स्टेडियम के पास लगभग 8 एकड़ खाली पड़ी भूमि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह भूमि वर्तमान में किसी उपयोग में नहीं लाई जा रही है। इस संबंध में मंत्री सूद ने शिक्षा निदेशालय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस भूमि का समुचित सदुपयोग कर इसको विकसित किया जाए। स्थानीय निवासियों के लिए यहां वॉकवे आदि का निर्माण किया जाए। इसके साथ ही इस भूमि पर एक मल्टीपर्पज हॉल एवं एक हॉस्टल भी बनाया जाए।

उन्होंने निर्देश दिया कि इस संबंध में एक विस्तृत कार्य योजना तैयार कर 15 दिनों के भीतर उनके कार्यालय में प्रस्तुत की जाए। निरीक्षण के बाद शिक्षा मंत्री ने बताया कि इस क्षेत्र के स्थानीय विधायक एवं मंत्री रविंद्र इंद्राज लाल स्कूल, शाहबाद का पूर्व में भी कई बार निरीक्षण कर चुके हैं। इस स्कूल से जुलाई माह में लगभग 5 हजार बच्चों को रोहिणी के दूसरे विद्यालय में स्थानांतरित करना पड़ा, जो अपने आप में अत्यंत चिंताजनक और कष्टदायक स्थिति है। बच्चों को ढाई–तीन किलोमीटर दूर पैदल चलकर जाना पड़ता है।

## बारिश के बाद फिर रूका श्री गुरू तेग बहादुर स्मारक का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ स्मारक को देखने बड़ी संख्या में आते हैं पर्यटक

दिल्ली में कुछ ही समय बारिश होते ही राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर सिंघु बॉर्डर स्थित ऐतिहासिक श्री गुरु तेग बहादुर स्मारक का प्रवेश द्वार चर्चा का विषय बन जाता है। क्योंकि यहां बारिश होते ही श्री गुरु तेग बहादुर स्मारक का प्रवेश द्वार आवागमन के लिए रूक जाता है। प्रवेश द्वार के सामने जलनिकासी की व्यवस्था नहीं हो पाने से पानी जमा हो जाता है और बड़ी संख्या में आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि यहां सामने ही दिल्ली नगर निगम का टोल प्लाजा हैं और इसके सामने जलभराव के चलते दूर से निकलना पड़ता है। यहां से आवागमन करने वालों का कहना है कि जब भी बारिश आती है तो सबसे पहले यहां पर जलभराव होता है और इसके अंदर गड्ढे भी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलभराव की निकासी के लिए ना तो दिल्ली सरकार के विभाग आते हैं और ना ही दिल्ली नगर निगम के कर्मचारी। जबकि दिल्ली सरकार के मंत्री तक यहां का दौरा कर चुके हैं और मीडिया के माध्यम से भी प्रशासन को जानकारी होती है। बताया जाता है कि यहां पर्यटक बड़ी संख्या में आते हैं।

## जर्जर स्कूल भवन मामले में उपराज्यपाल दोषियों पर दर्ज करवाएं एफआईआर : स्वाति मालीवाल

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने मंगलवार को दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर शाहबाद डेयरी स्थित सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की जर्जर हालत पर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। सांसद ने कहा कि 2020 में बनी यह स्कूल बिल्डिंग, जिसे तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने इसका उद्घान किया था, जिसे सरकारी विज्ञापनों में वर्ल्ड क्लास मॉडल स्कूल बताया गया था, मात्र पांच सालों के भीतर ही खतरनाक घोषित कर बंद कर दी गई, जो भ्रष्टाचार और घोर लापरवाही की ओर सीधा इशारा करता है। इससे पहले सांसद स्वाति मालीवाल ने नेहरू विहार में बने एक अन्य स्कूल का भी निरीक्षण किया,जहां दीवारों और छतों में पहले ही दरारें आ चुकी हैं। उन्हें आशंका है कि यह स्कूल भी कुछ ही वर्षों में शाहबाद डेयरी जैसी स्थिति में पहुंच सकता है। उन्होंने मांग की है कि पिछली सरकार के कार्यकाल में बने सभी ऐसे स्कूलों की तत्काल जांच होनी चाहिए। सांसद मालीवाल ने दिल्ली के उपराज्यपाल से मांग करते हुए लिखा की शाहबाद डेयरी स्कूल की घटिया निर्माण गुणवत्ता, लापरवाही और संभावित भ्रष्टाचार पर एफआईआर दर्ज कर समयबद्ध जांच हो तथा शाहबाद डेयरी में नई स्कूल बिल्डिंग को तुरंत मंजूरी देकर गुणवत्ता जांच के साथ निर्माण होनी चाहिए।



## खबर संक्षेप

### अध्यात्मिक पर्यटन के रूप में उभरा वृंदावन

गुरुग्राम । वृंदावन शहर लंबे समय तक रुकने वाले अध्यात्म टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है। वृंदावन में राधा कुंड एक प्रमुख और तेजी से उभरता हुआ इलाका बन रहा है। इसकी गहरी आध्यात्मिक पहचान और मुख्य धार्मिक स्थलों व कनेक्टिविटी नेटवर्क के बीच खास बनाती है। यहां 65 एकड़ में फैला द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा का प्लॉटेड डेवलपमेंट वृंदावन में आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित किया है। यहां 40 से अधिक सुविधाएँ दी गई हैं, जिनमें 1 लाख वर्ग फुट से बड़ा क्लबहाउस भी शामिल है।

### समाज सेवा के लिए प्रियंका सम्मानित

फरीदाबाद। गणतंत्र दिवस समारोह के गरिमामयी अवसर पर वरिष्ठ समाजसेविका प्रियंका गुप्ता को



समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए जिला प्रशासन की ओर से हरियाणा सरकार की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने सम्मानित किया। प्रियंका गुप्ता ने इसे समाज के प्रति निरंतर सेवा,जनकल्याण के कार्यों की प्रेरणा बताया व हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री एवं जिला प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया।

### बीएफएसआई क्षेत्र में अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम

**गुरुग्राम** । बैंकिंग, वित्तीय सेवाएँ और बीमा क्षेत्र में अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम भारत के युवाओं के लिए रोज़गार क्षमता को मज़बूत करने वाला प्रभावी राष्ट्रीय मार्ग बनकर उभर रहे हैं। कार्यक्रम कौशल विकास, समावेशी भागीदारी और संगठित कार्यबल में प्रवेश को एक साथ जोड़ते हैं। ये पहल शैक्षणिक शिक्षा व उद्योग की जरूरतों के बीच की खाई को पाटती हैं। युवाओं को वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव, पेशेवर कौशल तथा देश के सबसे तेज़ी से बढ़ते क्षेत्रों में से प्रवेश प्रदान करती हैं।

### टेलीग्राम टास्क के जरिए लालच देकर ठगी ,काबू

**फरीदाबाद**। साइबर थाना एनआईटी की टीम ने टेलीग्राम टास्क के माध्यम से पैसे कमाने का



लालच देकर ठगी करने के मामले में दो ओम प्रकाश तथा देवेन्द्र को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि 15 नवम्बर 2025 को उसके व्हाट्सएप पर एक लिंक आया। लिंक पर क्लिक करने पर ग्रुप से जुड़ गया, जहां उसे टास्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया गया।

### साधु की हत्या करने के मामले में आरोपी काबू

**फरीदाबाद**। थाना आदर्श नगर में दर्ज साधु की हत्या के मामले में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच



डीएलएफ ने एक और आरोपी शनि देवराम गिरफ्तार किया है। कल्लू ने थाना आदर्श नगर में शिकायत दी थी कि अनाज मंडी में विजय गुप्ता नामक एक बाबा घूमता था। 8-9 जून 2025 की रात को अनाज मंडी में बेलदारी का काम करने वाले 2-3 लड़कों ने बाबा के साथ मारपीट की और डंडों से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी।

### अवैध हथियार रखने के दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद**। क्राइम ब्रांच की विभिन्न टीमों ने कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में 2



आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 देसी कट्टे व कारतूस बरामद किया हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 26 जनवरी को क्राइम ब्रांच एवीटीएस की टीम ने अपने गुप्त सुत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए योगेश निवासी नया गांव मोहताबाद फरीदाबाद को देशी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है।

---

### कलक्ट्रेट में जिलाधिकारी ने फहराया ध्वज

# धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस, पुलिस लाइन में कैबिनेट मंत्री ने ली सलामी व ननि में महापौर ने फहराया ध्वज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद में सोमवार को 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया इस मौके पर जहां लाइन्स गाजियाबाद में कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वज फहराकर कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। पुलिस आयुक्त जे रविंद्र गौड़ ने कमिश्नरेट संविधान में उल्लिखित संकल्प की शपथ दिलाई गई। वहीं जिलाधिकारी मन्देड़ ने जिला मुख्यालय पर ध्वज फहराया। रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित परेड में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के विभिन्न दल की टुकड़ियों द्वारा शिरकत कर शौर्य का प्रदर्शन किया गया। साथ ही कैबिनेट मंत्री ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। पुलिस आयुक्त ने मुख्य अतिथि को सम्मान प्रतीक चिह्न भेंट किया गया ।

*77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया इस मौके पर जहां लाइन्स गाजियाबाद में कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वज फहराकर कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी।*



### डीएम भारत का संविधान उद्देशिका (संकल्प) की शपथ दिलाई

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए राष्ट्रीय गान गाया गया। जिलाधिकारी द्वारा गणतंत्र दिवस पर भारत का संविधान उद्देशिका (संकल्प) की शपथ दिलाई गई। केडीबी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा देश भक्ति गीतों की सुन्दर प्रस्तुतियां दी गयी। जिलाधिकारी ने सभी विद्यार्थियों, बच्चों और अध्यापकों को पुरस्कार देते हुए सम्मानित किया। मॉंदड़ ने अपने सम्बोधन में सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि हम लोग बहुत उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस मनाते हैं। हमारा देश 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ और 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ। इतने कम समय में हमारे देश ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं वह गौरवांन्वित करने वाली हैं, जिन पर हमें गर्व की अनुभूति होती हैं। हमें कैसे अपने देश के विकास में एक नागरिक के रूप में सहयोग देना है। पहले राष्ट्रीय पर्वों को औचारिकता पूर्ण करने वाली परम्परा बन गयी थी किन्तु वर्तमान में उस परम्परा को खत्म करते हुए आज राष्ट्रीय पर्वों सहित अन्य पर्वों पर देश प्रेम एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने से नागरिकों में देश के प्रति उनकी जिम्मेदारियों की भावना को जगाया है जो कि देखने को मिल रहा है। जीडीए में उपाध्यक्ष नन्दकिशोर कलाल व निगम मुख्यालय में महापौर सुनीता दयाल व नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने ध्वज फहराया।

---

### फरीदाबाद में गाड़ी जब्त होने पर हाई वोल्टेज ड्रामा

### पुलिस का कहा- युवक अपने साथ नोट ले गए

# पुलिस चौकी पहुंचकर उड़ाए नोट अस्पताल में बजा रहा था तेज संगीत

**फरीदाबाद के बादशाह खान अस्पताल में तेज संगीत बजाने पर पुलिस ने एक गाड़ी जब्त कर ली। गाड़ी मालिक और उसके दोस्त ने पुलिस चौकी में पहुंचकर हंगामा किया, पुलिसकर्मियों से दुर्व्यवहार किया और उनके सामने नोट उड़ाए। पुलिस ने गाड़ी छोड़ने से इनकार कर दिया, जिसके बाद युवक चले गए। पुलिस अब युवकों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में कार्रवाई करेगी।**

*पुलिस ने गाड़ी नहीं छोड़ी तो युवक वापस चले गए*

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बादशाह खान अस्पताल में तेज आवाज में संगीत बजाने पर पुलिस ने युवकों की गाड़ी को इंपाउंड कर लिया। गाड़ी इंपाउंड होने पर कार मालिक और उसके दोस्त ने पुलिस चौकी में पहुंचकर हंगामा किया। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों के सामने नोट उड़ाए। हंगामा करने के बाद भी जब पुलिस ने गाड़ी नहीं छोड़ी तो दोनों वापस चले गए। वहीं पुलिस का कहना था कि युवकों ने जो नोट उड़ाए थे। वह जाते समय अपने साथ उठाकर ले गए। एनआइटी तीन पुलिस चौकी को सूचना मिली कि बादशाह खान सरकारी अस्पताल में दो युवक गाड़ी में तेज संगीत बजा रहे हैं। जिससे वहां आने जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। इसके साथ ही अस्पताल में मरीजों को भी दिक्कत हो रही है।

**खास बातें**

- पुलिस सरकारी काम में बाधा डालने पर करेगी कार्रवाई
- अस्पताल में मरीजों को हो रही थी दिक्कत
- पुलिस ने गाड़ी को छोड़ने के लिए दबाव बना रहे थेदिक्कत



#### पुलिस के साथ किया गलत व्यवहार

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक पुलिस के साथ ही गलत व्यवहार करने लगे। पुलिस में कार सवार दोनों युवकों को उतार दिया। इसके बाद कार को इंपाउंड करके चौकी ले गई। कुछ ही देर बाद दोनों युवक हंगामा करते हुए चौकी पहुंच गए। उन्होंने पुलिस ने गाड़ी को छोड़ने के लिए कहा। जब पुलिस ने गाड़ी नहीं छोड़ी तो राहुल नाम के युवक ने हाथ में नोट की गड्डी दिखाते हुए उसमें से कुछ नोट पुलिसकर्मियों के सामने उड़ा दिया। हंगामा करने के बाद भी जब पुलिस ने गाड़ी को नहीं छोड़ा तो दोनों युवक वापस चले गए। पुलिस चौकी प्रभारी के अनुसार कार को इंपाउंड कर लिया गया है।

### रात्रि विवाह, प्री-वेडिंग शूट पर रोक के साथ पाठ्यक्रम में भगवान अग्रसेन के इतिहास को शामिल करने की मांग

**फरीदाबाद**। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की फरीदाबाद जिला इकाई द्वारा सेक्टर-11 स्थित अग्रवाल सेवा सदन में एक भव्य वैश्य अग्रवाल सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के सुधार और राजनीतिक सशक्तिकरण को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। मुख्य रूप से समाज ने रात्रि विवाह और प्री-वेडिंग शूट जैसी प्रथाओं पर रोक लगाने और स्कूली पाठ्यक्रम में महाराजा अग्रसेन के गौरवशाली इतिहास को शामिल करने की पुरजोर मांग उठाई। समाज सुधार के लिए तीन प्रमुख प्रस्ताव सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने समाज के समक्ष तीन प्रमुख प्रस्ताव रखें, जिनका उपस्थित जनसमूह ने समर्थन किया। आगामी राष्ट्रीय जनगणना में अग्रवाल समाज की गणना अलग से की जाए ताकि समाज की सही संख्या और योगदान का पता चल सके।

---

### घटना सीसीटीवी में कैद, पुलिस मामले

# दुकान खाली कराने को लेकर स्टोर संचालक पर हमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

संजय कालोनी 22 फुट रोड पर दुकान खाली कराए जाने से नाराज एक युवक ने मेडिकल स्टोर संचालक पर हमला कर दिया। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। संजय कालोनी के रहने वाले महेंद्र ने बताया कि उन्होंने 22 फुट रोड पर मेडिकल स्टोर खोला हुआ है। शाम वह मेडिकल स्टोर पर अकेला था। उसके सामने रवि नाम के युवक ने कास्मेटिक की दुकान खोली हुई है।

#### आरोपी मौके से फरार

विरोध करने पर वह भडक़ गया और मेडिकल स्टोर के अंदर घुस गया। उसने महेंद्र का गला घोंटने की कोशिश की और मारपीट की। आस-पास लोग एकत्र हो गए तो आरोपी मौके से फरार हो गया। महेंद्र ने बताया कि कुछ समय पहले उसने पास ही एक दुकान खरीदी है।

#### पुलिस मामले की जांच कर रही

रवि उस दुकान में किराये पर कास्मेटिक की दुकान चला रहा था। उसने रवि से दुकान खाली करा ली थी। इसी को लेकर रवि उससे रंजिश रख रहा था। पिछले कई दिन से रवि द्वारा परेशान करने की बात भी महेंद्र ने बताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है

**फरीदाबाद**। आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है, जब-जब व्यक्ति को अपने जीवन को सुगम बनाने के लिए आवश्यकता महसूस हुई उसने आविष्कारों को जन्म दिया। यह बात बल्लभगढ़ के खंड शिक्षा अधिकारी सतीश चौधरी ने बाढ़ मोहल्ला स्थित नवोदय सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बच्चों ने जिस प्रकार विज्ञान के उभरते आविष्कारों के मॉडलों का प्रदर्शन किया है वह अत्यंत ही सराहनीय हैं। भाजपा के जिला मंत्री शोभित अरोड़ा ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है। उनको आविष्कारों के क्षेत्र में और नए-नए कार्य करने की आवश्यकता है।

---

### 'गणतंत्र गौरव उत्सव' का आयोजन

# रोशनी से सजाए गए नमो भारत स्टेशन, ट्रेनों में गूंजी 'वंदे मातरम्'



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद ।

77वें गणतंत्र दिवस के गौरवशाली राष्टीय पर्व पर समूचा देश देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। इस खास मौके पर दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर के नमो भारत स्टेशनों को भव्य तिरंगी रोशनी से सजाया गया। आधुनिक भारत की प्रगति और विश्वस्तरीय गति के प्रतीक नमो भारत स्टेशन केसरिया, सफेद और हरे रंगों की आभा से जगमगा उठे। स्टेशनों का यह मनमोहक दृश्य न केवल यात्रियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना, बल्कि विकसित भारत के संकल्प और राष्ट्रीय गौरव को भी बखूबी प्रदर्शित करता नजर आया।

इस अवसर को और भी विशेष बनाते हुए राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ अत्यंत भावपूर्ण अंदाज में मनाई गई। नमो भारत ट्रेनों के भीतर सार्वजनिक उद्घोष प्रणाली के माध्यम से 'वंदे मातरम्' की धुन बजाई गई जिसने यात्रियों को भावविभोर कर दिया, वहीं स्टेशन परिसर और प्लेटफॉर्म्स पर भी वंदे मातरम की धुन बजाकर इस खास अवसर को अनूठे अंदाज में मनाया।

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में गाजियाबाद नमो भारत स्टेशन पर 'गणतंत्र गौरव उत्सव' का भव्य आयोजन किया। राष्ट्रप्रेम, एकता और सांस्कृतिक गौरव के इस अद्भुत संगम के अवसर पर स्टेशन पर इंटर-स्कूल देशभक्ति गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

---

### केले व केले के पत्तों में छिपाकर बिहार से तस्करी कर ला रहे थे

# 1 करोड़ की कत्था लकड़ी के साथ पुलिस ने 2 तस्कर को किया काबू



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस की स्वाट टीम व अपराध शाखा पुलिस ने मंगलवार को दो अन्तर्राज्यीय लकड़ी तस्कर गिरफ्तार किये हैं। ये तस्कर केले व केले के पत्तों में छिपाकर खैर (कत्था) लकड़ी तस्करी करके ला रहे थे।

लकड़ी का वजन करीब 7हजार किलोग्राम है। लकड़ी की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1 करोड़ रुपये है। एडीसीपी पीयूष सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त के निर्देशन में, तस्करो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में अपर पुलिस उपायुक्त, अपराध के पर्यवेक्षण में सहायक पुलिस आयुक्त अपराध के नेतृत्व में स्वाट टीम, अपराध शाखा ने मुखबिर की सूचना पर ईस्टर्न पैरीफेरल डासना कट थाना क्षेत्र मसूरी जनपद गाजियाबाद से एक कैण्टर को जांच के लिए रोका। तलाशी लेने पर कैंटर में 7हजार किलोग्राम लकड़ी खैर (कत्था) बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए तस्करों में रविन्द्र निवासी ग्राम नगरिया जाहर थाना दादों जिला अलीगढ तथा अंकित निवासी ग्राम नगरिया जाहर थाना दादों जिला अलीगढ हैं।

पूछताछ पर दोनो आरोपियों ने बताया कि बरामद खैर (कत्था) लकड़ी को बिहार राज्य के मधुबनी जिले से केले व केले के पत्तों में छुपाकर तस्करी करके ला रहे थे। पुलिस चैकिंग में बचने के लिये केला की बिल्टी फर्जी बना रखी है। खैर (कत्था) लकड़ी को हरियाणा के कुण्डली ले जा रहे थे। गिरफ्तार कैण्टर चालक व हैल्पर के द्वारा यह भी बताया कि लकड़ी को मधुबनी जिले के चोखेलाल नाम के व्यक्ति ने हम लोग लेकर भेजा था जिसको हरियाणा के कुण्डली जनपद मे डिलीवरी चोखेला के बताये अनुसार करनी थी।

---

### पिंकी चौधरी बोले- भावनाएं गलत नहीं थीं

# हिंदू रक्षा दल कार्यकर्ता ने लाउडस्पीकर पर दी गालियां,सोशल मीडिया पर वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद ।

गाजियाबाद में तलवार वितरित करने के आरोप में जेल जा चुके हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी के एक कार्यकर्ता ने गणतंत्र दिवस के मौके पर किसान आंदोलन के दौरान निकाली गई ट्रैक्टर परेड में सार्वजनिक रूप से गाली-गलौज की। कार्यकर्ता ने लाउडस्पीकर पर कहा कि जो लोग भारत माता की जय और वंदे मातरम कहने से हिचकते हैं, वे इस देश में रहने लायक नहीं हैं। इस दौरान उसने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के आह्वान पर ट्रैक्टर परेड निकाली गई थी। इस परेड में शामिल हिंदू रक्षा दल का कार्यकर्ता सनरूफ कार पर सवार होकर लाउडस्पीकर से अभद्र टिप्पणी करता नजर आया। उसने कहा कि जिन लोगों के मुंह में भारत माता की जय और वंदे मातरम कहने में दही जम जाती है, वे इस देश में रहने लायक नहीं हैं।

कार्यकर्ता ने यह भी कहा कि ऐसे लोगों को वहीं रहना चाहिए, जहां उन्हें अपने देश के समर्थन में नारे लगाने में हिचक न हो।

इस दौरान उसने एक विशेष समुदाय को लेकर भी गाली गलौज की। वीडियो लगातार वायरल हो रहा है।

**डीसीपी ने वीडियो मेरठ रोड का बताया** : हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी ने बताया कि वायरल वीडियो में दिखाई देने वाला व्यक्ति उनका कार्यकर्ता दक्ष चौधरी है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक तौर पर गाली गलौज करना गलत है, हालांकि कार्यकर्ता की भावनाएं गलत नहीं थीं। वहीं, डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि वीडियो मेरठ रोड का बताया जा रहा है और मामले की जांच की जा रही है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

---

**सार्वजनिक सूचना**

**ICICI Bank** पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के बदले उनकी बकाया राशियों का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये। चूंकि वे देय राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं, हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की एक ई-नीलामी 07 फरवरी 2026 को आयोजित करने के लिये बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगिन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम | ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|---|---|
| शाखा का नाम : गुड़गांव - डीएलएफ कार्पोरेट पार्क | | शाखा का नाम : करनाल | |
| 732557000034 | राम प्रकाश | 017357000204 | अंकित |
| | | शाखा का नाम : नारनौल | |
| | | 159062003805 | पवन कुमार |

दिनांक : 28.01.2026
स्थान : गुरूग्राम, करनाल, महेन्द्रगढ़
हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्याम बाबू**, **पुत्रः** श्री बनवारी लाल, **पताः** मकान नं. 272, हस्ताल गाँव, उत्तम नगर, नई दिल्ली; दूसरा पताः प्लॉट नं. 77ए, गली नं. 8, सोम बाज़ार रोड, दीप एन्क्लेव, विकास नगर, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 482/18 U/s 392/394/411/34 IPC, थानाः विकासपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्याम बाबू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्याम बाबू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 482/18 U/s 392/394/411/34 IPC, थानाः विकासपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **श्याम बाबू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री ऋषभ कपूर
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी-05
कमरा नं. 09, द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/1029/WD/2026
(Court Matter)

**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151
फोन नं. 0172-2586501, वेबसाइट : www.hssc.gov.in

**विज्ञा. सं. 1/2026 के लिए आयु छूट और तिथि विस्तार हेतु सार्वजनिक सूचना**

ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल अर्थात https://adv012026.hryssc.com के माध्यम से 01.01.2026 को प्रकाशित पुरुष कांस्टेबल (जीडी), श्रेणी सं. 1, महिला कांस्टेबल (जीडी), श्रेणी सं. 02 और पुरुष कांस्टेबल (राजकीय रेलवे पुलिस), श्रेणी सं. 03 के लिए सीईटी फेज-II विज्ञापन सं. 1/2026 के संदर्भ में।

(I) **मेमो नं. 30/3/2026-5एचजी-1 दिनांक 19 जनवरी 2026 के तहत, सरकार ने उपरोक्त सभी श्रेणियों के उम्मीदवारों को निर्धारित सम्बन्धित ऊपरी आयु सीमाओं के अतिरिक्त एक बारगी तीन वर्षीय (03) छूट प्रदान की है।**

(II) **विज्ञा. सं. 1/2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल हेतु अन्तिम तिथि 31.01.2026 तक अप. 11:59 बजे तक बढ़ा दी गई है।**

यह ध्यान दें कि किन्हीं भी परिस्थितियों में आगे कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा।

स्थान : पंचकूला
दिनांक : 22 जनवरी 2026
हस्ता/- सचिव, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग पंचकूला

संवाद-1159/13/696/2026/42382/88/7 दि. 27.01.26

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक महोदय, रेवाड़ी**

मुकदमा न0 129 दिनांक 27.03.2025 धारा 127 (6) BNS थाना धारूहेड़ा जिला रेवाड़ी

गुमशुदा महिला सम्बधी सूचना वा पहचान



**नामः-** बिमला पत्नी विजय कुमार निवासी राठीवास थाना बिलासपुर जिला गुरुग्राम
**हुलियाः-** रंग सांवला, हष्ट पुष्ट शरीर, उम्र 42 साल, कद 5 फुट

दिनांक 21.03.2025 को बिमला धारूहेड़ा से राठीवास के लिए गई थी जो अभी तक नहीं मिली है। जिसपर मुकदमा नम्बर 129 दिनांक 27.03.2025 धारा 127 (6) BNS थाना धारूहेड़ा जिला रेवाड़ी पंजीकृत किया गया है जिसका अभी तक कोई पता नहीं चला है । उपरोक्त गुमशुदा महिला के सम्बध में कोई जानकारी प्राप्त हो कृपया निम्नलिखित नम्बरों पर तत्काल सूचना देकर कर्तव्य पालन करने का कष्ट करें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा

सम्पर्क नम्बर
1. प्रबन्धक थाना धारूहेडा रेवाड़ी मो.न. 7056666125
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रेवाडी मो.न. 01274-242328, 9306952004
3 अनुसंधानकर्ता थाना धारूहेड़ा मो.न. 7056899361

पीआरडीएच-1084/11/4383/2026/42372/88/7 दि. 27.01.2026

## खबर संक्षेप

### झारखंड में नगर निकाय चुनाव का ऐलान



**रांची।** झारखंड में लंबे इंतजार के बाद नगर निकायों के चुनाव का बिगुल बज गया । सभी 48 नगर निकायों में 23 फरवरी को चुनाव कराए जाएंगे, जबकि मतगणना 27 फरवरी को होगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने मंगलवार को चुनाव कार्यक्रम का ऐलान किया। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही राज्य के सभी 48 नगर निकाय क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है।

### मथुरा बालिका संरक्षण गृह से 5 लड़कियां फरार



**मथुरा।** मथुरा-वृंदावन में बड़ी घटना हुई है। वृंदावन के चैतन्य विहार स्थित राजकीय बालिका संरक्षण गृह की सुरक्षा में सेंध लगाकर सोमवार रात पांच किशोरियां संदिग्ध परिस्थितियों में फरार हो गईं। 14 से 17 साल की इन लड़कियों के गायब होने की खबर मिलते ही प्रशासनिक अमले और पुलिस विभाग में खलबली मच गई। सीसीटीवी फुटेज में लड़कियां खुद को कंबल से ढककर बाहर निकलती दिखाई दे रही हैं।

### पूर्णिया में व्यापारी की गोली मारकर हत्या



**पूर्णिया।** पंचायत के दौरान युवा व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह सनसनीखेज वारदात मरंगा थाना क्षेत्र में हुई। बताया जा रहा है कि सरस्वती पूजा पर युवक द्वारा ब्लॉग बनाए जाने को लेकर विवाद हुआ था।

## पेज एक का शेष

### भारत और यूरोपीय ...

व अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई। जिसमें यूक्रेन विवाद, पश्चिम-एशिया में जारी संघर्ष मुख्य हैं। वहीं, भारत से केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने उम्मीद जताई है कि आज एफटीए से जुड़ी वार्ता पूरी हुई है। इसके बाद इसका एक साथ कुल 24 भाषाओं में रूपांतरण होगा, जरूरी कानूनी मंत्रणा प्रक्रिया फास्ट ट्रैक होगी और उसके बाद इस पर हस्ताक्षर के साथ यह मौजूदा वित्त वर्ष में ही लागू हो जाएगा। विदेश मंत्रालय ने बताया कि सम्मेलन के बाद कुल 13 अहम दस्तावेजों (समझौतों, एमओयू सहित) पर हस्ताक्षर के साथ उनका आदान-प्रदान किया गया है। जिनमें 2030 का व्यापक सामरिक एजेंडा और सुरक्षा-रक्षा साझेदारी महत्वपूर्ण हैं। बताते चलें कि ईयू के दोनों वरिष्ठ नेताओं की यह बैठक बीते 25 से 27 जनवरी तक की गई उनकी तीन दिवसीय भारत की राजकीय यात्रा का हिस्सा थी। जिसमें उन्होंने बीते सोमवार को पहली बार कर्तव्य पथ पर 77 वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की थी। उसके अगले दिन ये बैठक हुई और इसी के साथ यूरोपीय नेताओं की ये स्वदेश यात्रा संपन्न हो गई।

**अमेरिकी टैरिफ पर नहीं हुई चर्चा :** गोयल ने कहा कि बैठक में अमेरिकी टैरिफ पर कोई चर्चा नहीं हुई। हालांकि एफटीए के तहत इसमें वैश्विक व्यापार का 25 फीसदी भाग शामिल होगा। जिससे दोनों के बीच सामरिक भागीदारी बढ़ेगी, रक्षा साझेदारी का द्वार खुलेगा, उद्योगों को फायदा मिलेगा, निवेश के अवसर बढ़ेंगे व बाजार खुलेंगे, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे (टेक्सटाइल क्षेत्र में सृजित होंगे 40 मिलियन रोजगार), नवाचार, विज्ञान में सहयोग बढ़ेगा, वित्तीय बाजारों का एकीकरण होगा, लोगों के बीच आवागमन सुलभ होगा। भारत को ईयू के श्रम आधारित उद्योगों में प्रवेश मिलेगा। साथ ही हमारे मरीन उत्पाद, केमिकल, फुटवियर-लेदर, प्लास्टिक, रबर गुड्स, टेक्सटाइल, अपैरल्स, जेम्स एंड ज्वेलरी, फर्नीचर, स्पोर्ट्स गुड्स, खिलौने जैसे क्षेत्रों को खासा लाभ होगा। हमें नवाचार, तकनीक, प्रिसिजन इंजीनियरिंग के क्षेत्र में दुनिया से मदद मिलेगी। जबकि ईयू के उद्योगों के लिए भारत की तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था में प्रवेश का द्वार खुलेगा। समझौता भारत से ईयू को किए जाने वाले कुल 99 फीसदी निर्यात और ईयू से भारत को किए जाने वाले 97 फीसद निर्यात को कवर करता है। ईयू, भारत के स्टील पर एक नए प्रस्ताव के साथ सामने आया है। हमने आपसी विश्वास के साथ इस पर सहमति दी है कि हम इस पर साथ काम करेंगे। जिसमें भारत को ईयू के पसंदीदा भागीदार के रूप में मदद मिलेगी और हम एक अच्छे समझौते की ओर आगे बढ़ेंगे।

**उथल-पुथल के बीच बढ़ेगी स्थिरता:** पीएम ने कहा कि वर्तमान में वैश्विक व्यवस्था में काफी उथल-पुथल है। जिसके बीच भारत-ईयू की ये साझेदारी अंतरराष्ट्रीय सिस्टम में स्थिरता को मजबूती देगी। इसी संदर्भ के तहत हमने यूक्रेन, पश्चिम-एशिया, हिंद-प्रशांत समेत कई वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की है। बहुपक्षवाद और वैश्विक नियमों का सम्मान हमारी साझा प्राथमिकता है। दोनों पक्ष सहमत हैं कि आज की चुनौतियों का समाधान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में अनिवार्य सुधारों की दरकार है। उन्होंने भारत-ईयू सहयोग को पार्टनरशिप फॉर ग्लोबल गुड करार दिया। साथ ही कहा, हम हिंद-प्रशांत से लेकर कैरेबियन तक त्रिपक्षीय परियोजनाओं को विस्तार देंगे। जिससे सस्ते नबल कृषि, स्वच्छ ऊर्जा और महिला सशक्तिकरण को ठोस समर्थन मिलेगा। दोनों आईमैक गलियारे को ग्लोबल ट्रेड, सस्ते नबल विकास की एक प्रमुख कड़ी के रूप में स्थापित करेंगे। एफटीए की उपलब्धियों के आधार पर हम अगले 5 साल के लिए एक और महत्वाकांक्षी, व्यापक सामरिक एजेंडा लांच कर रहे हैं। जो जटिल वैश्विक वातावरण में स्पष्ट दिशा देगा, साझा समृद्धि को आगे बढ़ाएगा, नवाचार को गति देगा, सुरक्षा सहयोग सुदृढ़ करेगा और लोगों के बीच संबंधों को भी और गहराई देगा।

**संबंधों में हुई नए युग की शुरुआत :** उन्होंने कहा, राष्ट्रों के संबंधों में कभी-कभी ऐसा क्षण आता है। जब इतिहास खुद कहता है, यहीं से दिशा बदली, यहीं से नया युग शुरू हुआ। भारत-ईयू सम्मेलन भी वही ऐतिहासिक क्षण है। रक्षा-सुरक्षा किसी भी सामरिक भागीदारी की नींव होती है। इस एफटीए के जरिए हम इसे औपचारिक रूप दे रहे हैं। जिससे आतंकवाद से मुकाबले के अलावा समुद्री-साइबर सुरक्षा में भी हमारी साझेदारी और अधिक गहरी होगी। ये नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था को लेकर हमारी प्रतिबद्धता को बल देगी। इससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हमारे सहयोग का दायरा भी बढ़ेगा। हमारी रक्षा कंपनियां सह-विकास, उत्पादन के नए अवसरों को साकार करेंगी। दोनों मोबिलिटी के लिए भी एक नया फ्रेमवर्क बना रहे हैं, जिससे भारत के छात्र, श्रमिकों, पेशेवरों के लिए ईयू में नए अवसर खुलेंगे। विज्ञान-प्रौद्योगिकी में लंबे सहयोग को हमने और अधिक सशक्त करने का निर्णय लिया है।

### ईयू संग हुआ भारत...

समझौते किए हैं। 2006 में ईयू एफटीए को लेकर हमने वार्ता शुरू की थी। लेकिन 2013 में उसपर अचानक ब्रेक लगा। जिसके बाद किसी ने नहीं सोचा था कि दोनों पक्ष एक व्यापक रोडमैप के साथ इसकी पुनः शुरुआत करेंगे। 2020 के मध्य में फिर से बातचीत शुरू हुई। पिछले साल उर्सुला वॉन डेर लेयेन, ईयू कमिश्नरों के साथ भारत यात्रा पर आईं। जिसके साथ ही अब इस समझौते की कवायद अपने अंतिम चरण तक जा पहुंची है।

### व्यापक वैश्विक हित...

रक्षा उद्योग, ईयू की री-आर्म पहल में एक सार्थक भूमिका निभा सकता है। खासकर एक ऐसे समय में जब ईयू आपूर्तिकर्ताओं में तेजी से विविधता लाने और निर्भरता से जोखिम कम करने की दिशा में प्रयासरत है।

**हिंद-महासागर क्षेत्र में साथ काम करें: कल्लास :** संघ (ईयू) की उच्च प्रतिनिधि काजा कल्लास ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ को हिंद महासागर क्षेत्र में एक साथ मिलकर काम करना चाहिए। साथ ही संयुक्त अभ्यासों के जरिए एक-दूसरे की सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों से सीखना चाहिए। वहीं, राजनाथ सिंह ने गुरुग्राम स्थित भारतीय नौसेना के सूचना संलयन केंद्र-हिंद महासागर क्षेत्र में एक संपर्क अधिकारी की तैनाती के ईयू के प्रस्ताव का स्वागत किया। जिससे समुद्री डकैती रोधी अभियानों और क्षेत्र में खतरों के आकलन के संदर्भ में नौसेना के साथ परिचालन समन्वय को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा।

### किसी के ऊपर भी...

पालन यूजीसी, केंद्र और राज्य सरकारों का सामूहिक दायित्व है, और यह व्यवस्था पूरी तरह भारतीय संविधान के दायरे में है। निर्दोष छात्रों के फंसने की आशंकाओं पर, उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विषय सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में है।

**वो नियम जिस पर मचा है बवाल ?:** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 13 जनवरी को 'प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन रेगुलेशन 2026' लागू किया है। इसका मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), महिला, और दिव्यांग छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों के साथ भेदभाव को समाप्त करना है। इन नियमों के तहत, प्रत्येक विश्वविद्यालय और कॉलेज में नौ सदस्यीय समानता समिति (इक्विटी कमेटी) का गठन अनिवार्य है। इसमें संस्थान प्रमुख, तीन प्रोफेसर, एक कर्मचारी, दो सामान्य नागरिक, दो विशेष रूप से आमंत्रित छात्र और एक समन्वयक शामिल होंगे। यह समिति संस्थानों में समानता सुनिश्चित करने और शिकायतों का समाधान करेगी।

**समानता समिति में सवर्ण के लिए कोई अनिवार्य प्रतिनिधित्व नहीं :** इनमें कम से कम पांच सीटें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन और महिलाओं के लिए अनिवार्य रूप से आरक्षित होंगी। इस आरक्षण के कारण सामान्य वर्ग के प्रतिनिधित्व पर चिंताएं उठी हैं। इसी चिंता ने विरोध और प्रदर्शन की स्थिति को बढ़ावा दिया है। आलोचकों का कहना है कि समानता समिति में सामान्य वर्ग (सवर्ण) के लिए कोई अनिवार्य प्रतिनिधित्व नहीं है, जिससे भेदभाव या उत्पीड़न की शिकायतों की जांच करते समय उनके दृष्टिकोण का पर्याप्त ध्यान नहीं रखा जा सकता। समिति में प्रतिनिधित्व की कमी के कारण सामान्य वर्ग के छात्र और शिक्षक एकतरफा कार्रवाई या निर्णय का शिकार हो सकते हैं। नियमों के आधार पर यह धारणा बनाई जा रही है कि एक वर्ग हमेशा शोषित है और दूसरा शोषक, जिससे शैक्षणिक परिसरों में अविश्वास और तनाव का माहौल बन सकता है। कई सवर्ण संगठनों की चिंता है कि नियमों के तहत झूठी या दुर्भावनापूर्ण शिकायतों के जरिए सामान्य वर्ग के छात्रों और शिक्षकों को अनावश्यक परेशान किया जा सकता है।

**समानता समिति को जानें:** समिति का कार्यकाल 2 साल का होगा, शिकायत आने पर 24 घंटे में बैठक और 15 दिन में रिपोर्ट जरूरी होगी, नियम तोड़ने पर कॉलेज की ग्रांट, कोर्स और मान्यता तक पर असर पड़ सकता है

**विरोध करने वालों की मुख्य आपत्तियां :** भेदभाव की परिभाषा को एकतरफा बताया जा रहा है, जनरल कैटेगरी को पीड़ित नहीं, बल्कि संभावित आरोपी माना गया है, झूठी शिकायत करने वालों पर कोई सजा तय नहीं है, 24 घंटे में कार्रवाई का नियम दुरुपयोग को बढ़ा सकता है

### दोनों राज्यों में के बीच...


नायब सिंह सैनी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर बैठक की जानकारी दी। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि यह बैठक बेहद सकारात्मक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई है। जब बातचीत अच्छे माहौल में होती है, तो उसका परिणाम भी सार्थक निकलता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दोनों राज्यों ने आपसी सहमति से यह निर्णय लिया है कि एसवाईएल से जुड़े मुद्दे पर आगे विस्तृत चर्चा के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों के स्तर पर बैठकें आयोजित की जाएंगी, ताकि व्यावहारिक और स्थायी समाधान की दिशा में आगे बढ़ा जा सके। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लगातार बैठकों का आयोजन किया जा रहा है और आज की बैठक भी उसी दिशा में आयोजित की गई। पहले भी केंद्रीय जल संसाधन मंत्री सीआर पाटील की मध्यस्थता में बैठक हो चुकी है। प्रेस वार्ता के दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि आज की बैठक बड़े ही अच्छे माहौल में हुई है और इस बात पर सहमति बनी है कि पहले दोनों राज्यों के अधिकारी मिलकर इस मसले पर बैठक करेंगे। इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, पंजाब के मुख्य सचिव के पी सिन्हा, हरियाणा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, दोनों राज्यों के एडवोकेट जनरल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### हरियाणा भाजपा ...

भारत भूषण जुयाल, नरेंद्र भारती और मनोज ढाण को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। बैठक में प्रदेश महामंत्री कृष्ण बेदी, सुरेंद्र पूनिया और संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा मौजूद रहे।बैठक के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा हर समय चुनाव मोड़ पर रहती है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जैसे ही नगर निकाय चुनाव की घोषणा करेगा उसके लिए भाजपा पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर पर भी चुटकी ली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर ने तो मुझे भी हैरान कर दिया। कांग्रेस का 10 दिन का प्रशिक्षण चला है तो जरूर उन्होंने कुछ सीखा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी तो एक घंटे में ही चले गए, कांग्रेस में अपनी-अपनी ढपली और अपना-अपना राग है। उन्होंने कहा कि यहां के कांग्रेस नेताओं ने वोट चोरी पर राहुल गांधी को ही भ्रम में डाल दिया। सैनी ने हरियाणा के बजट पर बोलते हुए कहा कि लोगों के अच्छे सुझाव आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली हरियाणा भाजपा सरकार का बजट जनता के सुझाव का बजट होगा। नायब सैनी ने कहा कि पारदर्शिता हमारी सरकार का दायित्व है। उन्होंने कहा कि बजट का एक-एक पैसा लोगों के वेलफेयर पर खर्च होगा। एक सवाल पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हमने विपक्ष के विधायकों से भी बजट के लिए सुझाव मांगे हैं। विपक्ष के विधायक भी अगर सुझाव देते हैं तो उनका स्वागत है। एसवाईएल पर हुई बैठक के बारे में श्री सैनी ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री के साथ सार्थक बैठक हुई है। दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी बातें रखी है। अधिकारियों को समाधान खोजने के लिए कहा गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि बैठक में विधायकों को अपनी-अपनी विधानसभाओं के अलावा दूसरी विधानसभाओं में भी पांच-पांच वीबी-जीरामजी योजना को लेकर सम्मेलन करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सोनीपत, पंचकूला और अंबाला नगर निकाय चुनाव के लिए पार्टी तैयार है। आज की बैठक में निकाय चुनाव के प्रभारियों को उनकी जिम्मेदारियां और काम में जुट जाने के लिए कहा गया है। हरियाणा प्रदेश भाजपा प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि भाजपा वोटों की नहीं, सरोकारों की पार्टी है। भाजपा के कार्यकर्ता 565 दिन काम करते हैं। संगठनात्मक बैठक में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, श्याम सिंह राणा, अनिल विज, आरती राव, श्रुति चौधरी, रणबीर गंगवा, राजेश नागर सहित पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, विधायक और मोर्चो के प्रदेश अध्यक्ष मौजूद रहे।

### डाक विभाग ने पूंजी ...


प्लेटफॉर्म और चुने हुए डाकघर पर उपलब्ध ऑनबोर्डिंग लिंक और क्यूआर कोड जैसी डिजिटल सुविधाओं के ज़रिए एसएसएल की सेवाओं तक पहुंचने में मदद मिलेगी। इन सेवाओं में डीमैट और ट्रेडिंग अकाउंट खोलना, म्यूचुअल फंड में निवेश, आईपीओ में हिस्सा लेना और दूसरे मंजूर निवेश उत्पाद शामिल हैं। इस साझेदारी का एक मुख्य केन्द्र वित्तीय जागरूकता और निवेशक शिक्षा है। एसएसएल, डाक विभाग के सहयोग से, फाइनेंशियल मार्केट में सोच-समझकर भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए निवेशक शिक्षा और फाइनेंशियल साक्षरता कार्यक्रम आयोजित करेगा, खासकर पहली बार निवेश करने वालों और ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों के नागरिकों के बीच। इस अवसर पर वंदिता कौल, सचिव (डाक), ने कहा कि यह सहयोग वित्तीय समावेशन के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दिखाता है और विकसित भारत 2047 की कल्पना के साथ मेल खाता है। उन्होंने बताया कि यह पहल भारतीय डाक के बड़े नेटवर्क और हाल के डिजिटल बदलाव का इस्तेमाल करके पूंजीगत बाजार में नागरिकों की व्यापक और सुरक्षित भागीदारी को संभव बनाएगी। प्रभात कुमार दुबे, एमडी और सीईओ, स्टॉक होल्डिंग सर्विसेज लिमिटेड, ने इस पहल के लिए डाक विभाग के साथ जुड़ने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि एसएसएल पूरे देश में पारदर्शी और नियमित पूंजी बाजार सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने और निवेशकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह साझेदारी इंडिया पोस्ट के डिजिटल रूप से सक्षम, नागरिक-केंद्रित सेवा वितरण संस्था में चल रहे बदलाव में एक और कदम है और उम्मीद है कि यह निवेशक जागरूकता, नागरिक सशक्तिकरण और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

दिल्ली पुलिस
शांति सेवा न्याय

यातायात निर्देशिका
बीटिंग रिट्रीट समारोह
29 जनवरी, 2026






गणतंत्र दिवस समारोह, 2026 के अंतर्गत, बीटिंग रिट्रीट समारोह 29.01.2026 को विजय चौक पर आयोजित किया जाएगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बीटिंग रिट्रीट समारोह और राष्ट्रपति भवन, नॉर्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक और संसद भवन की रोशनी देखने की विस्तृत यातायात व्यवस्था की है।

**यातायात प्रतिबंध**

GO

निम्नलिखित यातायात प्रतिबंध 29.01.2026 को 1400 बजे से 2130 बजे तक लागू रहेंगें।
1. विजय चौक सामान्य यातायात के लिए बंद रहेगा।
2. निम्नलिखित मार्गों पर यातायात की अनुमति नहीं होगी:–
(ए) आर/ए सुनहरी मस्जिद और आर/ए कृषि भवन के बीच रफी मार्ग।
(बी) रायसीना रोड आर/ए कृषि भवन से विजय चौक की ओर।
(सी) आर/ए दारा शिकोह रोड, आर/ए कृष्णा मेनन मार्ग और आर/ए सुनहरी मस्जिद से आगे विजय चौक की ओर।
(डी) विजय चौक और "सी" हेक्सागन के बीच कर्तव्यपथ।

**आम जनता/मोटर चालकों को वैकल्पिक मार्ग यानी रिंग रोड, वंदे मातरम् मार्ग, अरबिंदो मार्ग, मदरसा टी–प्वाइंट, सफदरजंग रोड–कमाल अतातुर्क मार्ग, रानी झांसी रोड, मिंटो रोड आदि लेने की सलाह दी जाती है।**

**बसों के लिए मार्ग परिवर्तन**

**आमंत्रित लोगों और दर्शकों के वाहनों की सुविधा के लिए और समारोह स्थल और इंडिया गेट के आसपास की सड़कों पर यातायात की भीड़ से बचने के लिए 29.01.2026 को 1400 बजे से 2130 बजे तक डी.टी.सी. और अन्य सिटी बसों को उनके सामान्य मार्गों से मार्ग परिवर्तन किया जाएगा। बसों का मार्ग परिवर्तन इस प्रकार रहेगा:–**
1. शांति पथ–विनय मार्ग–सरदार पटेल मार्ग से आने वाली केंद्रीय सचिवालय और कनॉट प्लेस जाने वाली बसें पंचशील मार्ग–साइमन बोलिवर मार्ग–वंदे मातरम् मार्ग–आर/ए शंकर रोड–शेख मुजीबुर रहमान रोड से जाएंगी।
2. केंद्रीय सचिवालय जाने वाली बसें उद्यान मार्ग पर समाप्त होंगी और काली बाड़ी मार्ग–मंदिर मार्ग–शंकर रोड के रास्ते वापस आएंगी।
3. कनॉट प्लेस जाने वाली बसें मंदिर मार्ग–काली बाड़ी मार्ग–जी.पी.ओ.–बाबा खड़क सिंह मार्ग से जाएंगी और कनॉट प्लेस पहुंचेंगी और भगत सिंह मार्ग–पेशवा रोड–मंदिर मार्ग–शंकर रोड और वंदे मातरम् मार्ग से होकर वापस आएंगी।
4. दक्षिणी दिल्ली से तुगलक रोड पर आने वाली और कनॉट प्लेस/केंद्रीय सचिवालय जाने वाली बसों को अरबिंदो चौक से सफदरजंग रोड–कमाल अतातुर्क मार्ग–पंचशील मार्ग–साइमन बोलिवर मार्ग की ओर मोड़ दिया जाएगा और क्रम संख्या 1 में उल्लेखित मार्ग का पालन किया जाएगा।
5. मंडी हाउस और फिरोजशाह रोड आने वाली और बाराखंभा रोड से कनॉट प्लेस जाने वाली बसें शिवाजी स्टेडियम पर समाप्त होंगी और कस्तूरबा गांधी मार्ग/बाराखंभा रोड से वापस लौटेंगी।
6. शाहजहां रोड पर कनॉट प्लेस की ओर आने वाली बसें अरबिंदो चौक–सफदरजंग रोड–कमाल अतातुर्क मार्ग–पंचशील मार्ग और उससे आगे होते हुए शिवाजी स्टेडियम तक जाएंगी।
7. दक्षिण की ओर से आने वाली पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला और आईएसबीटी कश्मीरी गेट की ओर जाने वाली बसें एआईआईएमएस से रिंग रोड से धौला कुआं और फिर वंदे मातरम् मार्ग, रानी झांसी रोड की ओर जाएंगी।
8. आश्रम की ओर से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला और आईएसबीटी कश्मीरी गेट आने वाली बसें आश्रम चौक–वंदे मातरम् मार्ग से सराय काले खां के लिए राजघाट होते हुए जाएंगी।
9. पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला, कश्मीरी गेट से आने वाली और दक्षिण और दक्षिण पूर्व की ओर जाने वाली बसें दिल्ली गेट–जवाहरलाल नेहरू मार्ग–राजघाट–रिंग रोड–सराय काले खां–आश्रम चौक से चलेंगी।
10. विकास मार्ग से आने वाली और दक्षिण की ओर जाने वाली बसें रिंग रोड–सराय काले खां–आश्रम चौक से जाएंगी।
11. कनॉट प्लेस से कस्तूरबा गांधी मार्ग होते हुए इंडिया गेट की ओर आने वाली बसें मिंटो रोड–डीडीयू मार्ग–आई.पी. फ्लाईओवर–रिंग रोड–सराय काले खां से चलेंगी।

**आम जनता के लिए निर्देश**

किसी भी अज्ञात वस्तु या संदिग्ध व्यक्ति के देखे जाने की स्थिति में, ड्यूटी पर तैनात निकटतम पुलिस अधिकारी को जानकारी दी जानी चाहिए। आम जनता और मोटर चालकों को सलाह दी जाती है कि वे धैर्य रखें, असुविधा से बचने के लिए तदनुसार यात्रा करें। यातायात नियम और सड़क अनुशासन और यातायात पुलिस कर्मियों के निर्देशों का पालन करें और यातायात पुलिस के सोशल मीडिया हैंडल और हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से अपडेट रहें। लोगों से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं और संभावित देरी से बचने के लिए अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए पर्याप्त अतिरिक्त समय लेकर चलें।

आम जनता और वाहन चालक दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की
वेबसाइट https://traffic.delhipolice.gov.in
फेसबुक पेज https://www.facebook.com/dtptraffic
एक्स हैंडल https://x.com/dtptraffic
इंस्टाग्राम पेज https://www.instagram.com/dtptraffic
के माध्यम से अपडेट रह सकते हैं।
व्हाट्सएप नंबर 8750871493
हेल्पलाइन नंबर 1095/011–25844444

**पार्किंग**

रफी मार्ग और "सी" हेक्सागोन के बीच जल चैनलों के पीछे विजय चौक पर रोशनी देखने आने वालों के लिए वाहन पार्किंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी (शाम 7.00 बजे के बाद)

यातायात निर्देशिका के लिए कोड स्कैन करें

DP/9847/2026

यातायात प्रहरी बनें | Google play or App Store से ऐप डाउनलोड करें | 24 घंटे यातायात हेल्पलाइन: 011-25844444/1095 | जानकारी साझा करने के लिए 14547 पर कॉल करें | तुरंत पुलिस सहायता पाने के लिए 112 पर कॉल करें



## गांधी टॉक्स का ट्रेलर रिलीज, बिना बोले दमदार कहानी दिखाती है फिल्म

**मुंबई।** विजय सेतुपति की आगामी साइलेंट फिल्म 'गांधी टॉक्स' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। साइलेंट फिल्म होने के नाते ट्रेलर में एक भी डायलॉग नहीं है। लेकिन हां, एआर रहमान का संगीत ट्रेलर को रोमांचक बनाता है। । 'गांधी टॉक्स' 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर आपको चार्ली चैपलिन की फिल्मों के दौर की भी याद दिलाएगा। ट्रेलर से पता चलता है कि कहानी के केंद्र में विजय सेतुपति हैं। ट्रेलर फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह बढ़ाता है। यह फिल्म बेरोजगार विजय सेतुपति की कहानी है, जिसे अपने घर के सामने रहने वाली पड़ोसी अदिति राव से प्यार हो जाता है। दूसरी कहानी करोड़पति अरविंद स्वामी की है, जो अपनी सारी दौलत खो देता है।

लाइफ Style



# मिमी


## स्टेज परफॉर्मेंस के दौरान उत्पीड़न का लगाया आरोप

मिमी चक्रवर्ती ने एक लाइव स्टेज शो के दौरान उत्पीड़न और अपमान का आरोप लगाया है। यह घटना रविवार को बनगांव शहर के नयाग्राम इलाके में हुए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में हुई। मिमी की शिकायत के अनुसार, आयोजकों में से एक व्यक्ति तन्मय शास्त्री स्टेज पर चढ़ गया। उसने मिमी की परफॉर्मेंस को बीच में रोक दिया।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मिमी ने कहा कि इस घटना से उन्हें बहुत अपमान और बुरा लगा। उन्होंने ईमेल के जरिए बनगांव पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दी। दूसरी तरफ, आयोजक युवक संघ क्लब ने इन आरोपों से इनकार किया है। उनका कहना है कि मिमी तय समय से करीब एक घंटा लेट आईं। तन्मय शास्त्री ने कहा, 'कार्यक्रम की इजाजत सिर्फ आधी रात तक की थी। इलाके में छात्रों की बोर्ड परीक्षाएं होने वाली हैं, इसलिए कार्यक्रम को समय पर रोकना पड़ा। हमने मिमी का अपमान नहीं किया और न ही उन्हें परेशान किया। उनके आरोप बिल्कुल गलत हैं।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मिमी के बॉडीगार्ड्स ने क्लब की महिला सदस्यों के साथ बदतमीजी की, जो रात 11:45 बजे उन्हें सम्मान देने स्टेज पर आई थीं। तन्मय शास्त्री ने आगे कहा, 'हमें पता है कि मिमी एक बड़ी स्टार हैं, लेकिन अगर हम रात 12 बजे के बाद कार्यक्रम चलाते तो पुलिस खुद आकर बंद करवा देती और हम पर केस करती। अगर मिमी को कोई गलतफहमी हुई है या उन्हें बुरा लगा है, तो हम इसके लिए माफी मांगते हैं।' पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। मिमी चक्रवर्ती एक भारतीय बंगाली अभिनेत्री, गायिका और पूर्व राजनीतिज्ञ हैं।

हॉलीवुड मसाला



## अभिनेत्रियों को समझा जाता है कठपुतली

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड में अक्सर ही अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बहस होती है। इसको लेकर कई अभिनेत्रियों ने सवाल भी उठाए हैं। लेकिन, अब 'ट्विलाइट' फेम अभिनेत्री क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों के साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है। क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जाता है। मुझे आपको बताना ही होगा।




## संजय-नीना फिर बने मिस्ट्री थ्रिलर का हिस्सा

**मुंबई।** नीना गुप्ता और संजय मिश्रा की फिल्म 'वध 2' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस बार फिल्म में थ्रिल डबल होने वाला है। एक बार फिर से नीना और संजय मिश्रा एक हत्या को लेकर जांच के दायरे में है। साल 2022 में फिल्म वध रिलीज हुई। छोटे बजट की इस फिल्म ने दर्शकों को चौंकाया, क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा है। फिल्म 'वध 2' के ट्रेलर में एक जेल गार्ड शंभूनाथ के रोल में संजय मिश्रा नजर आते हैं। वह जेल की एक कैदी मंजू सिंह (नीना गुप्ता) के करीब आते हैं। दोनों के बीच एक अलग तरह का रिश्ता बनता है। लेकिन इसी बीच जेल में कैदी गायब हो जाता है। वह कैदी कहां गया? उसके गायब होने से संजय मिश्रा और नीना गुप्ता के किरदारों का क्या कनेक्शन है, यही पूरी फिल्म की कहानी है। फिल्म 'वध 2' 6 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




## वेलकम टू... की रिलीज डेट का ऐलान...

**मुंबई।** बस पांच महीने का इंतजार और फिर सिनेमाघरों में होगा धमाल! जी हां, क्योंकि 'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज डेट सामने आ गई है। कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' जून में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह मल्टीस्टारर फिल्म 26 जून को रिलीज होगी। 'वेलकम' फ्रेंचाईजी की यह तीसरी किस्त है और काफी मजेदार होने वाली है। इसमें अक्षय कुमार के अलावा कई और शानदार सितारे नजर आएंगे। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के निर्देशन की कमान अहमद खान ने संभाली है। इसमें अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ सहित करीब 30 सितारे नजर आएंगे। रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, परेश रावल, राजपाल यादव, जॉनी लीवर, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, और दलेर मेहंदी भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



## लोलापलूजा इंडिया में मिले प्यार पर जताया आभार...

**मुंबई।** लोलापलूजा इंडिया 2026 की परफॉर्मेंस के दौरान भारत के लोगों ने ब्रिटिश कलाकार यंगब्लड को काफी प्यार दिया है। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर भारत के लोगों का आभार जताया है। मुंबई में लोलापलूजा इंडिया 2026 की शानदार परफॉर्मेंस के बाद यंगब्लड ने अपने सभी भारतीय फैंस को धन्यवाद दिया है। ब्रिटिश कलाकार ने लोलापलूजा इंडिया के पहले दिन अपने परफॉर्मेंस से मुंबई की भीड़ को मंत्रमुग्ध कर दिया। परफॉर्मेंस के कुछ घंटों बाद, यंगब्लड ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने मुंबई शो की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट लिखी। इंस्टाग्राम पर यंगब्लड ने भारत के लोगों का आभार जताते हुए एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि वह अपने फैंस से मिल रहे हैं। फैंस उन्हें गले लगा रहे हैं।

टीवी मसाला



## लाफ्टर शेफ 3 की विनर बनी कृष्णा और अली की टीम

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ 3' की विनिंग टीम सामने आ चुकी है। अली गोनी, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, समर्थ जुरेल, जन्नत जुबैर और अभिषेक कुमार की टीम 'कांटा' ने इस शो की ट्रॉफी अपने नाम की है। कलर्स चैनल के इंस्टाग्राम पेज पर विनर्स की घोषणा की गई है। कृष्णा अभिषेक की टीम 'कांटा' की टक्कर एल्विश यादव की टीम 'छोरी' से हुई। दोनों टीमों ने अच्छा परफॉर्म किया, बढ़िया खाना बनाया। लेकिन आखिर में विजेता कृष्णा अभिषेक की टीम बनी। इस शो में कॉमेडियन भारती सिंह बतौर होस्ट नजर आती हैं। 'लाफ्टर शेफ' के पहले के दो सीजन भी काफी पॉपुलर रहे हैं। इस शो की थीम दर्शकों को पसंद आती है। प्रतियोगी या कुछ टीम बनाकर टीवी सेलेब्स कुकिंग करते हैं। इस दौरान हंसी-मजाक का खूब तड़का लगता है। इस तरह यह शो काफी मनोरंजन से भरपूर होता है। यह शो इसी वजह से टीआरपी लिस्ट में भी जगह बनाने में कई बार कामयाब हुआ है।

## 'द 50' में मनीषा और रजत की हुई एंट्री

**नई दिल्ली।** जल्द ही टीवी पर एक नया रियलिटी शो 'द 50' आने वाला है। इस शो का हिस्सा सेलिब्रिटी कपल युविका चौधरी और प्रिंस नरुला बन रहे हैं। हाल ही में इंफ्लुएंसर मनीषा रानी और रजत दलाल की एंट्री भी इस शो में हुई है। दोनों ने अपना गेम प्लान बताया है। धीरे-धीरे 'द 50' रियलिटी शो के प्रतियोगियों के नाम सामने आ रहे हैं। हाल ही में एक प्रेस मीट के दौरान रजत दलाल और मनीषा रानी से शो के बारे में बात की। मनीषा रानी ने कहा, 'हम जहां खड़े हो जाते हैं, लाइन वहीं से शुरू होती है।' वह इस रियलिटी शो को लेकर काफी एक्साइटेड दिख रही हैं। वहीं रजत दलाल ने भी कहा कि वह शो में फरमाइश नहीं करने जा रहे हैं, वह गेम खेलने जा रहे हैं। इस तरह यह दोनों ही प्रतियोगी 'द 50' रियलिटी शो को खेलने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। रजत दलाल और मनीषा रानी के अलावा फिल्म एक्ट्रेस युविका चौधरी भी 'द 50' की प्रेस मीट में नजर आईं। वह कई साल बाद किसी रियलिटी शो का हिस्सा बन रही हैं।



## 'आशिकों की कॉलोनी' में थिरकते नजर आए शाहिद, दिशा ने लगाई आग

**मुंबई।** शाहिद कपूर की अपकमिंग फिल्म ओ रोमियो इन दिनों चर्चा में है। मंगलवार को इस फिल्म का नया गाना 'आशिकों की कॉलोनी' रिलीज हुआ। इस गाने में शाहिद कपूर और दिशा पाटनी का अंदाज पर फैंस फिदा हो गए। विशाल भारद्वाज की अपकमिंग फिल्म 'ओ रोमियो' 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। इस फिल्म का ट्रेलर जब से रिलीज हुआ है, तब से सोशल मीडिया पर 'ओ रोमियो' चर्चा का विषय है। अब इस फिल्म का नया गाना भी ट्रेंड कर रहा है। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने में दिशा पाटनी ने आइटम डांस किया है। साथ ही शाहिद कपूर भी अपनी डांसिंग स्किल दिखाते नजर आ रहे हैं। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने में दिशा पाटनी के साथ शाहिद कपूर गजब का डांस कर रहे हैं। गाने में एक जगह वह माइकल जैक्सन की पॉपुलर डांस स्टेप 'मून वॉक' को करते नजर आए। डांस करते हुए शाहिद कपूर की एनर्जी देखने लायक है। इस गाने के संगीतकार विशाल भारद्वाज हैं। गीतकार गुलजार ने इस गाने को लिखा है। गाने में मधुबंती बागची और जावेद अली की आवाज है। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने के म्यूजिक अरेंजर और प्रोड्यूसर मेघदीप बोस हैं।



'ओ रोमियो' का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी, अविनाश तिवारी और फरीदा जलाल जैसे एक्टर्स अहम किरदारों में नजर आएंगे।

## बैटल ऑफ गलवान के सेट पर लौटे सलमान

*सलमान खान की अपकमिंग वॉर फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का टीजर पिछले साल उनके जन्मदिन, 27 दिसंबर को जारी किया गया था। इसी के साथ फिल्म की रिलीज डेट को लेकर भी अनाउंसमेंट किया गया। दिसंबर में फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई थी। खबरों के मुताबिक सलमान अब एक एक्स्ट्रा शूटिंग के लिए सेट पर लौट आए हैं।*

**मुंबई।** सलमान खान, निर्देशक अपूर्व लखिया और पूरी टीम फिल्म के लिए अब पैचवर्क के काम में जुट रहे हैं। इसके अलावा वे कुछ नए सीन भी जोड़ रहे हैं, जिनमें से कुछ में एक्शन सीन भी शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये 15 दिनों का शेड्यूल है और पैचवर्क पहले से ही तय था। खबर है कि एडिशनल शूटिंग इसलिए हुई, क्योंकि फिल्म के मेकर्स और सलमान को लगा कि ये सीन कहानी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इनसे फिल्म का प्रभाव बढ़ेगा। सलमान कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि 'बैटल ऑफ गलवान' दर्शकों के लिए एक शानदार अनुभव साबित हो। इसी के चलते उन्होंने एडिशनल शूटिंग के लिए सहमति दी।

फिल्ममेकर्स को पूरा भरोसा है कि फिल्म 17 अप्रैल को तय रिलीज डेट से काफी पहले तैयार हो जाएगी। वहीं, फिल्म का पहला गाना 'मातृभूमि' हाल ही में 24 जनवरी को रिलीज हुआ था। इस फिल्म में लीड रोल में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह लीड रोल में हैं। फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' कर्नल बिक्कुमल्ला संतोष बाबू की कहानी है और इस भूमिका को पर्दे पर जीते दिखेंगे सलमान खान। 15 जून, 2020 के तनावपूर्ण बैकग्राउंड पर बेस्ड ये फिल्म 'कोविड-19' महामारी के दौरान गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुए वीर संघर्ष की कहानी बयां करती है।



### आलीशान बंगला, लग्जरी गाड़ियां सब बिक गईं

# भारत भूषण को जुनून ने बनाया राजा से रंक!

*नई दिल्ली। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री चमक-दमक की दुनिया है। इसने किसी को रंक से राजा बनाया तो कभी राजा बनाकर सबकुछ छीन भी लिया। एक ऐसे ही एक्टर थे भारत भूषण। जो अपने पिता की मर्जी के खिलाफ एक्टर बने। 10 साल के संघर्ष के बाद स्टारडम मिला। जब पैसा, शोहरत सब मिल गया तो एक फैसले ने उन्हें वापस फर्श पर लाकर पटक दिया। आप शायद ही जानते होंगे कि 'आशीर्वाद' बंगला इन्हीं का था, जिसे राजेंद्र कुमार और राजेश खन्ना दोनों ने खरीदा था। और ये बंगाल शापित माना जाता है। कहते हैं कि जैसे ही ये तीनों स्टार्स इस घर में आए, इनका बुरा समय शुरू हो गया। भारत भूषणगुप्ता। जिन्हें भारत भूषण के नाम से जाना गया। 14 जून 1920 में मेरठ, उत्तर प्रदेश में उनका जन्म हुआ, लेकिन परवरिश अलीगढ़ में हुई। उनके पिता रायबहादुर मोतीलाल मेरठ के सरकारी वकील और इलाहाबाद में सुप्रीम कोर्ट के जज थे। भारत का एक बड़ा भाई भी था। जब वो दो साल के थे, तब मां का निधन हो गया। इसके बाद वो अपने नाना के पास अलीगढ़ चले गए थे। वहीं पर ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई की।*



### एक्टिंग के खिलाफ थे भारत के पिता

भारत के बड़े भाई फिल्म प्रोड्यूसर और हाई कोर्ट जज रमेश चंद्र गुप्ता थे, जिनका लखनऊ में आइडियल स्टूडियो था। पढ़ाई के बाद उन्होंने पिता की मर्जी के खिलाफ जाकर एक्टिंग शुरू की। सिनेमा में काम करने के लिए पहले वो कोलकाता गए। बाद में मुंबई का रुख किया।

### डेब्यू मूवी

भारत भूषण ने 1941 में सुपरहिट फिल्म 'चित्रलेखा' में छोटा सा किरदार निभाकर अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। पर केदार शर्मा की सुपरहिट फिल्म में काम करने के बावजूद उनका कॅरियर आगे नहीं बढ़ पाया। वो उनकी एक और फिल्म 'सुहाग रात' में भी नजर आए थे। पर उनकी बाकी फिल्में कमर्शियली अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाईं।

### 11 साल बाद मिला स्टारडम

साल 1952। विजय भट्ट की 'बैजू बावरा' में वो लीड रोल में नजर आए। फिल्म ब्लॉकबस्टर रही और भारत भूषण भरोसेमंद स्टार बन गए। इसी साल 'मां' और 'आनंद मठ' जैसी सफल फिल्मों में उनके स्टारडम को मजबूत कर दिया। 1953 में 'लड़की' के साथ एक और ब्लॉकबस्टर दी। ये उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फइल्म थी, जिसमें वैजयंतीमाला, किशोर कुमार और अंजलि देवी थीं।

### 10 साल में 35 फिल्में

1941 में चित्रलेखा फिल्म से शुरुआत की। 1942 से 1950 तक भक्त कबीर, भाईचारा, सुहाग रात, उधार, भाई बहन जैसी फिल्मों में नजर आए। 1951 से 1960 तक, 10 साल में 35 फिल्में कीं, जिनमें बैजू बावरा, मां, आनंद मठ, लड़की, कवि, मिर्जा गालिब, अमानत, कल हमारा है, घूंघट, बरसात की रात जैसी फिल्में शामिल हैं।

### प्रोड्यूसर भी बने

1961 में कोई फिल्म नहीं रिलीज हुई। 1962 से 1980 तक 19 फिल्मों में नजर आएं। अब तक वो स्क्रिप्ट भी लिखने लगे थे और प्रोड्यूसर भी बन गए थे। 1991 में 'सौ करोड़' में उन्होंने पिता का रोल निभाया था, वो भी कैमियो में। उनकी मौत के बाद 1992 और 1993 में हमशक्ल और आखिरी चेतावनी रिलीज हुई थी।

### बेचना पड़ा आशीर्वाद बंगला

भारत भूषण का बॉम्बे के बांद्रा इलाके में एक बंगला था। इसका नाम 'आशीर्वाद बंगला' था। कहते हैं कि भाई के कहने पर भारत भूषण ने जब प्रोडक्शन की दुनिया में कदम रखा तो उन्हें बहुत नुकसान हुआ। उनकी सिर्फ दो फिल्में सफल रहीं, बाकी फ्लॉप हो गईं। उन्हें अपना बंगला बेचना पड़ा। इसे उन्होंने राजेंद्र कुमार को बेचा। बाद में राजेंद्र कुमार ने राजेश खन्ना को बेचा था। इस तरह से ये बंगला 3 फेमस फिल्म स्टार्स का घर रहा।

### रामायण में बने तुलसीदास

*भारत भूषण को रामानंद सागर की 'रामायण' में भी देखा गया था। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास का किरदार निभाया था।*

### मेरठ में हुई थी शादी

*पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने मेरठ के जाने-माने परिवार और जमींदार की बेटी सरला से शादी की थी। उनकी दो बेटियां थीं- अनुराधा और अपराजिता। अनुराधा को पोलियों से जुड़ी दिक्कतें थीं। भारत की पत्नी सरला की 1960 में दूसरे बच्चे को जन्म देते वक्त लेबर कॉम्प्लिकेशन के कारण मौत हो गई।*

### दूसरी शादी

*इसके बाद 1967 में भारत भूषण ने दूसरी शादी की। उन्होंने एक्ट्रेस रत्ना से ब्याह रचाया, जो 'बरसात' में उनकी को-स्टार थीं। भारत की बेटी अपराजिता ने भी फिल्मों में काम किया। पति की अचानक मौत के बाद उन्होंने एक्टिंग में कदम रखा था। वो रामायण में मंदोदरी बनी थीं।*

### स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य की 16वीं पुण्यतिथि खांडा खेड़ी के भारत मित्र स्तंभ के प्रांगण में श्रद्धापूर्वक मनाई

# चौधरी मित्रसेन आर्य की याद में 350 प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

वैदिक पथ के पथिक स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य की 16वीं पुण्यतिथि गांव खांडा खेड़ी के भारत मित्र स्तंभ के प्रांगण में मनाई गई। परम मित्र मानव निर्माण संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में परिवार सहित अन्य लोगों ने समाधि स्थल पर जाकर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद भारत मित्र स्तंभ में सिंधु परिवार सहित सैकड़ों लोगों ने हवन में आहुति डाली। इंडस स्कूल की छात्राओं ने वैदिक भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में लगभग 350 प्रतिभावान विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा भारत जानो प्रतियोगिता के करीब 30 विजेता छात्रों को भी सम्मानित किया गया।

*वर्ष 2010 में चौधरी मित्र सेन आर्य ने प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करने की परंपरा शुरू की थी, अब परिवार उसे बढ़ा रहा आगे : कैप्टन रूद्र सेन*



**नारनौंद।** हवन में आहुति डालते परम मित्र मानव निर्माण संस्थान के अध्यक्ष कैप्टन रूद्र सेन व सिंधु परिवार के सदस्य।

### सामाजिक गुणों का भी पाठ पढ़ाएं शिक्षक

परम मित्र मानव निर्माण संस्थान के अध्यक्ष कैप्टन रूद्र सेन सिंधु ने इस अवसर पर कहा कि वर्ष 2010 में हमारे पूज्य पिताजी स्व. चौधरी मित्र सेन आर्य ने प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करने की परंपरा शुरू की थी और आज पूरा परिवार इसको आगे बढ़ाने में लगा है। इस क्षेत्र के जो विद्यार्थी 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त करते हैं, उनको प्रमाण पत्र, मेडल और नगद राशि देकर सम्मानित किया जाता है ताकि अन्य विद्यार्थियों में भी प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा हो। उन्होंने अध्यापकों से अनुरोध किया कि वे विद्यार्थियों को शिक्षा के अलावा सामाजिक गुणों का पाठ पढ़ाने का भी काम करें। उन्हें साफ-सफाई और स्वच्छता के बारे में भी जागरूक किया जाए।

### हवन में यह रहे उपस्थित

हवन व सम्मान कार्यक्रम के अवसर पर वीर सेन सिंधु, हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष कैप्टन सत्यपाल, व्रतपाल सिंधु, देव सुमन, राज्य सूचना आयुक्त डॉ. कुलबीर छिक्कारा, कुलबीर सुरजेवाला, सुभाष श्योराण, जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, मार्केट कमेटी चेयरमैन शमशेर मोर, चेयरमैन मास्टर उदय सिंह लोहान, अजय सिंधु, पार्षद सुनील बैरागी, जिला पार्षद संजय खरब, चेयरमैन रविंद्र रॉकी, मंडल प्रधान कर्णपाल पेटवाड़, महावीर श्योराण, सोनू सैनी, रमेश सांगवान व अंग्रेजों समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



नारनौंद। कार्यक्रम में आए होनहार विद्यार्थियों से मिलते कैप्टन अभिमन्यु।

### हिंदी सत्याग्रह में काटी थी जेल : कैप्टन अभिमन्यु

प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि स्व. चौधरी मित्र सेन आर्य ने जो कार्य शुरू किए थे, उन्हीं कामों को एक लक्ष्य लेकर आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उनकी पुण्यतिथि पर वैदिक रीति से हवन यज्ञ करके उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसी दिन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जाती है। कैप्टन रुद्रसेन के नेतृत्व में देश भर में नए गुरुकुलों का निर्माण और उनमें सहयोग किया जा रहा है। इसके अलावा सामाजिक कार्यों में भी सहयोग दिया जा रहा है। चौधरी मित्र सेन आर्य कुछ संकल्प लेकर कार्य करते रहे। वे हरियाणा के निर्माण के लिए हिंदी सत्याग्रह के दौरान चार महीने तक जेल में रहे थे। गोरक्षा आंदोलन के दौरान भी जेल गए। जब कारगिल का युद्ध हुआ था तो प्रत्येक बलिदानी के घर जाकर उनके स्वजनों को एक लाख रुपये की राशि देने का काम किया था।

### रेलवे का अधिकारी बताकर अंबिकापुर की दो और कांसाबेल की एक लड़की से लव जिहाद का आरोप


# फेसबुक आईडी से हिन्दू लड़कियों को निशाना बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में लव जिहाद का एक मामला सामने आया है, जिसमें बिहार के पटना निवासी मोहम्मद महफूज को गिरफ्तार किया गया है। महफूज ने खुद को हिंदू बताकर फेसबुक पर 'तरुण पैकरा' नाम से फर्जी आईडी बनाई और लड़कियों को फंसाकर उनका शारीरिक शोषण किया। उसने एक युवती से पैसों की ठगी भी की और खुद को बिलासपुर रेलवे में पोस्टेड अधिकारी बताया, जबकि वह पटना में एक कपड़े की दुकान में काम करता था।

जांच में पता चला है कि आरोपी ने सरगुजा क्षेत्र की 3 लड़कियों को फंसाकर उनका शोषण किया।

जानकारी के अनुसार, बिहार के पटना निवासी मोहम्मद महफूज ने फेसबुक पर 'तरुण पैकरा' नाम से फर्जी आईडी बनाई थी। उसने पैकरा सरनेम वाली लड़कियों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। इसके जरिए उसने अंबिकापुर की 2 लड़कियों और जशपुर के कांसाबेल की एक लड़की को अपना नाम 'स्वराज पैकरा' बताकर शादी और नौकरी का झांसा दिया था।




### धोखाधड़ी का पता चलने पर पुलिस दर्ज कराया मामला

धोखाधड़ी का पता चलने पर युवती ने पुलिस में मामला दर्ज कराया। उसने अपनी सहेलियों को बुलाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मोहम्मद महफूज को गिरफ्तार कर लिया। युवती की शिकायत पर गांधीनगर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। युवती ने बताया कि 17 जनवरी को उसने एक और लड़की को उसी होटल में रखा था, जहां उसे रखा गया था। युवक अपने फेसबुक आईडी से हिंदू लड़कियों को टारगेट कर मैसेज भेजता था। महफूज पटना में किसी कपड़े की दुकान में काम करता है। रात को वह लड़कियों से सोशल मीडिया पर संपर्क करता, खुद को बिलासपुर में रेलवे का अधिकारी बताता था। फिर उन्हें शादी का झांसा देता था। पुलिस ने युवक का मोबाइल जब्त कर जांच की, जिसमें पता चला कि उसने अंबिकापुर की 2 और लड़कियों को भी झांसे में लिया था। एक युवती से उसने 54 हजार रुपए की ठगी की, जो माइक्रो फाइनेंस कंपनी में काम करती है। मामले की खबर फैलने पर हिंदू संगठनों के लोग थाने पहुंचे और युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

### *पटना में कपड़े की दुकान पर करता था काम*

*आरोपी खुद को बिलासपुर रेलवे में पोस्टेड बताता था, जबकि वह पटना में एक कपड़े की दुकान में काम करता है। यह मामला गांधीनगर थाना क्षेत्र का है। अंबिकापुर में एक युवती ने युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मोहम्मद महफूज अंबिकापुर पहुंचा और कांसाबेल क्षेत्र की आदिवासी युवती को फोन कर मिलने बुलाया। उसने अंबिकापुर में होटल बुक किया और वहां 'स्वराज पैकरा' नाम से फर्जी आईडी जमा कराई। वह युवती के साथ होटल के कमरे में 2 दिन रुका। युवती ने युवक का मोबाइल चेक किया तो पता चला कि उसके फेसबुक आईडी से कई हिंदू लड़कियों को मैसेज भेजे गए थे। जब युवक उसे होटल में छोड़कर अंबिकापुर शहर घूमने निकला, तो युवती ने उसका बैग चेक किया। युवती को उसमें युवक का असली आधार कार्ड मिला। आधार कार्ड में उसका असली नाम देखकर युवती हैरान रह गई।*



## जिला सैनानी अनुज एक्का को कोरबा से हटाया, योग्यता को सौंपा अतिरिक्त प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

बर्खास्तगी से आहत नगर सेना के एक जवान द्वारा आत्महत्या की कोशिश के मामले में प्रशासन ने कार्रवाई की है। इस घटना के विरोध में नगर सेना के जवान न्याय की मांग को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए, जिला सेनानी अनुज एक्का को कोरबा से हटा दिया गया है। उनकी जगह जांजगीर जिला सेनानी योग्यता साहू को कोरबा जिले के नगर सेना प्रभारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जहर पीकर आत्महत्या का प्रयास घटना की जानकारी के अनुसार, नगर सेना के पीड़ित जवान संतोष पटेल ने कलेक्टर परिसर में जहर पीकर आत्महत्या का प्रयास किया था। उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल कोरबा से रायपुर रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है। बताया जा रहा है कि संतोष पटेल ने जहर सेवन से पहले एक सुसाइड नोट भी लिखा था, जिसमें उन्होंने डिविजनल कमांडेंट और कोरबा कमांडेंट पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। जवान का आरोप है कि अधिकारियों द्वारा लगातार दबाव और प्रताड़ना के चलते उन्हें यह कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा। नगर सेना कार्यालय परिसर में हाथों में तख्तियां लिए प्रदर्शन कर रहे नगर सेना के जवान पीड़ित संतोष पटेल की तत्काल बहाली, जिला सेनानी के तबादले और दोषी अधिकारी जिला सेनानी अनुज एक्का के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक संतोष पटेल को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों ने यह भी याद दिलाया कि कुछ दिन पहले ही जिला सेनानी के खिलाफ महिला सैनिकों ने भी प्रताड़ना के संबंध में आंदोलन किया था, जिससे विभाग के भीतर असंतोष की स्थिति पहले से ही बनी हुई है।

### *केंद्रीय कृषि मंत्री ने राजनांदगाव जिले के डोंगरगढ़ का किया एक दिवसीय दौरा*

# जैनाचार्य विद्यासागर समाधि मेमोरियल फेस्टिवल में शिवराज ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ का एक दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रतिभा स्थली स्कूल परिसर में आयोजित अखिल भारतीय विश्व गुरु जैनाचार्य विद्यासागर समाधि मेमोरियल फेस्टिवल में शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए और मां बम्लेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

■ छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित

### आचार्य के उपदेशों को आत्मसात करने का किया आग्रह

पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आचार्य विद्यासागर महाराज को नमन किया। उन्होंने कहा कि आचार्यश्री आज भी हमारे बीच विश्वास, करुणा और आशीर्वाद के रूप में मौजूद हैं। मंत्री ने आचार्यश्री के स्वदेशी अपनाने, मातृभाषा में शिक्षा और गौ सेवा, जीव दया, आत्मनिर्भरता जैसे उपदेशों को आत्मसात करने का आग्रह किया। शिवराज सिंह चौहान ने मनरेगा में व्याप्त कमियों को रेखांकित करते हुए कहा कि इसके स्थान पर अब विकसित भारत जी राम जी योजना लागू की गई है। इस नई योजना के तहत 100 दिन के बजाय 125 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए विशाल धनराशि का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य गांवों में स्थायी विकास कार्य करवाना है।



ग्राम पंचायतें और ग्राम सभाएं तय करेंगी कि ग्राम में क्या विकास कार्य होने हैं, जैसे ग्राम पंचायत भवन या स्कूल का निर्माण। इससे विकसित भारत के साथ-साथ विकसित गांव का निर्माण भी संभव होगा। इस योजना में कई अन्य प्रावधान भी शामिल किए गए हैं।

## गणतंत्र दिवस देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां दीं



नई दिल्ली। गुरुग्राम के ब्लॉक फरुखनगर स्थित गवर्नमेंट सीनियर मॉडल संस्कृति स्कूल, फरुखनगर में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गवर्नमेंट मिडिल स्कूल मुबारकपुर के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत जीवन कौशल (लाइफ स्किल्स) पर आधारित नाटक रहा, जिसमें 17 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने जीवन कौशल के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिसकी सभी अतिथियों ने सराहना की। इस अवसर पर शिक्षा विभाग गुरुग्राम एवं मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा विद्यालय द्वारा उपहार भी प्रदान किए गए।

### प्राचार्य के खिलाफ छात्र लामबंद धरना-प्रदर्शन कर सड़क की जाम

**रायगढ़।** जिले में मंगलवार की सुबह शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय के छात्रों ने विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ सड़क पर उतरकर चक्काजाम किया। छात्रों की नारेबाजी के कारण रायगढ़-ओडिशा मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इस चक्काजाम से मार्ग पर लगभग दो घंटे तक आवागमन बाधित रहा।

रायगढ़ एसडीएम महेश शर्मा द्वारा छात्रों को समझाने-बुझाने के बाद आंदोलन समाप्त हुआ, जिससे यातायात सामान्य हो सका।फर्जी तरीके से छात्रों से हस्ताक्षर कराने का आरोप

सूत्रों के अनुसार, जूटमिल क्षेत्र में स्थित आदिम जाति विकास विभाग द्वारा संचालित इस विद्यालय के छात्रों ने नए प्राचार्य को हटाने की मांग को लेकर यह आंदोलन शुरू किया था।

### सिन्हा ने अपने पुत्र से वचन लिया था कि यह बात सार्वजनिक न की जाए, संविधान-जबलपुर के बीच जुड़ा है न्यायिक संबंध

# जबलपुर के कलाकार ब्यौहार राममनोहर सिन्हा ने किया था संविधान के मुख्य मुखपृष्ठ का अलंकरण

अनुरोध पटेरिया ▶▶ जबलपुर

**गणतंत्र दिवस पर विशेष**

हर वर्ष 26 जनवरी को देश गणतंत्र दिवस मनाता है, क्योंकि इसी दिन 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ था। इस संविधान को तैयार करने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन का समय लगा। डॉ. भीमराव अंबेडकर इसके प्रमुख शिल्पकार थे, लेकिन यह संविधान केवल शब्दों की रचना नहीं था, बल्कि इसे कला के माध्यम से भी जीवंत किया गया। भारत का संविधान केवल कानून की किताब नहीं है, बल्कि यह संघर्ष, कला, विचार और आत्मसम्मान का जीवंत दस्तावेज़ है और इस ऐतिहासिक दस्तावेज़ के सौंदर्य में मध्य प्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर का योगदान स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। भारत के संविधान के मुख्य मुखपृष्ठ का अलंकरण जबलपुर के कलाकार ब्यौहार राममनोहर सिन्हा ने किया था। संविधान के कलात्मक रूप की ज़िम्मेदारी विश्वविख्यात कलाकार नंदलाल बोस को सौंपी गई थी, जो उस समय शांतिनिकेतन में कार्यरत थे। नंदलाल बोस ने इस कार्य के लिए अपने सबसे प्रतिभाशाली शिष्य ब्यौहार राममनोहर सिन्हा को चुना। राममनोहर सिन्हा ने संविधान के पहले पृष्ठ को ऐसा स्वरूप दिया, जिसमें भारत की संस्कृति, परंपरा, विविधता और राष्ट्रीय चेतना झलकती है। उन्होंने इसमें दिन-रात

### संविधान और जबलपुर इतिहास में दर्ज एक गौरवपूर्ण अध्याय

### 26 जनवरी के बाद भी चलता रहा काम

संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हो गया था, लेकिन उसका कलात्मक अलंकरण मई 1950 तक पूरा हुआ। यानी गणतंत्र बन जाने के बाद भी संविधान को सजाने-संवारने का







**ठाकुर चेदीलाल बैरिस्टर**

जबलपुर से जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ता ठाकुर चेदीलाल बैरिस्टर संविधान सभा के सदस्य थे। उन्होंने संविधान सभा में मौलिक अधिकार, संघीय ढांचा, सामाजिक न्याय, जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण विचार रखे। संविधान को प्रेम बिहारी नारायण रायज़ादा ने हाथ से लिखा। मूल प्रति संसद भवन में हीलियम गैस से भरे बॉक्स में सुरक्षित है। 26 जनवरी इसलिए चुनी गई, क्योंकि 26 जनवरी 1930 को पूर्ण स्वराज की घोषणा हुई थी।

**इरविन स्टेडियम में हुई थी पहली गणतंत्र दिवस परेड**

पहली गणतंत्र दिवस परेड इरविन स्टेडियम में हुई थी। तिरंगा 1947 वाला ही 1950 में भी रखा गया। 1952 में राजा जॉर्ज की मृत्यु के कारण औपचारिक समारोह नहीं हुआ। बीटिंग रिट्रीट की परंपरा ब्रिटिश दौर से आई, जिसे भारतीय धुनों से अपनाया गया।

एडीएम जबलपुर केस (1976)

### संविधान और जबलपुर न्यायिक योगदान

संविधान और जबलपुर का सबसे ऐतिहासिक न्यायिक संबंध जुड़ा है। एडीएम जबलपुर बनाम शिवकांत शुक्ल केस से, जिसे हैबियस कॉर्पस केस कहा जाता है। आपातकाल के दौरान जब नागरिकों की स्वतंत्रता छीनी गई, तब जबलपुर हाईकोर्ट ने साहसिक निर्णय देते हुए कहा था। आपातकाल में भी व्यक्ति के जीवन और स्वतंत्रता को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इसे पलट दिया था, लेकिन 2017 में स्वयं सुप्रीम कोर्ट ने माना कि जबलपुर हाईकोर्ट का फैसला नैतिक रूप से सही था।

### *बिना नाम के योगदान*

*सबसे प्रेरणादायक बात यह है कि राममनोहर सिन्हा ने जीवन भर कभी यह प्रचार नहीं किया कि संविधान का मुख्य पृष्ठ उन्होंने बनाया है। उन्होंने अपने बेटे से भी वचन लिया था कि यह बात सार्वजनिक न की जाए। वर्ष 2007 में उनके निधन के बाद यह तथ्य सामने आया। जब उन्होंने यह पृष्ठ अपने गुरु नंदलाल बोस को दिखाया, तो बोस ने कहा कला तो अद्भुत है, लेकिन कलाकार का हस्ताक्षर नहीं है। सिन्हा ने उत्तर दिया यह मेरे लिए कला नहीं, देश के लिए योगदान है। नाम जरूरी नहीं। लेकिन गुरु के आग्रह पर उन्होंने बेहद अनोखे ढंग से राम शब्द को डिजाइन में ही छिपाकर दाहिने निचले कोने में हस्ताक्षर कर दिए।*

## चिंतन

# वैश्विक व्यापार राजनीति में भारत की बड़ी आर्थिक जीत

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का संपन्न होना भारत की आर्थिक कूटनीति की बड़ी सफलता है। यह समझौता करीब 18 वर्षों की लंबी, जटिल और कई बार की ठहरी हुई बातचीत के बाद हुआ है। यह केवल आयात-निर्यात बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत को वैश्विक मूल्य शृंखलाओं में एक भरोसेमंद, दीर्घकालिक साझेदार के रूप में स्थापित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। यह समझौता ऐसे समय में सामने आया है, जब वैश्विक व्यापार व्यवस्था अस्थिरता, टैरिफ युद्ध और संरक्षणवादी नीतियों से जूझ रही है। अमेरिका सहित कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं द्वारा लगाए जा रहे शुल्कों के बीच भारत और ईयू का यह करार खुले, नियम-आधारित और भरोसेमंद वैश्विक व्यापार का मजबूत संदेश देता है। भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, जबकि यूरोपीय संघ दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है। दोनों मिलकर वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 25 प्रतिशत, विश्व व्यापार का एक-तिहाई और दुनिया की करीब 30 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसे में यह एफटीए स्वाभाविक रूप से दुनिया के सबसे बड़े द्विपक्षीय व्यापार समझौतों में गिना जा रहा है। इससे भारत के श्रम-प्रधान और निर्यात-उन्मुख क्षेत्रों को सबसे अधिक लाभ मिलने की संभावना है। कपड़ा, चमड़ा, जूते, ज्वेलरी, ऑटो पार्ट्स और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों पर यूरोपीय संघ में लगने वाली ड्यूटी कम या समाप्त होने से भारतीय उत्पाद यूरोपीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे। इससे भारत का निर्यात बढ़ेगा, औद्योगिक उत्पादन को गति मिलेगी और देश में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा। साथ ही, आईटी और सेवा क्षेत्र को भी यूरोप में बेहतर बाजार पहुंच मिलने से भारत की सेवा अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी। इससे 'मेक इन इंडिया', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत 2047' जैसे दीर्घकालिक लक्ष्यों को ठोस आधार मिलेगा और भारत वैश्विक मूल्य शृंखलाओं में एक भरोसेमंद केंद्र के रूप में उभरेगा। इसका गहरा रणनीतिक और भू-राजनीतिक महत्व भी है। यूरोपीय संघ को भारत जैसा विशाल, युवा और तेजी से बढ़ता बाजार चाहिए, वहीं भारत को एक नियम-आधारित, तकनीकी रूप से उन्नत और राजनीतिक रूप से स्थिर साझेदार की आवश्यकता है। भारत ने डेयरी, अनाज, कृषि, फार्मिंग और पोल्ट्री जैसे क्षेत्रों को इससे बाहर रखकर अपने किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हितों की रक्षा भी की है। वहीं, ईयू की लग्जरी कारों पर टैरिफ 110 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत और प्रीमियम शराब पर 150 प्रतिशत से 20 प्रतिशत होना भारतीय उपभोक्ताओं के लिए राहत लेकर आएगा, हालांकि इससे घरेलू उद्योगों पर प्रतिस्पर्धात्मक दबाव बढ़ेगा। इस एफटीए के 2027 में लागू होने की संभावना है, लेकिन असली चुनौती इसके प्रभावी और संतुलित क्रियान्वयन की होगी। गैर-शुल्क बाधाएं, यूरोपीय मानकों की कठोरता और छोटे व मध्यम उद्योगों की सीमित क्षमता जैसी चुनौतियां सामने आ सकती हैं। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस समझौते का लाभ केवल बड़ी कंपनियों तक सीमित न रहे, बल्कि एमएसएमई, स्टार्टअप्स और श्रमिक वर्ग भी इससे समान रूप से लाभान्वित हों। यदि इसे दूरदर्शिता, संतुलन और समावेशी नीतियों के साथ लागू किया गया, तो यह निस्संदेह भारत की विकास यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा।



भारत-ईयू एफटीए
विवेक शुक्ला

# वैश्विक चुनौतियों से निपटने की कवायद

> भारत और यूरोपीय संघ के बीच यह समझौता केवल एक व्यापारिक करार नहीं है, बल्कि वैश्विक आर्थिक और कूटनीतिक क्षेत्र में एक मील का पत्थर है, जिसे कई बार रोक-टोक और बहस के बाद आज निर्णायक रूप से अंतिम रूप दिया गया है। आने वाले वर्षों में यह समझौता भारत और यूरोपीय देशों के संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। यदि इसे संतुलित और दूरदर्शी तरीके से लागू किया गया, तो यह न केवल दोनों पक्षों के लिए लाभकारी होगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी एक सकारात्मक मॉडल प्रस्तुत करेगा। शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और सांस्कृतिक आदान–प्रदान के क्षेत्र में भी इसके सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकते हैं।

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मंगलवार को एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता हुआ है, जिसे दोनों पक्षों ने 'मदर ऑफ ऑल डील्स' (सबसे बड़ी डील) के रूप में वर्णित किया है। यह समझौता लगभग 18 वर्षों से चली आ रही बातचीत का परिणाम है और इसे दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार, निवेश, रणनीतिक सहयोग और वैश्विक अर्थव्यवस्था में गहरे बदलाव लाने वाला एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच यह समझौता केवल एक व्यापारिक करार नहीं है, बल्कि वैश्विक आर्थिक और कूटनीतिक क्षेत्र में एक मील का पत्थर है, जिसे कई बार रोक-टोक और बहस के बाद आज निर्णायक रूप से अंतिम रूप दिया गया है। इसे वैश्विक चुनौतियों से निपटने की कवायद कहना अधिक तर्कसंगत होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे भारत के इतिहास का सबसे बड़ा फ्री ट्रेड एग्रीमेंट बताया है, जो आर्थिक समृद्धि, निवेश और साझेदारी की नई दिशा देगा। इस समझौते के तहत दोनों पक्षों ने ज्यादातर वस्तुओं पर शुल्कों को कम या समाप्त करने का निर्णय लिया है, लगभग 96.6% उत्पादों पर शुल्क समाप्त या कम किया जाएगा। भारतीय बाजार में यूरोपीय कारों पर शुल्क 110% से घटाकर 10% तक लाया जाएगा।

शराब पर शुल्क में भारी कटौती होगी, जिससे ये वस्तुएं भारत में सस्ती होंगी। भारत को अपनी टेक्सटाइल, चमड़ा, रत्न एवं आभूषण, रसायन और इंजीनियरिंग सामान को यूरोपीय बाजार में अधिक आसानी से निर्यात करने का मौका मिलेगा। इस समझौते में केवल व्यापारिक पहलू ही नहीं, बल्कि रणनीतिक और सुरक्षा साझेदारी को भी स्थान दिया गया है, जिसमें समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और रक्षा तकनीक सहयोग शामिल हैं। इससे यूरोपीय कंपनियों को भारत जैसे बड़े और तेजी से बढ़ते हुए बाजार में प्रत्यक्ष और आसान पहुंच। वाहन, मशीनरी, वाइन और मोटर गाड़ियों जैसे उत्पादों को भारतीय बाजार में विस्तृत अवसर मिलेगा। यूरोप को वैश्विक व्यापार में भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी का लाभ। यह समझौता वैश्विक आर्थिक क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव लाएगा, खासकर तब, जब अमेरिका और चीन जैसे बड़े आर्थिक संरचनाएं भी वैश्विक व्यापार नियमों और साझेदारियों में बदलाव ला रहे हैं। विशेष रूप से, अमेरिका द्वारा टैरिफ में वृद्धि और व्यापारिक दबाव के बीच, यह भारत और यूरोप के लिए एक विकल्प और समाधान के रूप में उभर रहा है। इससे विश्वव्यापी व्यापारिक जोखिमों से निपटने में मदद मिलेगी। यद्यपि समझौता आज घोषित हुआ है, इसे लागू होने के लिए अभी कुछ क़ानूनी प्रक्रियाएं और संसद/सम्मेलन की मंजूरी लेनी होगी। कुछ संवेदनशील क्षेत्रों, जैसे कृषि, पर अभी भी बहस जारी रहने की संभावनाएं हैं। विभिन्न उद्योगों को अनुकूल बनाने के लिए समय और नीतिगत समर्थन की आवश्यकता होगी। यह समझौता केवल व्यापार समझौता नहीं, बल्कि भारत और यूरोपीय देशों के बीच गहरे, रणनीतिक, आर्थिक और साझेदारी के नए अध्याय का उद्घाटन है। यह न केवल दोनों अर्थव्यवस्थाओं के लिए, बल्कि वैश्विक आर्थिक स्थिरता, निवेश, तकनीकी सहयोग और बहुपक्षीय व्यापार ढांचे को भी मजबूती देगा। भविष्य में, इसके लाभ भारतीय उद्योगों, उपभोक्ताओं और निवेशकों को मिलने की उम्मीद है, जिससे भारत को वैश्विक व्यापार का एक मजबूत



नेतृत्वकर्ता देश बनने का अवसर मिलेगा। यह समझौता केवल व्यापारिक सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि आर्थिक, रणनीतिक, तकनीकी और वैश्विक साझेदारी के नए आयामों को भी परिभाषित करता है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में, जब विश्व अर्थव्यवस्था अनेक चुनौतियों से गुजर रही है, भारत-यूरोप समझौता स्थिरता, विकास और सहयोग का एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है। भारत और यूरोपीय देशों के बीच सहयोग का इतिहास कई दशकों पुराना है। यूरोपीय संघ भारत का एक प्रमुख व्यापारिक और निवेश साझेदार रहा है। हालांकि, व्यापक स्तर पर एक औपचारिक और संतुलित समझौते को अंतिम रूप देने में काफी समय लगा। इसके पीछे दोनों पक्षों के अपने-अपने आर्थिक हित, नीतिगत प्राथमिकताएं और संवेदनशील क्षेत्र रहे हैं। यह समझौता लंबी बातचीत, आपसी विश्वास और बदलती वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप सोच का परिणाम है। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य भारत और यूरोपीय देशों के बीच व्यापार को सरल, पारदर्शी और अधिक लाभकारी बनाना है। इसके अंतर्गत वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार को बढ़ावा देना, निवेश को प्रोत्साहित करना, तकनीकी सहयोग को सशक्त बनाना और रोजगार के नए अवसर सृजित करना शामिल है। साथ ही, यह समझौता दोनों क्षेत्रों को वैश्विक आपूर्ति शृंखला में एक-दूसरे का भरोसेमंद भागीदार बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। समझौते के अंतर्गत दोनों पक्षों ने कई उत्पादों पर आयात-निर्यात शुल्क कम करने या समाप्त करने पर सहमति व्यक्त की है। इससे भारतीय उत्पादों को यूरोपीय बाजारों में अधिक प्रतिस्पर्धी मूल्य पर पहुंचने का अवसर मिलेगा। विशेष रूप से वस्त्र, परिधान, चमड़ा, रत्न एवं आभूषण, कृषि-आधारित उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स और इंजीनियरिंग सामान को इसका लाभ मिलने की संभावना है। दूसरी ओर, यूरोपीय देशों के उच्च गुणवत्ता वाले औद्योगिक उत्पाद, मशीनरी, ऑटोमोबाइल, तकनीकी उपकरण और पर्यावरण अनुकूल वस्तुएं भारतीय बाजार में अधिक सहजता से उपलब्ध होंगी। यह समझौता केवल वस्तुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवाक्षेत्र को भी समान महत्व देता है। सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाएं, अनुसंधान, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेशेवर सेवाओं में सहयोग को प्रोत्साहन मिलेगा। भारतीय आईटी और सेवा कंपनियों को यूरोप में नए अवसर प्राप्त होंगे, जबकि यूरोपीय निवेशकों को भारत के तेजी से बढ़ते सेवा क्षेत्र में निवेश का आकर्षक वातावरण मिलेगा। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए नियमों को सरल और स्पष्ट बनाने पर भी बल दिया गया है। इस समझौते से भारतीय अर्थव्यवस्था को कई स्तरों पर लाभ होने की उम्मीद है।

सबसे पहले, निर्यात में वृद्धि से विदेशी मुद्रा आय बढ़ेगी। दूसरा, घरेलू उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जुड़ने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में सुधार होगा। तीसरा, नए निवेश और परियोजनाओं के माध्यम से रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा, जो भारत जैसे युवा आबादी वाले देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि यह समझौता अनेक अवसर लेकर आया है, लेकिन इसके साथ कुछ चुनौतियां भी जुड़ी हैं। घरेलू उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना एक बड़ी चुनौती होगी। कुछ क्षेत्रों में छोटे और मध्यम उद्यमों को प्रारंभिक दबाव का सामना करना पड़ सकता है। आने वाले वर्षों में यह समझौता भारत और यूरोपीय देशों के संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। यदि इसे संतुलित और दूरदर्शी तरीके से लागू किया गया, तो यह न केवल दोनों पक्षों के लिए लाभकारी होगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी एक सकारात्मक मॉडल प्रस्तुत करेगा। शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और सांस्कृतिक आदान–प्रदान के क्षेत्र में भी इसके सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकते हैं।

*(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

---

यूजीसी बिल
डॉ. घनश्याम बादल



# सामाजिक न्याय या संवैधानिक असंतुलन

हाल में लागू किए गए यूजीसी के नए इक्विटी और शिकायत निवारण संबंधी प्रावधानों ने विश्वविद्यालय परिसरों से निकलकर सड़कों, दफ्तरों और सामाजिक चेतना तक को झकझोर दिया है। एक ओर दलित और पिछड़े वर्ग इन नियमों को लंबे समय से चली आ रही संस्थागत उपेक्षा के विरुद्ध सुरक्षा-कवच मान रहे हैं, तो दूसरी ओर सवर्ण समाज का एक बड़ा हिस्सा इन्हें समानता के सिद्धांत के विरुद्ध और "उल्टे भेदभाव" की ओर ले जाने वाला मान रहा है। इस टकराव ने तब और तीखा रूप ले लिया, जब वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री द्वारा सार्वजनिक असहमति और इस्तीफे और बाद में शासन द्वारा उन्हें निलंबित करके उनकी आवाज को दबाने के प्रयास ने इसे राष्ट्रीय बहस का रूप दे दिया। हालांकि, यहां यह भी उल्लेखनीय है कि क्या एक सरकार के अधीन कार्य कर रहे उच्च अधिकारी को सरकार की नीतियों के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयान देना चाहिए? नियम अनुसार तो यह सरकारी कर्मचारियों के कोड ऑफ कंडक्ट के विरुद्ध ही जाता है और उन्हें निलंबित करने के पीछे सरकार की मंशा भी साफ है कि वह ऐसी हर आवाज को दबा देना चाहती है जो उसके अपने ही अधिकारी द्वारा उठाई जाए। यह विवाद केवल यूजीसी के किसी एक नियम का नहीं है, बल्कि उस संवैधानिक संतुलन का है, जिस पर भारत की सामाजिक संरचना टिकी हुई है। आंकड़े बताते हैं कि उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव, बहिष्कार, सूक्ष्म अपमान और अवसरों की असमानता आज भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। छात्रावास, शोध निर्देशन, मूल्यांकन और यहां तक कि अनौपचारिक अकादमिक नेटवर्क हर जगह असमान शक्ति-संतुलन मौजूद है।

इस पृष्ठभूमि में इक्विटी सेल, विशेष शिकायत समितियां और संरक्षित प्रक्रिया दलित-पिछड़े वर्गों को राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी का निर्वहन प्रतीत होती हैं। संविधान का अनुच्छेद 15(4) और 15(5) राज्य को यह अधिकार देता है कि वह ऐतिहासिक रूप से वंचित समुदायों के लिए विशेष प्रावधान करे। इस वर्ग का तर्क है कि समानता तब तक खोखली है, जब तक असमान सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों को बराबर करने के लिए अतिरिक्त सहारा न दिया जाए। उनके लिए यह बहस "समान अवसर" बनाम "विशेष अवसर" की नहीं, बल्कि सम्मान और सुरक्षा की है। वहीं इस संदर्भ में सवर्ण समाज की चिंता को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता है। इस यूजीसी बिल के आने से उसके मन में आशंका और असुरक्षा की भावना घर कर रही लगती है, लेकिन इस बहस का दूसरा पक्ष भी उतना ही वास्तविक है। सवर्ण समाज का एक बड़ा तबका मानता है कि नए यूजीसी नियमों में शिकायत तंत्र की संरचना ऐसी है, जिसमें पूर्वाग्रह की आशंका निहित है। अस्पष्ट परिभाषाएं, एकतरफा प्रतिनिधित्व और प्रारंभिक जांच के बिना कार्रवाई की संभावना, ये सभी घटक भय का वातावरण पैदा करते हैं। अब यहां जानना होगा कि आखिर इस प्रतिवाद के पीछे असली प्रश्न क्या है? न्याय या असंतुलन? इस पूरे विवाद का प्रश्न यह नहीं है कि सामाजिक न्याय चाहिए या नहीं, इस पर लगभग सर्वसम्मति है। असली प्रश्न यह है कि सामाजिक न्याय को लागू करते समय संवैधानिक संतुलन कैसे बनाए रखा जाए। यह बात हम सबको ध्यान में रखनी होगी कि संविधान न तो प्रतिशोध का दस्तावेज़ है और न ही किसी वर्ग विशेष की स्थायी ढाल। वह सुधारात्मक न्याय की अनुमति तो देता है, लेकिन बदले में नैसर्गिक न्याय, निष्पक्ष प्रक्रिया और समान गरिमा की भी मांग करता है। यह भी जानना श्रेयस्कर होगा कि इस संघर्ष और ऊहापोह के बीच आगे का रास्ता क्या हो। यूजीसी और सरकार के लिए यह समय आत्ममंथन का है, इसलिए आवश्यक है कि शिकायत तंत्र सभी वर्गों के लिए समान रूप से सुलभ और संतुलित हो।

प्रारंभिक जांच, समयबद्ध प्रक्रिया और अपील की स्पष्ट व्यवस्था हो, अकादमिक स्वतंत्रता और वैचारिक बहस को संरक्षित किया जाए, तथा राज्यों, शिक्षकों और छात्रों से व्यापक परामर्श हो। दूसरी कड़वी सच्चाई यह भी है कि राजनीति लगभग हर क्षेत्र में अपना हित ढूंढने लगती हैं। यूजीसी के नए नियमों पर छिड़ी बहस रेखांकित करती है कि संविधान एक जीवंत दस्तावेज़ है, जो संतुलन, विवेक और संवाद से चलता है। सवर्ण, दलित और पिछड़े तीनों की चिंताएं वास्तविक हैं और तीनों की उपेक्षा लोकतंत्र को कमजोर करेगी। आवश्यकता है कि नीति भावना नहीं, बल्कि संवैधानिक विवेक से चलें, क्योंकि अंततः विश्वविद्यालय किसी एक वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे समाज के भविष्य का निर्माण करते हैं।

*(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

---

## शांति से सभी दुखों को खत्म किया जा सकता है



संकलित
**दर्शन**

हम स्वयं शांति के सर्वश्रेष्ठ प्रहरी हैं। हमें कोई दूसरा व्यक्ति या वस्तु या स्थान शांति दे सकता है, यह एक काल्पनिक विचार है। हम स्वयं शांति से रह सकते हैं और दूसरों को भी शांतिपूर्वक रख सकते हैं। शांति एक मानवीय गुण तो है ही, लेकिन यह आत्मिक शक्ति है। शांति सभी सुखों की मूल है। इससे सभी वैभव एवं ऐश्वर्य की पूर्ति संभव है। शांति द्वारा सभी दुखों का शमन किया जा सकता है। इससे हर रोग का निदान होता है। शांति का माध्यम सभी समस्याओं का समाधान तैयार करता है। शांति ही देश का निर्माण करती है, वहीं अशांति से देश का पतन आरंभ होता है। शांति और अशांति के बीच समाज, समुदाय, वर्ग, कौम, जाति और संस्थाएं गतिहीन हो जाती हैं। देश की उन्नति, विकास और पुनर्निर्माण के लिए शांति का वातावरण अनिवार्य है। शांति एक शब्द मात्र नहीं है। शांति को मन मंदिर में बसाने वाले लोग देव तुल्य होते हैं। इसलिए स्वयं भी शांति के प्रहरी बनिए और दूसरों को भी शांति दूत बनाइए। यही संसार के मंगल का भेद है। शांति से बड़ी कोई दौलत नहीं है। परिवार में शांति एक वट वृक्ष की तरह है, जिसकी छाया में आनंद की अनुभूति पाई जा सकती है। अशांति कालांतर में अग्नि के समान जीवन के हर अंग को भस्म कर देती है। मानवता का मूल इसी शांति के गर्भ में स्थिर है। यदि जीवन को सुख और वैभव से संपन्न करना हो तो निश्चित ही शांति की पूजा करनी होगी। देश में जन सामान्य को शांति के सूत्र अपनाने चाहिए।

## ब्रह्माजी को दंड देने के लिए प्रकट हुए थे कालभैरव



संकलित
**प्रेरणा**

शिवजी के 19 अवतारों में से एक है कालभैरव। भैरव अवतार से जुड़ी कई अलग-अलग मान्यताएं हैं। कुछ मान्यताओं में ब्रह्माजी को दंड देने के लिए शिवजी के क्रोध से कालभैरव प्रकट हुए थे। कालभैरव की उत्पत्ति से जुड़ी सृष्टि की शुरुआत के समय की बहुत प्रचलित कथा है। एक दिन ब्रह्मा जी और विष्णु जी खुद को श्रेष्ठ बताने के चक्कर में विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि युद्ध की स्थिति बन गई। उस समय शिवलिंग प्रकट हुआ और शिव जी ने इन दोनों का विवाद शांत किया। उसी समय वहां एक विशाल पुरुष की आकृति प्रकट हुई। ये आकृति शिवजी का ही एक रूप थी। शिव जी ने उससे कहा कि तुम काल के समान हो और भीषण हो। इसी वजह से तुम्हारा नाम कालभैरव होगा। पंचमुखी ब्रह्मा जी बार-बार खुद को श्रेष्ठ बताने की कोशिश कर रहे थे। उस समय ब्रह्मा जी को दंड देने के लिए कालभैरव ने ब्रह्माजी का एक सिर काट दिया था। इस घटना के बाद से ब्रह्मा जी चतुर्मुखी हो गए। शिव जी ने कालभैरव को काशी का नगरपाल बना दिया। कालभैरव की पत्नी भैरवी देवी पार्वती की अवतार हैं। कालभैरव की पूजा में शराब (मदिरा), तामसिक खाना खासतौर पर चढ़ाया जाता है। दरअसल, कालभैरव हमारी बुराइयों को खत्म करने वाले देवता हैं। इनकी पूजा करते समय भक्त नशे की चीजें चढ़ाकर अपनी बुराइयां छोड़ने का संकल्प लेता है। जो लोग इस संकल्प को निभाते हैं, उन्हें भैरव की विशेष कृपा मिलती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### गणतंत्र के 77 वर्ष

भारत का गणतंत्र 77 वर्ष का हो चुका है। 26 जनवरी 1950 को लागू हुए संविधान ने एक नए भारत की नींव रखी, जो स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों से प्रेरित थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से हमने अनेक क्षेत्रों में प्रगति की– साहित्य, खेल, कृषि, विज्ञान–प्रौद्योगिकी से लेकर आर्थिक–सैन्य क्षमता तक। विविध संस्कृति को मजबूत करते हुए राष्ट्र ने वैश्विक पटल पर अपनी पहचान बनाई। चंद्रयान मिशनों से अंतरिक्ष विज्ञान में अग्रणी बने, यूपीआई जैसी डिजिटल क्रांति ने भुगतान व्यवस्था बदल दी, जबकि ओलंपिक–एशियाड में पदकों की बौछार ने खेलक्षेत्र में नई ऊंचाइयां छुईं। आज विश्व भारत को चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देखता है, जहां विकास दर ने गरीबी उन्मूलन में योगदान दिया।

*– दीपक वर्मा, सरायपाली*

## ट्रेंड

### सीखने के अवसर



किसी भी शोध संगठन की सबसे बड़ी पूंजी उसके लोग होते हैं। आपके वैज्ञानिक, इंजीनियर और तकनीशियन ही आपकी वास्तविक शक्ति हैं। उन्हें सीखने के अवसर देने होंगे, नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपनी होगी और उन्हें यह विश्वास दिलाना होगा कि उनके विचारों को सुना जाएगा।

**- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### मुक्त व्यापार समझौता



आज भारत ने अपने इतिहास में अब तक के सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौते को संपन्न किया है। आज 27 तारीख है और ये सुखद संयोग है कि आज ही के दिन, यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ भारत ये एफटीए कर रहा है।

**- पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री**

### पूर्वोत्तर भारत की संस्कृति



सिर्फ़ राष्ट्रपति भवन में ही नहीं, जब राहुल गांधी असम आए, तब भी उन्होंने गमोछा पहनने से इनकार किया। गांधी परिवार के लिए असम और पूर्वी उत्तर भारत की संस्कृति कोई मायने नहीं रखती।

**-हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### स्वास्थ्य सर्वोपरि




प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक सुरक्षा सर्वोपरि है। अक्सर बच्चे तनाव और अवसाद के साथ-साथ ऑटिज्म जैसी स्थितियों से भी जूझ रहे होते हैं, जिसे सामान्यतः माता-पिता और शिक्षक भी समय पर पहचान नहीं पाते।

**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर

### सिंगापुर में भारत सहित 8 विदेशी मेडिकल डिग्रियों को मान्यता

सिंगापुर में डॉक्टर बनने के इच्छुक छात्र अब भारत के 'मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन' सहित आठ और विदेशी संस्थानों में मेडिकल की पढ़ाई कर सकेंगे। सिंगापुर ने उम्रदराज होती आबादी के कारण डॉक्टरों की बढ़ती मांग को पूरा करने के उद्देश्य से इन विश्वविद्यालयों की डिग्रियों को मान्यता देने का फैसला किया है। स्वास्थ्य मंत्रालय और सिंगापुर चिकित्सा परिषद ने संयुक्त बयान में कहा कि नयी मंजूरी प्राप्त ये संस्थान सिंगापुर को उम्रदराज़ होती जनसंख्या के बीच डॉक्टरों की बढ़ती जरूरत को बेहतर ढंग से पूरा करने में मदद करेंगे। इन आठ विश्वविद्यालयों को शामिल किए जाने के साथ ही एक फरवरी 2026 तक सिंगापुर में मान्यता प्राप्त विदेशी मेडिकल स्कूलों की संख्या 112 से बढ़कर 120 हो गई है। मंत्रालय ने बताया कि उसने चिकित्सा पंजीकरण अधिनियम, 1997 की दूसरी अनुसूची में आठ मेडिकल स्कूलों को जोड़ने संबंधी एसएमसी की सिफारिश को स्वीकार कर लिया है। मणिपाल के अलावा जिन विश्वविद्यालयों को सूची में शामिल किया गया है, उनमें ऑस्ट्रेलिया का एडिलेड विश्वविद्यालय, आयरलैंड का यूनिवर्सिटी ऑफ गॉलवे, मलेशिया का यूनिवर्सिटी सैन्स मलेशिया, पाकिस्तान का आगा खान यूनिवर्सिटी मेडिकल कॉलेज, चीन का त्सिंगहुआ विश्वविद्यालय, ब्रिटेन का यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर और ब्रिटेन का ही सिटी सेंट जॉर्ज़, यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन शामिल हैं।



## ऑफ बीट

### समुद्र में कहां से आते हैं सीप कई जीव भी बनाते हैं कंकाल

सीप बस जीवों के कंकाल ही हैं। लेकिन इंसानों और अधिकतर दूसरे पशुओं से अलग, इन घोंघों, क्लैम, ऑयस्टर और मसेल्स में एक एक्सोस्केलेटन होता है, जिसका मतलब है कि यह उनके शरीर के बाहर होता है। जब सीपियों की बात होती है, तो उनका मतलब आमतौर पर घोंघों जैसे जीवों के बाहरी खोल यानी शेल से होता है। कई दूसरे समुद्री जीव भी कंकाल बनाते हैं, जिनमें सैंड डॉलर जैसे इकाइनोइड्स शामिल हैं जो अंदरूनी कंकाल बनाते हैं। ये समुद्री जीव अपने नरम शरीर को बाहरी खतरों, जैसे शिकारियों या उनके रहने की जगह में होने वाले बदलावों से बचाने के लिए अपने शेल खुद बनाते हैं। शेल इन समुद्री जीवों को समुद्र तल पर स्थिर रहने, बड़ा होने या ज़्यादा अच्छे से घूमने में भी मदद कर सकते हैं। इस बाहरी आवरण या शेल बनाने की प्रक्रिया को 'बायोमिनरलाइजेशन' कहते हैं। समुद्री जानवर शेल कैसे बनाते हैं, यह अलग–अलग प्रजातियों के हिसाब से अलग हो सकता है, लेकिन इन सभी जानवरों के शेल बनाने के लिए खास ऊतक होते हैं। अधिकतर समुद्री जीव अपने शेल कैल्शियम कार्बोनेट से बनाते हैं, जो एक मजबूत मिनरल है और लाइमस्टोन में भी पाया जाता है। कुछ स्पंज और सूक्ष्मजीव एक और पदार्थ सिलिका का इस्तेमाल करते हैं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## झांकियां गणतंत्र दिवस का गौरव

# ‘वंदे मातरम के 150 साल’ की थीम पर कर्तव्य पथ पर जीवंत हुईं झांकियां

77वें गणतंत्र दिवस परनई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित भव्य परेड ने भारत की एकता, विविधता और विकास यात्रा की शानदार तस्वीर पेश की। राज्यों और केंद्रीय मंत्रालयों की झांकियों में देश की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक गौरव, आत्मनिर्भर भारत का संकल्प और ‘वंदे मातरम’ की भावना प्रभावशाली रूप से दिखाई दी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर समारोह राष्ट्रीय गीत ‘वंदे मातरम’ के 150 वर्ष पूरे होने, भारत की सैन्य शक्ति और सांस्कृतिक विविधता का अनूठा संगम दिखा। इस मौके पर अलग-अलग झांकियों के जरिए देश की उपलब्धियों को चिह्नित किया। इसमें ऑपरेशन सिंदूर से लेकर आत्मनिर्भर भारत और वंदे मातरम के इतिहास से लेकर अंतरिक्ष में भारत की उपलब्धियों को पेश किया। कुल 30 झांकियां- राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की 17 और मंत्रालयों/विभागों/सेवाओं की 13 झांकियां शामिल रहीं। वंदे मातरम’ और ‘समृद्धि का मंत्रः आत्मनिर्भर भारत’ के व्यापक विषय के साथ झांकी 150 वर्षों के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम और देश की समृद्ध और जीवंत सांस्कृतिक विविधता में डूबी बढ़ती आत्मनिर्भरता के पीछे देश की तीव्र प्रगति को प्रदर्शित किया।



### केंद्रीय लोक निर्माण विभाग

केंद्रीय लोक निर्माण विभाग की झांकी ‘वंदे मातरम’ के 150 वर्ष पूरे होने की थीम पर आधारित रही। इसमें मातृभूमि के प्रति प्रेम, राष्ट्रीय एकता और विकास में बुनियादी ढांचे की भूमिका को दर्शाया गया।



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में गणतंत्र दिवस परेड के झांकी कलाकारों के साथ एक समूह तस्वीर खिंचवाई।

## खबर संक्षेप

### ‘जन नायकन’ के रिलीज पर सस्पेंस बरकरार

**चेन्नई।** एक्टर विजय की फिल्म ‘जन नायकन’ अपनी रिलीज को लेकर विवादों में है। मामला कोर्ट पहुंचा।



विजय स्टारर फिल्म के मेकर्स ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन द्वारा सेंसर सर्टिफिकेट जारी न किए जाने के बाद कोर्ट का रुख किया था। 20 जनवरी को मद्रास हाईकोर्ट में सुनवाई हुई थी और फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### उधमपुर में बस-बाइक की टक्कर, 4 की मौत

**उधमपुर।** जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाइवे पर मंगलवार को एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई।



यह दुर्घटना उधमपुर जिले के शारदा माता के पास हुई, जहां एक बस और एक मोटरसाइकिल के बीच जोरदार टक्कर हो गई। अधिकारियों ने बताया कि बस उधमपुर की ओर जा रही थी और कथित तौर पर तेज रफ्तार में थी। पुलिस ने केस को जांच में लिया है।

### कांग्रेस की बैठक से नदारद रहे थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर एक बार फिर से पार्टी की एक अहम बैठक से दूर नजर आए हैं।



आगामी बजट सत्र से पहले पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के दिल्ली स्थित आवास पर हुई बैठक में पार्टी के तमाम बड़े नेता उपस्थित हुए। बैठक में बजट सत्र के लिए सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की जानी थी। लेकिन थरूर फिर नहीं पहुंचे।

### बैंक मैनेजर ने 2.69 करोड़ का गबन किया

**पलवल।** पीएनबी में करोड़ों का घोटाला सामने आया है। बैंक के ही सीनियर ब्रांच प्रबंधक ने अपने पद



का दुरुपयोग करते हुए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लगभग 2.69 करोड़ रुपए का गबन किया।आरोपी ने फरीदाबाद और पलवल की बैंक शाखाओं में प्रबंधक रहते हुए इस फर्जीवाड़े को अंजाम दिया। गदपुरी थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### नागपुर- गोंदिया, भंडारा- गडचिरोली जल्द बनेंगे

**मुंबई।** महाराष्ट्र मंत्रिमंडल की इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधा समिति की बैठक में कुछ महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स



की समीक्षा की गई और जरूरी फैसले लिए गए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में बैठक में नागपुर-गोंदिया, भंडारा- गडचिरोली महामार्ग के कार्यों को गति प्रदान करने की बात कही गई। इस बैठक में अजित पवार तो थे लेकिन शिंदे मौजूद नहीं रहे।

## विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नए नियमों पर देशभर में मचा बवाल

# समान अवसरों को लेकर भेदभाव किया गया नियमों में जाति आधारित भेद का ‘बड़ा आरोप’




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के हाल में जारी नियमों को चुनौती देने के लिए सुप्रीम में एक याचिका लगाई गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि इन नियमों में जाति आधारित भेदभाव की परिभाषा अपनाई गई है और संस्थागत सुरक्षा से कुछ श्रेणियों को बाहर कर दिया गया है। याचिका में केंद्र सरकार और यूजीसी को अंतरिम निर्देश देने की मांग की गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन नियमों के तहत बनाए गए समान अवसर केंद्र और समानता समिति बिना किसी भेदभाव के उपलब्ध हों। याचिका में कहा गया है कि यूजीसी के हाल में अधिसूचित ‘उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने संबंधी विनियम, 2026’ का नियम 3 (सी)‘गैर-समावेशी’ है और जो छात्र एवं शिक्षक आरक्षित श्रेणियों के नहीं हैं, उन्हें सुरक्षा प्रदान नहीं करता है। विनीत जिंदल द्वारा दाखिल याचिका में इन विनियमों की इन आधार पर आलोचना की गई है कि जाति आधारित भेदभाव को सख्ती से एससी-एसटी और ओबीसी के सदस्यों के खिलाफ भेदभाव के रूप में परिभाषित किया गया है।

*संस्थागत सुरक्षा से कुछ श्रेणियों को बाहर कर दिया*

*केंद्र सरकार और यूजीसी को अंतरिम निर्देश देने की मांग*



### संस्थान के उद्देश्य सही, पर बदलाव जरूरी: एबीवीपी

भाजपा का छात्र संगठन एबीवीपी भी खुलकर यूजीसी नियमों के विरोध में आ गया है। एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि यूजीसी के विवादित नियमों में बड़े बदलाव की आवश्यकता है। उन्होंने कहा है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी अधिसूचना ‘विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्धन हेतु) विनियम, 2026’ का उद्देश्य सही है, लेकिन सामान्य वर्ग के छात्रों की चिंताओं को देखते हुए इसमें बदलाव की आवश्यकता है। एबीवीपी नेता ने कहा कि प्रत्येक नागरिक के पास समान अधिकार होना चाहिए।

## छात्रों ने किया दिल्ली में प्रदर्शन का ऐलान

### नियमों से परिसरों में होगी अराजकता

दिल्ली में मंगलवार को कुछ छात्रों ने यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। ये छात्र मुख्यालय के बाहर इकट्ठा हुए। उनका कहना है कि नए नियमों से कॉलेज और विश्वविद्यालयों में अव्यवस्था फैल सकती है। विरोध कर रहे छात्रों ने सभी छात्रों से एकजुट होने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि नियम भेदभावपूर्ण हैं और छात्रों को आवाज उठानी चाहिए। छात्रों का कहना है कि तभी उनका विरोध मजबूती से सामने आ पाएगा। नए नियम सामान्य वर्ग के छात्रों की व्यापक आलोचना को जन्म दिया है, जो तर्क देते हैं कि यह ढांचा उनके खिलाफ भेदभाव का कारण बन सकता है।

### नए नियमों पर छात्रों की आपत्ति और अराजकता की आशंका

जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए लागू किए गए नए नियमों के तहत यूजीसी ने संस्थानों को




शिकायतों, विशेष रूप से एससी-एसटी और ओबीसी के छात्रों की शिकायतों को संभालने विशेष समितियां, हेल्पलाइन और निगरानी दल गठित करने को कहा है। दिल्ली विश्वविद्यालय के पीएचडी छात्र आलोकित त्रिपाठी ने कहा कि नए नियमों से कॉलेजों में पूरी तरह से अराजकता फैल जाएगी क्योंकि अब सबूत का बोझ पूरी तरह से आरोपी पर आ जाएगा और गलत तरीके से आरोपी ठहराए गए छात्रों के लिए कोई सुरक्षा उपाय नहीं होंगे।

### नेताओं ने दी मिलीजुली प्रतिक्रियाएं

#### भाजपा को डबल लाभ: उदित राज

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उदित राज को आशंका है कि भाजपा को इससे डबल



फायदा हो सकता है। उदित राज ने सवर्णों की ओर से किए जा रहे विरोध के पीछे साजिश का दावा करते हुए कहा कि अधिकतर भाजपा और आरएसएस के समर्थक ही ऐसा कर रहे हैं। विरोध के बावजूद दलित, ओबीसी और आदिवासी भाजपा से खुश हो जाएंगे।

#### नियम भेदभाव को बढ़ाएगा: चतुर्वेदी

शिवसेना उद्धव गुट ने भी इस नियम के खिलाफ मोर्चा खोला है। सांसद प्रियंका चतुर्वेदी



ने कहा कि यह नियम यूनिवर्सिटियों में भेदभाव को बढ़ाएगा। चतुर्वेदी ने यूजीसी के नए नियमों को भेदभाव करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि इन नियमों से यूनिवर्सिटियों में भेदभाव कम होने की जगह लगातार बढ़ता जाएगा।

#### कुछ गलत नहीं किया: राम गोपाल

समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव



ने यूजीसी के नए नियमों का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि यूजीसी ने कुछ भी गलत नहीं किया है। यूजीसी ने केवल उन लोगों को शिकायत का अधिकार दिया है, जिनके खिलाफ अन्याय हो रहा था।

### कमेटी ने बनाया था रूल्स

## दिग्विजय की अध्यक्षता वाली समिति ने की थी यह सिफारिश

यूजीसी ने हाल ही में एक अधिसूचना जारी की है, जिसके अनुसार सभी यूनिवर्सिटीज, कॉलेजों और उच्च शिक्षण संस्थानों को अपने संस्थानों के अंदर एक इक्विटी कमेटी बनानी होगी। ये



कमेटी उस संस्थान के अंदर एससी-एसटी या ओबीसी कैटगरी के छात्रों, शिक्षकों या गैर शिक्षण कर्मियों के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी शिकायतें सुनेंगी और तय समय-सीमा में उसका निपटारा करेगी। देशभर का सवर्ण समाज इस नियम का विरोध कर रहा है। बड़ी बात यह है कि जिस संसदीय समिति की सिफारिश पर यूजीसी ने यह कानून बनाया है, उसके अध्यक्ष कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह है। उनके साथ इस समिति में कुल 30 सदस्य हैं। इनमें कई भाजपा के सांसद हैं।

### शिक्षा, महिला बच्चों, युवा और खेल पर समिति ने की सिफारिश

यह सिफारिश शिक्षा, महिला, बच्चों, युवा और खेल पर संसद की स्थाई समिति ने की है। दिग्विजय समिति के अध्यक्ष हैं। इसमें 21 लोकसभा और 9 राज्यसभा के सांसद हैं। समिति में भाजपा के 16, कांग्रेस के 4, सपा के 3, तृणमूल के 2, सीपीएम के 1, डीएमके के 1, एनसीपी (अजीत ) के 1, एनसीपी (शरद ) के 1 और आम आदमी पार्टी की 1 सदस्य शामिल हैं।

### ये हैं समिति के सदस्यों में शामिल

*संसद की वेबसाइट पर उपलब्ध नामों के मुताबिक इस समिति में राज्यसभा से दिग्विजय के अलावा भीम सिंह (भाजपा राज्यसभा के सांसद) बिकास रंजन भट्टाचार्य (सीपीएम नेता और बंगाल से राज्यसभा सांसद), घनश्याम तिवाड़ी(भाजपा नेता, राज्यसभा सांसद), रेखा शर्मा (भाजपा नेता और राज्यसभा सांसद और महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष), सी. सदानंदन मास्टर (केरल भाजपा के उपाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद), सिकंदर कुमार (भाजपा नेता, राज्यसभा सांसद), सुनेत्रा पवार (एनसीपी नेता और राज्यसभा सांसद) और स्वाती मालीवाल (आप की पूर्व नेता और राज्यसभा सांसद) हैं।*

बंगाल में हुंकार भरेंगे भाजपाध्यक्ष

## दुर्गापुर व आसनसोल पहुंचेंगे, पार्टी कार्यकर्ताओं को देंगे एकता का मंत्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में चुनाव नजदीक है। इसे देखते हुए भाजपा पूरे दमखम से साथ चुनावों की तैयारियों नें जुटी है। अब भाजपा के नए अध्यक्ष नितिन नवीन का बंगाल दौरा करेंगे। अध्यक्ष पद संभालने के बाद से यह उनका पहला दौरा हो सकता है। वे दुर्गापुर और आसनसोल के औद्योगिक क्षेत्र का दो दिन के दौरे के लिए जा सकते हैं। मंगलवार शाम को बंगाल के घरेलू हवाई अड्डे अंडाल एयरपोर्ट पर पहुंचे। बुधवार तक पश्चिम बर्धमान जिले में रहेंगे। वे संगठनात्मक बैठकों और कार्यकर्ताओं में एकता बढ़ाने के काम करेंगे।



इससे कई राजनीतिक अटरलें भी लगाई जा रही है। लेकिन पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि दुर्गापुर-आसनसोल का चुनाव प्रतीकात्मक नहीं बल्कि रणनीतिक है।ऐसे संकेत थे कि वह बर्धमान जाते समय कोलकाता में रुक सकते हैं। वे शाम को दुर्गापुर के चित्रालय मेला ग्राउंड में कमल मेला में शामिल हुए।

शाह बोले- संतों का आशीर्वाद जरूरी

## सनातन को नजरअंदाज करने वाले लोग कभी सरकार नहीं बना पाएंगे

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सनातन धर्म और उसकी परंपराओं को लेकर गुजरात के गांधीनगर में स्वामीनारायण संप्रदाय के एक कार्यक्रम में कहा कि जो सरकार सनातन धर्म के अनुयायियों को निराश करती है, वह देश में दोबारा सत्ता में नहीं लौट सकती। इसे राजनीतिक हालात और सांस्कृतिक विमर्श से जोड़कर देखा जा रहा है।



### ‘शिक्षापत्री’ पर आधारित था यह कार्यक्रम

यह कार्यक्रम स्वामीनारायण संप्रदाय के पवित्र ग्रंथ ‘शिक्षापत्री’ के 200 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया गया था। शिक्षापत्री में 212 संस्कृत श्लोक हैं, जिन्हें भगवान स्वामीनारायण ने 1826 में लिखा था। यह ग्रंथ अनुयायियों के लिए आचरण, नैतिकता, समाज और आध्यात्मिक जीवन का मार्गदर्शन करता है। अमित शाह ने कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक सनातन परंपराओं को उचित सम्मान देने वाली सरकार की प्रतीक्षा रही।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कमल** उर्फ **नाग**, पुत्र भगवान, निवासी मकान नंबर वेगाबोंड, सुल्तानपुरी के पास, नांगलोई, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 80055561/24 धारा 380/411/34 भा.दं.सं. थाना विकासपुरी, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कमल** उर्फ **नाग** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कमल** उर्फ **नाग** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 80055561/24 धारा 380/411/34 भा.दं.सं. थाना विकासपुरी, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **कमल** उर्फ **नाग** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **03.03.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: श्री ऋषभ कपूर,**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-05,**
**दक्षिण-पश्चिम, न्यायालय संख्या-09,**
**द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली।**

DP/1149/WD/2026



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | रेवाड़ी जिले में बावल में एसडीओ सिविल कॉम्पलैक्स आवासीय मकानों के लैंडस्केपिंग कार्य का विकास + 1 कार्य। | 21.01.2026 10.02.2026 | 25.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला कैंट में नागरिक हस्पताल में चिकित्सकों / पैरामेडिकल स्टाफ के लिए आवासीय एक्मॉडेशन का निर्माण, पार्ट Â" I I.E. (टी-2, टी-3, टी-6, रोड और पार्किंग तथा अग्निशमन सेवाएं) (बकाया कार्य)। | 20.01.2026 02.02.2026 | 960.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 3 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा (पी-2) : जलापूर्ति योजना सिरसा कस्बा का संवर्धन, बूस्टिंग स्टेशनों, सिरसा कस्बा जिला सिरसा में (अमरूत-2 के तहत) अतिरिक्त संरचनाओं का निर्माण और आंतरिक वितरण पाइप लाइंस बिछाना, ‘‘तृतीय जलघर संरचनाओं, एमबीएस-1, एमबीएस-2 और बूस्टिंग स्टेशनों समेत स्वच्छ जल टैंकों, पम्प चेम्बर, चारदिवारी, पम्पिंग मशीनरी, डी.जी. सैट का निर्माण, विद्युत ट्रांसफॉर्मर, गैस क्लोरीनेटर, राइजिंग मेन लाइंस, एफएचटीसी और वितरण पाइप लाइंस इत्यादि बिछाना, 3 माह के ट्रायल रन के सफलतापूर्वक पूर्णता के पश्चात 12 माह की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि के दौरान और उसके पश्चात सभी प्रकार से पूर्ण 5 वर्ष के लिए ओ एवं एम।’’ | 19.01.2026 16.02.2026 | 3787.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | चाहरवाला :- आरसीसी पाइप इनलेट चैनल को बदलना, 1 अदद आरसीसी एस/एस टैंक आकार :- 35.00×120.00×2.44 मी., 1 अदद आरसीसी हाई लेवल टैंक आकार :- 7×4.73×1.83 मी., 2 अदद आरसीसी फिल्टर बैड आकार 10.20×6.80 मी. का निर्माण, हैड वर्क्स पाइप लाइन बिछाना, पेंटिंग, डिस्टेम्परिंग और स्नोसेम, लाइटिंग व्यवस्था, सी.सी. रोड और पथ, पम्पिंग मशीनरी की आपूर्ति व स्थापना, वितरण पाइप लाइन बिछाना, बहाली और नये कनेक्शन, मौजूदा जलघर संरचनाओं की मरम्मत और चाहरवाला में उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 22.01.2026 18.02.2026 | 457.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 5 | नागरिक उड्डयन विभाग हरियाणा | दर अनुबंध पर वाहनों को उपलब्ध करवाने के लिए फर्म का पैनल तैयार करना (3 वर्ष के दौरान)। | 23.01.2026 12.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प करनाल | इन्द्री जिला करनाल में चोरपुरा में जीआईटीआई बिल्डिंग का निर्माण (स्ट्रीट लाइट का प्रावधान केवल) + 3 कार्य। | 23.01.2026 29.01.2026 | 124.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | गांव शिमली ब्लॉक रोहतक जिला रोहतक में ‘चोटा बाबा तालाब’ ग्रामीण तालाब का पुनरोद्धार + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.02.2026 | 327.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034106126 xenconst21@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज करनाल | गांव निगधु ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में सामुदायिक केन्द्र के निकट दो आंगनवाड़ी केन्द्र को पूरा करना। | 21.01.2026 30.01.2026 | 5.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज अम्बाला | गांव बरनाला ब्लॉक अम्बाला-II में लंगर हॉल तालाब का कायाकल्प। | 23.01.2026 29.01.2026 | 23.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज करनाल | डाबरी - गांव डाबरी ब्लॉक चिराव में डाबरी मेन रोड से डेरा अमरीक सिंह तक टो-वॉल (चौड़ा करना) का निर्माण, स्कीम वीएएनजीवाई + 3 कार्य। | 21.01.2026 30.01.2026 | 28.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज करनाल | ब्लॉक करनाल में गांव डाकवाला गुजरान में सामुदायिक केन्द्र (1 एकड़) का निर्माण, सी.एम. घोषणा कोड सं. 27547 के तहत, स्कीम-एचजीवीवाई। | 24.01.2026 05.02.2026 | 186.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 12 | कृषि एवं किसान कल्याण भिवानी | गांव - केलंगा, ब्लॉक-भिवानी, जिला-भिवानी में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से सलाइन और वाटर लॉग्ड एरिया का रिक्लेमेशन। | 21.01.2026 02.02.2026 | 153.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215910040 ascobhiwani@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/280/42416/I/88/7 दि. 27.01.26



## प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (परिसमापन में)

**लिक्विडेटर का पता - 106, प्रथम तल, कनकिया एट्रियम 2, क्रॉस रोड ए, कोर्टयार्ड मैरियट के पीछे, चकाला, अंधेरी ईस्ट, मुंबई - 400093**
**संपर्कः +91 8693053567, ईमेल : liquidator.pratibha@gmail.com**

ई-नीलामी - आईबीसी के तहत परिसंपत्तियों की बिक्री, 2016
**ई-नीलामी की तिथि और समयः 27 फरवरी 2026 (शुक्रवार) अपा. 01:00 बजे से अपा. 02:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)**

प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (परिसमापन में) के स्वामित्व वाली संपत्तियों की बिक्री, जो आईबीसी 2016 की धारा 35(एफ) के तहत परिसमापन प्रक्रिया विनियमों के विनियमन 33 के साथ परिसमापन संपत्ति का हिस्सा है। ई-नीलामी "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" के आधार पर, "जो कुछ भी है" और "कोई वापसी नहीं" के आधार पर आयोजित की जाएगी।

ई-नीलामी बिक्री ई-नीलामी सेवा प्रदाता के माध्यम से ई-विक्रय नीलामी मंच वेबसाइट https://ibbi.baanknet.com/eauction-ibbi/home के माध्यम से हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी।

भारतीय राशि में

| क्र. सं. | विवरण | आरक्षित मूल्य | ईएमडी | बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| | एकल आधार पर संपत्तियों की बिक्री | | | |
| | नीलामी की तिथि और समयः 27 फरवरी 2026, शुक्रवार, दोपहर 1:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक | | | |
| 1. | मर्सिडीज बेंज S-350 (MH04 HD 0006) | 17,50,000 | 1,75,000 | 17,500 |
| | कुल राशि | 17,50,000 | 1,75,000 | 17,500 |

नोटः
1. बोली लगाने की अनुमति ईएमडी जमा करने पर दी जाएगी। संभावित बोलीदाताओं को जमा थरोहर राशि (ईएमडी) को बैंकनेट नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से जमा करना होगा।
2. परिसमापक बिना कोई कारण बताए और बिना किसी दायित्व के प्रक्रिया को रद्द या संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यह एक गैर-बाध्यकारी प्रक्रिया है और परिसमापक/हितधारक परामर्श समिति के विवेक के अधीन होगी। अधिक जानकारी के लिए प्रक्रिया ज्ञापन देखें।
3. संभावित बोलीदाताओं को यह वचन देना होगा कि वे संहिता की धारा 29ए के अंतर्गत किसी भी प्रकार की अयोग्यता से ग्रस्त नहीं हैं, जहां तक लागू हो और यदि किसी भी स्तर पर अयोग्य पाए जाते हैं, तो जमा की गई बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी।

रुचि की अभिव्यक्ति/स्थल निरीक्षण/ईएमडी
जमा करने की अंतिम तिथिः 25 फरवरी 2026 (बुधवार)
ई-नीलामी की तिथि और समयः 27 फरवरी 2026 (शुक्रवार) दोपहर 1:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक

नोटः विस्तृत नियम व शर्तें, ई-नीलामी बोली दस्तावेज, घोषणा और ऑनलाइन नीलामी बिक्री के अन्य विवरण https://ibbi.baanknet.com/eauction-ibbi/home और प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड की वेबसाइट https://www.pratibhagroup.com पर उपलब्ध हैं।

किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया नीचे दिए गए हस्ताक्षरकर्ता से liquidator.pratibha@gmail.com पर संपर्क करें।

हस्ता/-
एविल मेनेजेस
प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के परिसमापक के रूप में
असाइनमेंट के लिए प्राधिकरण 30 जून 2027 तक वैधता
पंजीकरण संख्या IBBI/IPA-001/IP-P00017/2016-17/10041
पंजीकृत पताः 106, प्रथम तल, कनकिया एट्रियम 2, क्रॉस रोड ए, कोर्टयार्ड मैरियट के पीछे, चकाला, अंधेरी ईस्ट, मुंबई - 400093
ईमेलः liquidator.pratibha@gmail.com

दिनांक 28.01.2026
स्थानः मुम्बई

## खबर संक्षेप

### रुपया 19 पैसे की बढ़त के साथ 91.71 प्रति डॉलर

**मुंबई।** रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरते हुए मंगलवार को 19 पैसे की बढ़त के साथ 91.71 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर सूचकांक में गिरावट और भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता के संपन्न होने से रुपये को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से घरेलू बाजार की धारणा को बढ़ावा दिया। हालांकि जिंस और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने तेज बढ़त को सीमित कर दिया।

### बढ़ती कीमतों से नकली सिगरेट कारोबार में वृद्धि

**भागलपुर।** बिहार का एक साधारण सा शहर मुंगेर, जिसने कभी एशिया में सिगरेट बनाने वाले अग्रणी स्थान के रूप में अपना नाम दर्ज कराया था, अब एक अलग ही पहचान से जूझ रहा है। सिगरेट की लगातार बढ़ती कीमतों के बीच यह शहर अब नकली सिगरेट बनाने और बेचने के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। मुंगेर का भारत के सिगरेट उद्योग के साथ पुराना नाता है। तत्कालीन इंपीरियल टोबैको कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने 1907 में यहां अपनी पहली और सबसे पुरानी फैक्टरी की स्थापना की थी।

### बिजली कंपनियों की रैंकिंग में टोरेंट पावर शीर्ष पर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्युत मंत्रालय की नवीनतम एकीकृत रैंकिंग में टोरेंट पावर देश की सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली बिजली वितरण कंपनी के रूप में उभरी है। कंपनी ने कहा कि टोरेंट पावर की अहमदाबाद और सूरत स्थित लाइसेंस प्राप्त वितरण इकाइयों ने 100 में से 100 अंक हासिल किए और सूची में पहले स्थान पर रहीं। निजी क्षेत्र की देश की प्रमुख एकीकृत बिजली कंपनी टोरेंट पावर ने विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी 14वीं एकीकृत रेटिंग और रैंकिंग के तहत, देश की 65 सरकारी और निजी बिजली वितरण कंपनियों में शीर्ष पायदान हासिल किया है।

# डस्टर की भारत में धमाकेदार वापसी, नए हाइब्रिड इंजन के साथ कई फीचर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई डस्टर की वापसी हो गई है। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार मिडसाइज एसयूवी सेगमेंट के शुरुआती दिनों की सबसे पॉपुलर गाड़ी भारतीय बाजार में नए अवतार में आ गई है। न्यू जेनरेशन रेनो डस्टर में कंपनी ने उम्मीद के मुताबिक जहां मॉडर्न लुक और डिजाइन दिए हैं, वहीं फीचर्स और टेक्नॉलजी के मामले में भी काफी अडवांस्ड रखा है। नया स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इंजन इसमें सोने पर सुहागा की तरह है। बाकी इसमें एलईडी लाइट्स, स्पोर्टी बंपर, प्रीमियम इंटीरियर और कंफर्टेबल सीटें, बड़ी स्क्रीन, पैनोरमिक सनरूफ, 360 डिग्री कैमरा और एडास समेत काफी सारे सेगमेंट फर्स्ट फीचर्स मिलेंगे। नई डस्टर की बुकिंग शुरू हो चुकी है और मार्च में इसकी डिलीवरी शुरू होगी।

### मजबूत और मस्कुलर

नई रेनो डस्टर का एक्सटीरियर बहुत मजबूत और मस्कुलर दिखता है। इसमें फुल एलईडी हेड लैंप्स, एलईडी टेल लैंप्स और एलईडी फॉग लैंप्स दिए गए हैं। रियर में एलईडी हॉरिजॉन्टल रियर लाइट बार भी है। 18 इंच के आउटबैक डायमंड कट अलॉय व्हील्स इसे और भी स्टाइलिश बनाते हैं। इसमें हिमालय से इंस्पायर्ड माउंटेन जेड ग्रीन एक्सटीरियर कलर ऑप्शन भी है। यह एसयूवी रेनो ग्रुप के मॉड्यूलर प्लैटफॉर्म पर बनी है, जिसे खास तौर पर भारत के लिए बनाया गया है।




**फाइटर जेट-इंस्पायर्ड कॉकपिट :** नई रेनो डस्टर का इंटीरियर फाइटर जेट-इंस्पायर्ड कॉकपिट जैसा है। एलिवेटेड सेंटर कंसोल और ई-शिफ्टर इसे आधुनिक बनाते हैं। सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले फंक्शन्स के लिए फिजिकल बटन दिए गए हैं, जो इस्तेमाल में आसान हैं। सीट अपहोल्स्ट्री, डैशबोर्ड और डोर इंसर्ट्स पर माउंटेन जेड लेदरेट और कार्बन एक्सेंट का इस्तेमाल किया गया है।

### टेक्नॉलजी, फीचर्स और सेफ्टी

नई रेनो डस्टर टेक्नॉलजी और सेफ्टी के मामले में भी सेगमेंट की बाकी गाड़ियों के मुकाबले अडवांस्ड दिखती है। इसमें 10.1 इंच का ओपनआर लिंक मल्टीमीडिया सिस्टम गूगल मैप्स, गूगल असिस्टेंट और गूगल प्ले के साथ आता है। 10.25 इंच की टीएफटी ड्राइवर डिस्प्ले पर मैप रेप्लिकेशन की सुविधा भी है। इसमें 17 अडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम फीचर्स और हिल डिसेंट कंट्रोल जैसे सेफ्टी फीचर्स भी दिए गए हैं।

### इलेक्ट्रिक पैनोरमिक सनरूफ

नई डस्टर में इलेक्ट्रिक पैनोरमिक सनरूफ, इलेक्ट्रिक पावर्ड टेलगेट, इलेक्ट्रिक पार्किंग ब्रेक के साथ ऑटो-होल्ड फंक्शन, ऑटोमैटिक डुअल-जोन एसी, क्लीन एयर एक्यूआई डिस्प्ले, मल्टी-सेंस ड्राइव मोड्स के साथ 48 एंबिएंट लाइटिंग कस्टमाइजेशन, इलेक्ट्रिक फ्रंट सीट्स 6-वे एडजस्टमेंट, मैनुअल लंबर एडजस्टमेंट और वेंटिलेटेड फंक्शन, ऑटो हेडलैंप्स, रेन सेंसिंग वाइपर्स, रेनॉल्ट हैंड्सफ्री एक्सेस कार्ड के साथ पुश स्टार्ट, ऑटो-डिमिंग रियरव्यू मिरर जैसी सुविधाएं भी दी गई हैं।

## भारत ऊर्जा सप्ताह 2026 को किया संबोधित

# भारत का ऊर्जा क्षेत्र 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के अवसर देता है: मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वैश्विक निवेशकों को भारत के बढ़ते ऊर्जा क्षेत्र का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया और कहा कि यह क्षेत्र 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के अवसर प्रदान करता है। मोदी ने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि देश जल्द ही दुनिया का सबसे बड़ा 'शोधन' केंद्र बन जाएगा। 'भारत ऊर्जा सप्ताह' (आईईडब्ल्यू) 2026 को संबोधित करते हुए उन्होंने निवेशकों से शोधन (रिफाइनिंग), एलएनजी 'वैल्यू चेन' अवसंरचना, सिटी गैस वितरण तथा तेल एवं गैस अन्वेषण जैसे क्षेत्रों में निवेश करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का लक्ष्य 2030 तक तेल एवं गैस क्षेत्र में 100 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करना है।

**देश जल्द ही दुनिया का सबसे बड़ा 'शोधन' केंद्र बन जाएगा**

## वैश्विक निवेशकों को भारत का हिस्सा बनने किया आमंत्रित

### ऊर्जा क्षेत्र में भारत शीर्ष पांच निर्यातकों में एक

मोदी ने कहा, '' ऊर्जा क्षेत्र हमारी आकांक्षाओं का केंद्र है। इसमें 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के अवसर मौजूद हैं। इसलिए, मेरी अपील है कि भारत में बनाओ, भारत में नवाचार करो, भारत के साथ विस्तार करो, भारत में निवेश करो।'' उन्होंने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र में भारत शीर्ष पांच निर्यातकों में से एक है।



### अन्वेषण क्षेत्र में आई कमी

मोदी ने अन्वेषण क्षेत्र में किए गए कई सुधारों पर भी चर्चा की और बताया कि प्रतिबंधित क्षेत्रों में उल्लेखनीय कमी आई है। उन्होंने कहा, '' आईईडब्ल्यू के पिछले संस्करण में जो भी सुझाव दिए गए थे उनके अनुरूप हमने अपने नियमों में बदलाव किए हैं। यदि आप अन्वेषण क्षेत्र में निवेश करते हैं, तो आपकी कंपनी की लाभप्रदता में निश्चित रूप से वृद्धि होगी।''

### 170 से अधिक ब्लॉक आवंटित

मोदी ने कहा, '' हम इस दशक के अंत तक अपने तेल एवं गैस क्षेत्र में निवेश को बढ़ाकर 100 अरब अमेरिकी डॉलर करने का प्रयास कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य अन्वेषण के दायरे को 10 लाख वर्ग किलोमीटर तक विस्तारित करना भी है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए यहां 170 से अधिक ब्लॉक आवंटित किए जा चुके हैं।'' उन्होंने कहा कि अंडमान एवं निकोबार बेसिन भी देश की अगली हाइड्रोकार्बन उम्मीद के रूप में उभर रहा है।

### भारत की शोधन क्षमता बहुत अधिक

पीएम ने कहा कि भारत की एक और विशेषता ऊर्जा क्षेत्र में निवेश को अत्यधिक लाभदायक बनाती है। इसकी शोधन क्षमता बहुत अधिक है। शोधन क्षमता के मामले में भारत विश्व में दूसरे स्थान पर है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'जल्द ही हम पहले स्थान पर होंगे। आज भारत की शोधन क्षमता लगभग 26 करोड़ टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) है। इसे बढ़ाकर 30 करोड़ टन प्रति वर्ष से अधिक करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।'

### भारत में एलएनजी की मांग बढ़ रही

प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत में एलएनजी की मांग लगातार बढ़ रही है। भारत ने अपनी कुल ऊर्जा मांग का 15 प्रतिशत एलएनजी से पूरा करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा, '' इसलिए, हमें संपूर्ण एलएनजी मूल्य श्रृंखला पर काम करने की आवश्यकता है। भारत परिवहन पर भी बड़े पैमाने पर काम कर रहा है। हम एलएनजी परिवहन के लिए आवश्यक जहाजों का विनिर्माण यहीं भारत में कर रहे हैं।''

## देश के 77वें गणतंत्र दिवस पर स्वामी रामदेव ने दिलाए पंचप्रण

एजेंसी ▶▶ हरिद्वार



पतंजलि योगपीठ के परमाध्यक्ष स्वामी रामदेव जी व महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी ने पतंजलि वेलनेस, फेस-2 में ध्वजारोहण कर देशवासियों को देश के 77वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्वामी जी ने स्वदेशी शिक्षा, स्वदेशी चिकित्सा, स्वदेशी अर्थव्यवस्था, स्वदेशी सनातन जीवन पद्धति तथा स्वदेशी से स्वावलम्बी विकसित भारत-पञ्चप्रण लेते हुए राष्ट्रसेवा की बात कही। स्वामी जी ने कहा कि कहीं टैरिफ टैररिज़्म चल रहा है, कहीं सत्ता का उन्माद, कहीं सम्पति का उन्माद और कहीं मज़हबी उन्माद, और भारत में तो सनातनधर्मियों में ही एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करके सनातन में भी गौमाता, गंगा व पालकी के नाम पर उन्माद फैलाने की बात की जा रही है। अमेरिका ने कनाडा को 100 प्रतिशत टैरिफ की धमकी दी तो कभी भारत पर 25-50 प्रतिशत, कभी किसी देश पर तो 500 प्रतिशत टैरिफ की धमकी, दुनिया एक बहुत खतरनाक दौर से गुजर रही है। ऐसे में हमें एक भारत, श्रेष्ठ भारत, स्वस्थ, समृद्ध, संगठित भारत बनाना है तो स्वदेशी शिक्षा, स्वदेशी चिकित्सा, स्वदेशी अर्थव्यवस्था, स्वदेशी सनातन जीवन पद्धति और अपनी सनातनी विरासत को सर्वोपरि गौरव और महिमा देते हुए आज गणतंत्र दिवस पर अपने कर्तव्य पथ पर प्रतिबद्धता के साथ इस रूप के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है कि हम भारत को दुनिया के सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति सबसे बड़ी सैन्य शक्ति सबसे बड़ी राजनीतिक सामाजिक और आध्यात्मिक शक्ति के रूप में विकसित कर पाएं।

## धातु, बैंक शेयरों में खरीदारी से शेयर बाजार में तेजी लौटी

**मुंबई।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी आई और बीएसई सेंसेक्स 320 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 127 अंक की मजबूती रही। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख तथा भारत-यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते की घोषणा से सकारात्मक रुख के बीच बैंक और धातु शेयरों में भारी लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 319.78 अंक यानी 0.39 प्रतिशत चढ़कर 81,857.48 पर बंद हुआ। कारोबार दौरान यह ऊंचे में 82,084.92 अंक तक गया जबकि नीचे में 81,088.59 अंक तक आया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 126.75 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,175.40 पर बंद हुआ।

### सोना 1.64 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर, चांदी 3.58 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंची

**नई दिल्ली(भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में जबरदस्त चमक देखी गई। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार सोने की कीमत 1400 रुपये बढ़कर 1,64,330 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। शुक्रवार को सोना 1,58,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोमवार को 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सर्राफा बाजार बंद थे। चांदी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और सर्राफा बाजार में एक बार फिर सोने को पीछे छोड़ दिया। चांदी की कीमत 12,000 रुपये बढ़कर 3,58,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गई।

### वुडवर्ड्स की नई शुरुआत : विरासत ब्रांड ने टमी रोल-ऑन लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** लगभग 175 वर्षों से, वुडवर्ड्स भारतीय घरों का एक भरोसेमंद साथी रहा है, जो 1851 से शिशुओं की देखभाल करता आ रहा है। पेट दर्द, गैस और अपच से राहत दिलाने से लेकर बच्चों की सुकून भरी नींद लौटाने तक, यह ब्रांड सुरक्षित, विश्वसनीय और समय की कसौटी पर खरे उतरे उपायों के साथ पीढ़ियों से माताओं और दादा-दादियों का भरोसा बना हुआ है।देखभाल, विश्वास, विश्वसनीयता और संवेदनशीलता जैसे मूल्यों पर आधारित वुडवर्ड्स ने भारत भर में अनगिनत बचपन की कहानियों में एक अहम भूमिका निभाई है। देश का नंबर 1 ग्राइप वॉटर ब्रांड होने के नाते, वुडवर्ड्स हमेशा एक ही वादे पर कायम रहा है—नाजुक पेट के लिए कोमल राहत, जो प्राचीन आयुर्वेदिक ज्ञान पर आधारित है और दादी-नानी की सदियों पुरानी मान्यताओं से प्रेरित है।अब, अपने लंबे इतिहास में पहली बार, वुडवर्ड्स अपने पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहा है।

### एनएफआर ने संरक्षा, नवाचार व कनेक्टिविटी के प्रति नई प्रतिबद्धता के साथ 77वां गणतंत्र दिवस मनाया

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने मालीगांव के एनएफआरएसए परिसर में एक शानदार समारोह का आयोजन कर पूरे राष्ट्रीय गर्व और भावना के साथ 77वां गणतंत्र दिवस मनाया। एनएफआर के महाप्रबंधक श्री चेतन कुमार श्रीवास्तव ने रेल अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारों की मौजूदगी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस कार्यक्रम में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), सिविल डिफेंस और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की टुकड़ियों ने एक शानदार मार्च पास्ट भी किया, जो अनुशासन, एकता और राष्ट्र सेवा को दर्शाता है। एनएफआर के सभी पांच मंडलों- तिनसुकिया, लामडिंग, रंगिया, अलीपुरद्वार और कटिहार में भी गणतंत्र दिवस पर समारोह आयोजित किए गए, जहाँ मंडल रेल प्रबंधकों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और कर्मचारियों को संबोधित किया। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (निर्माण) ने भी गणतंत्र दिवस मनाया। इस अवसर पर निर्माण मुख्यालय में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण। श्री अंजनी कुमार ने राष्ट्रीय झंडा फहराया। समारोह को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने पूर्वोत्तर में आर्थिक विकास, निर्बाध कनेक्टिविटी तथा समावेशी विकास को सक्षम बनाने वाले रणनीतिक रेल नेटवर्क के रूप में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की विकसित भूमिका पर प्रकाश डाला।




### लक्ष्मीबाई नगर में 77वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन आरडब्लूए अध्यक्ष राजेश कुमार मीणा ने ध्वज फहराया

**नई दिल्ली।** देशभक्ति की भावना के साथ लक्ष्मीबाई नगर में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह से मनाया गया। आवासीय परिसर के मुख्य चौराहे पर बन पार्क में आयोजित कार्यक्रम में रेजीडेन्टस वेल्फेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार मीणा ने अथितियों का स्वागत करने के बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सबने साथ मिलकर राष्टगीत गाया। आरडब्लूए की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न मंत्रालय और विभागों में कार्यरत केन्द्र सरकार के अधिकारियों ने परिवार के साथ भाग लिया। इस अवसर पर बेबी आध्या ने वंदे मातरम, संतोष झा ने मेरे देश प्रेमियों, महिलाओं ने सामुहित रूप से हर करम अपना करेंगे, मनोज कुमार ने है प्रीत जहां की रीत, संजय कुमार दास ने ओ देश मेरे, नितिश अम्बस्त ने कर चले हम फिदा, अजय प्रियदर्शी और दिनेश रावत ने संदेशे आते हैं जैसे प्रेरक देशभक्ति गीत गाकर राष्टीयता की भावना का सम्मान किया। आयोजन को सफल बनाने में आरडब्लूए के उपाध्यक्ष अजय प्रियदर्शी, सचिव बिमल कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष सौमेन्द्र, सदस्य नगीना सिंह व अजय रावत ने सहयोग किया। एसोसिएशन के सदस्य एकान्त भगत और सहयोगी दिनेश रावत ने कार्यक्रम का प्रभावी संचालन किया।



## राशिफल

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा। |
| वृष | वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। |
| मिथुन | शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें। |
| कर्क | आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। |
| सिंह | सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे। |
| कन्या | किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी। |
| तुला | मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। |
| वृश्चिक | शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। |
| धनु | आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। |
| मकर | व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा। |
| कुंभ | मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा। |
| मीन | परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है। |

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



**नई दिल्ली।** 26 जनवरी को जनहित पूर्वांचल सोसायटी रजी0 नरेला दिल्ली 40 द्वारा नरेला के गौतम कालौनी मिथिला प्रॉपर्टी कार्यालय में 77 वें गणतंत्र दिवस के शुभ उपलक्ष्य में झंडा तोलन किया गया जिसके मुख्यअतिथि बीएसएफ के कमांडेंट बलवीर सिंह जी थे उन्होंने राष्टगान के उपरांत अपने संबोधन में सेना और बीएसएफ की उपयोगिता और देश के नागरिक का करतब्य लोगों को बताया तथा सभी को राष्ट्र प्रेम राष्ट्र भक्ति के लिए प्रेरित किए इस मौके पर पूरा जनहित परिवार विनीत कुमार,संजीव सिंह विजय सिंह राजेश ठाकुर सत्येंद्र झा, अमित मिश्रा रौशन झा, शंभू झा रमेश यादव,संजीव मिश्रा, संतोष यादव श्रवण झा बबलू यादव शिवनाथ महतो,वरुण सिंह, संतोष मिश्रा, दिलीप झा, सुशील गिरी व सैकड़ों व्यक्तित्व उपस्थित होकर भारत माता को सलामी दिए।

### टाटा टेक को अगला वित्त वर्ष मजबूत होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** वैश्विक भू-राजनीतिक और आर्थिक वातावरण अनिश्चित होने के बावजूद टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड कुल वृद्धि के लिहाज से अगले वित्त वर्ष के बहुत मजबूत होने की उम्मीद कर रही है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और एमडी वारेन हैरिस ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वाहन विनिर्माताओं के अपने निवेश को आगे बढ़ाने के फैसले से टाटा टेक्नोलॉजीज को लाभ होगा। कंपनी एक वैश्विक उत्पाद इंजीनियरिंग और डिजिटल सेवा फर्म है, जिसने पिछले साल जर्मनी स्थित ईएस-टेक समूह का अधिग्रहण किया था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता—2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुदेश यादव, पुत्रः चंद्र पाल, पताः ए—474, न्यू अशोक नगर, नई दिल्ली** ने **FIR No. 445/2018, U/s 279/388 IPC, पुलिस थाना बदरपुर, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुदेश यादव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुदेश यादव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 445/2018, U/s 279/388 IPC, पुलिस थाना बदरपुर, नई दिल्ली** के अभियुक्त **सुदेश यादव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – श्री दीपल वत्स
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट

DP/1192/SE/2026 दक्षिण–पूर्व, कमरा नं. 515, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

## शब्द पहेली - 6121




**बाएँ से दाए**
1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**
2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

### शब्द पहेली- 6120 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | रा | ज | कु | मा | र | | म | नो | ह | र |
| दौ | र | | ली | | ख | न | न | | र | वा |
| ल | | जा | न | व | र | | न | ल | | य |
| त | न | य | | | खा | र | | की | म | त |
| खा | | दा | | ना | व | | ड | | दा | |
| ना | र | द | मु | नी | | प | र | व | री | श |
| | प्ता | | ख | | स | द | | र्थ | | क |
| भ | र | ना | | स | भा | | | मा | हि | र |
| या | | का | का | | भ | द्दा | प | न | | कं |
| न | न | | त | ना | व | | ह | | दा | द |
| क | म | जो | र | | न | ग | र | वा | सी | |



# भारत के सामने खिताब जीतकर इतिहास लिखना लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2026 की शुरुआत 7 फरवरी से होनी है, जिसमें सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारतीय टीम खेलेगी।

पिछले संस्करण का खिताब भारत ने जीता था और ऐसे में आगामी संस्करण में टीम खिताब का बचाव करने उतरेगी। अब तक किसी भी टीम ने अपने घर पर हुए टी-20 विश्व कप को नहीं जीता है और ऐसे में भारतीय टीम इतिहास बदलना चाहेगी। इस बीच भारतीय टीम, शेड्यूल, इतिहास और अन्य जानकारी पर एक नजर डालते हैं।

### इन खिलाड़ियों को मिला है टीम में मौका

टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में चुने गए वाशिंगटन सुंदर चोटिल हैं। वह टूर्नामेंट से बाहर हो सकते हैं। दूसरी तरफ तिलक वर्मा के फिट होने की संभावना है। टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीमःसूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, और वॉशिंगटन सुंदर।

### कोई भी टीम अपने देश की धरती में नहीं जीत सकी टी-20 वर्ल्ड कप



# गुजरात ने दिल्ली को 3 रन से हराया

## डब्ल्यूपीएलः मूनी का अर्धशतक, डिवाइन के चार विकेट

एजेंसी ▶▶| वडोदरा



गुजरात जायंटस ने ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज बेथ मूनी (58 रन) के अर्धशतक के बाद सोफी डिवाइन के चार विकेट झटकने से मंगलवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के रोमांचक मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को तीन रन से हरा दिया। इस जीत से गुजरात जायंट्स के आठ अंक हो गए हैं जिससे उसने तालिका में मुंबई इंडियंस को तीसरे स्थान पर खिसका कर दूसरा स्थान हासिल किया। जायंट्स ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद मूनी के अर्धशतक से नौ विकेट पर 174 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। दिल्ली कैपिटल्स निकी प्रसाद (47 रन) और स्नेह राणा (29 रन) के बीच सातवें विकेट के लिए 31 गेंद में 70 रन की साझेदारी से जीत के करीब पहुंच गई थी लेकिन अंतिम ओवर में दोनों के विकेट गंवाने से 20 ओवर में आठ विकेट पर 171 रन ही बना सकी। टीम के लिए शीर्ष क्रम की बल्लेबाज फिर से अच्छी शुरूआत नहीं दिला सकीं और मध्यक्रम में भी कोई अहम योगदान नहीं रहा।

## खबर संक्षेप



### इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में श्रीलंका को हराकर सीरीज में की बराबरी

**कोलंबो।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने मेजबान श्रीलंका क्रिकेट टीम को वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में 5 विकेट से हराते हुए 3 मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी हासिल कर ली। इंग्लिश टीम को पहले मैच में हार मिली थी। कोलंबो में हुए मैच में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 219 का स्कोर बनाया था। जवाब में इंग्लिश टीम ने 46.2 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर नजर डालते हैं। इस तरह से रोचक रहा मुकाबला श्रीलंकाई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 68 रन तक अपने 3 अहम विकेट गंवा दिए थे। उसके बाद कप्तान चरिथ असलंका (45), धनंजय डी सिल्वा (40) और पवन रत्नायके (29) ने अहम पारियां खेलते हुए टीम के स्कोर को 49.3 ओवर में 219 तक पहुंचाया। जवाब में इंग्लैंड ने जो रूट (75), हेरी ब्रुक (42), बेन डकेट (39) और जोस बटलर (33*) की पारियों के दम पर 46.2 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की पहली भिड़ंत आयरलैंड से

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप 2026 की शुरुआत 7 फरवरी से होनी है, जिसमें मिचेल मार्श की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम अपनी चुनौती पेश करेगी। 2024 में खेले गए पिछले



संस्करण में कंगारू टीम सुपर-8 में भी नहीं पहुंच सकी थी। ऐसे में आगामी संस्करण में मार्श के नेतृत्व में टीम दूसरा खिताब जीतना चाहेगी। इस बीच ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीम की घोषणा कर दी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने स्पिनर्स से भरी टीम चुनी है, जिसमें एडम जैम्पा स्पिन विभाग की अगुआई करेंगे। उनके साथ मैथ्यू कुह्नमैन, कूपर कोनोली, ग्लेन मैक्सवेल और मैथ्यू शॉर्ट जैसे अन्य स्पिन गेंदबाजी के विकल्प शामिल हैं।

### अतिका क्वालीफाइंग में दूसरा स्थान पाने वाली पहली भारतीय



**ला कोंका (इटली)।** भारत की 11 वर्षीय रेसिंग सनसनी अतिका मीर ने डब्ल्यूएसके सुपर मास्टर कार्टिंग सीरीज में शानदार शुरुआत की और वह 37 ड्राइवरों के क्वालीफाइंग ग्रिड में दूसरा सबसे तेज समय निकालने वाली पहली भारतीय बन गईं। अतिका ने 2026 में मिनी (8 से11 वर्ष की आयु) से जूनियर श्रेणी (12 से 14 वर्ष की आयु) में जाने के बाद पहली बार ओकेएनजे वर्ग में ड्राइविंग करते हुए उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। अतिका ने 49.76 सेकंड का समय निकाला। वह एक समय पोल पोजीशन हासिल करने की स्थिति में थी लेकिन अंतिम क्षणों में फिनलैंड के लियो लैटिनन ने उन्हें पीछे छोड़ दिया।

## चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच आज विशाखापट्टनम स्टेडियम में शाम 7 बजे से

# मुकाबला आज : भारत जीत की लय बरकरार रखने और न्यूजीलैंड विजयरथ रोकने को बेकरार

एजेंसी ▶▶| विशाखापट्टनम

भारतीय क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच 5 मैचों की सीरीज का चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला आज बुधवार 28 जनवरी को खेला जाएगा। सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना चुकी सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम जीत के क्रम को बरकरार रखना चाहेगी।

इसी तरह मिचेल सैंटनर की कप्तानी वाली कीवी टीम भारत का विजय रथ रोकने और सीरीज में अपनी पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच यह मुकाबला विशाखापट्टनम के डॉ वाई एस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में शाम 7 बजे से से खेला जाएगा।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ भारी रहा है भारत का पलड़ा

टी-20 अंतरराष्ट्रीय में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच अब तक 28 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 17 में भारतीय टीम को जीत मिली है, जबकि 10 मैच कीवी टीम ने जीते हैं। 1 मैच टाई रहा है। भारतीय सरजमीं पर दोनों टीमों के बीच 14 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 10 मैचों में भारत ने जीत दर्ज की, जबकि शेष 4 मैच न्यूजीलैंड ने अपने नाम किए हैं।



### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

अभिषेक ने पिछले 10 मैचों में 200.60 की स्ट्राइक रेट से 331 रन बनाए हैं। कप्तान सूर्यकुमार ने 10 मैचों में 249 रन अपने नाम किए हैं। न्यूजीलैंड से चैपमैन ने पिछले 9 मैचों में 215 रन बनाए हैं। कप्तान सैंटनर 10 मैचों 207 रन बनाने में सफल रहे हैं। वरुण चक्रवर्ती ने 8 मैचों में 16 विकेट अपने नाम किए हैं। इसी प्रकार जैकब डफी 9 मैचों में 14 विकेट चटका चुके हैं। इनके प्रदर्शन पर नजरें रहेंगी।

### ऐसी हो सकती है भारत की प्लेइंग इलेवन

भारतीय सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन सीरीज में अब तक कुछ खास नहीं कर पाए हैं। ऐसे में वह बड़ी पारी खेलकर वापसी करना चाहेंगे। इसी तरह अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और सूर्यकुमार अपनी फॉर्म बरकरार रखने का प्रयास करेंगे। तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह और हर्षित राणा पर होगी। **संभावित एकादशः** संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, और जसप्रीत बुमराह।

### इस संयोजन के साथ उतर सकती है कीवी टीम

दूसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने निराश किया था और भारतीय बल्लेबाजों के सामने जमकर रन लुटाए थे। ऐसे में मेहमान टीम पिछली गलतियों से सबक लेते हुए अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेगी। कीवी टीम अपने शीर्षक्रम से भी बड़ी पारियों की उम्मीद करेगी। **न्यूजीलैंड की संभावित एकादशः** टिम सिफर्ट, डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, डेरिल मिचेल, मिचेल सैंटनर (कप्तान), मैट हेनरी, काइल जैमीसन, ईश सोढ़ी, और जैकब डफी।

## पद्म पुरस्कार 2026

# विजय अमृतराज को पद्म भूषण, रोहित व हरमनप्रीत समेत आठ को पद्म श्री



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पद्म पुरस्कार 2026 के विजेताओं की घोषणा कर दी है। इनमें उल्लेखनीय कार्य के लिए 5 हस्तियों को पद्म विभूषण, 13 को पद्म भूषण और 113 को पद्म श्री सम्मान दिया गया है। सूची में खेल जगत से पूर्व भारतीय टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज को पद्म भूषण, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर समेत 8 को पद्म श्री मिला है।

### इन खेल हस्तियों को मिला पद्म श्री

इस साल पद्म श्री सम्मान हासिल करने वालों में पूर्व भारतीय टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा, महिला वनडे विश्व कप 2025 की विजेता कप्तान हरमनप्रीत कौर, पेरिस पैरालिंपिक 2024 के स्वर्ण पदक विजेता पैरा एथलीट प्रवीण कुमार, भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता पूनिया, देश में महिला हॉकी में क्रांति लाने वाले कोच बलदेव सिंह, भगवानदास रायकवार और मार्शल आर्ट स्टार के पजानिवेल शामिल है। इसी तरह पूर्व कुश्ती कोच व्लादिमीर मेस्तविरिशविली को मरणोपरांत पद्म श्री दिया गया है।

## शराब पीकर गाड़ी चलाने के आरोप में पूर्व भारतीय क्रिकेटर मार्टिन गिरफ्तार



**वडोदरा।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर जैकब मार्टिन को शराब पीकर गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। मंगलवार तड़के जैकब ने वडोदरा में अपनी लग्जरी एसयूवी चलाते हुए कथित तौर पर शराब के नशे में सड़क किनारे खड़ी तीन कारों में टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि हादसे के कुछ घंटे बाद 53 वर्षीय मार्टिन को हिरासत में लिया गया। मार्टिन ने भारत के लिए 10 वनडे मैच खेले हैं। पुलिस ने कहा कि मार्टिन रात करीब 2:30 बजे नशे की हालत में वाहन से नियंत्रण खो बैठे और एक घर के बाहर खड़ी तीन कारों को टक्कर मारी। अकोटा पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

## अंडर-19 विश्व कप 2026

# भारत ने न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराकर दर्ज की लगातार तीसरी जीत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंडर-19 विश्व कप 2026 के 24वें मुकाबले में भारतीय टीम ने बारिश से बाधित मैच में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम की टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत है। वहीं, न्यूजीलैंड पहला मुकाबला हारी है। न्यूजीलैंड की पारी के 7 ओवर के बाद बारिश से मैच 37-37 ओवर का किया गया। इसके बाद कीवी टीम 36.2 ओवर में 135 रन पर ढेर हो गई। जवाब में भारतीय टीम ने 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### भारत ने इस तरह दर्ज की जीत

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कीवी टीम को 22 रन तक 5 झटके लग गए थे। उसके बाद टीम ने कैलम सैमसन (37*), सेल्विन संजय (28) और जेकब कॉटर (23) की पारियों से 135 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में भारत को डकवर्थ लुईस नियम से 130 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने कप्तान आयुष म्हात्रे (53) और वैभव सूर्यवंशी (40) की पारियों से महज 13.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।


## दिल्ली दंगल ने मुंबई टाइगर्स के खिलाफ दो अंक हासिल किए

**नोएडा।** शीर्ष भारतीय पहलवान सुजीत कलकल की कप्तानी वाली दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने मंगलवार को यहां प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) में मुंबई दंगल टाइगर्स के खिलाफ शुरुआती नौ मुकाबलों में से पांच जीतकर हाफ टाइम तक दो मैच अंक हासिल कर लिए। तीन मैच में दो अंक के साथ इस मुकाबले में उतरी दिल्ली ने शानदार ऑल-राउंड प्रदर्शन करते हुए 5-0 की बढ़त बनाई और चार मैच में चार अंक के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में खुद को मजबूती से बनाए रखा। दिल्ली ने 74 किलोग्राम पुरुष वर्ग में तुरान बायरामोव के दीपक के खिलाफ जीत से बढ़त हासिल की। यह लय 62 किलोग्राम महिला वर्ग के मुकाबले में भी जारी रही जिसमें अंजलि ने आक्रामक प्रदर्शन करते हुए ओल्हा पाडोशिक को 19-10 से हराया। 76 किलोग्राम महिला वर्ग के मुकाबले में अनास्तासिया अल्पीयेवा ने ज्योति बेरवाल पर जीत हासिल की जिससे दिल्ली 3-0 से आगे हो गई।

# ऑस्ट्रेलिया के केन रिचर्डसन ने पेशेवर क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज केन रिचर्डसन ने मंगलवार 27 जनवरी को पेशेवर क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया। 34 साल के रिचर्डसन हाल ही में सम्पन्न हुई बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स की ओर से खेलते हुए नजर आए थे। वह बीबीएल में शुरुआती सीजन से ही खेल रहे थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की ओर से टी-20 विश्व कप 2021 का खिताब जीता था। आइए उनके करियर पर एक नजर डालते हैं।



### क्रिकेट में मैंने खुद को पूरा इस्तेमाल किया

रिचर्डसन ने इस मौके पर कहा, 2009 में डेब्यू करने से लेकर अब तक, मुझे लगता है कि मैंने खुद का पूरा इस्तेमाल किया है और यह मेरी जीवन के इतने मजेदार हिस्से को खत्म करने का सही समय है।

### ऐसा रहा रिचर्डसन का अंतरराष्ट्रीय करियर

रिचर्डसन ने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के लिए 25 वनडे में 31.79 की औसत के साथ 39 विकेट लिए। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 68 रन देकर 5 विकेट लेना रहा। उन्होंने 36 टी-20 मैचों में 23.53 की औसत और 8.40 की इकॉनमी रेट से 45 विकेट अपने नाम किए। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 30 रन देकर 4 विकेट लेना रहा। इस तेज गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से कोई टेस्ट मैच नहीं खेला था।

# सबालेंका और ज्वेरेव सेमीफाइनल में

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन : गॉफ ने हार के बाद रैकेट पर निकाला गुस्सा

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को यहां अमेरिका की 18 वर्षीय खिलाड़ी इवा जोविक को 6-3, 6-0 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां भीषण गर्मी के कारण छत बंद करके मैच खेलने पड़े। सबालेंका सेमीफाइनल में यूक्रेन की 12वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना का सामना करेगी जिन्होंने अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को 59 मिनट में 6-1, 6-2 से करारी शिकस्त दी।



### गॉफ ने कई बार रैकेट पटका

स्वितोलिना से हारने के बाद अमरीकी खिलाड़ी कोको गॉफ ने अपना गुस्सा अपने रैकेट पर निकाला और उसे कई बार नीचे पटका। स्वितोलिना पहली बार इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंची है। गॉफ ने बाद में कहा, "मैंने फ्रेंच ओपन के दौरान भी अपना एक रैकेट तोड़ा था।

### ज्वेरेव-लर्नर के बीच हुआ रोमांचक मैच

मेलबर्न में भीषण गर्मी के बीच रॉड लेवर स्टेडियम में पहला मैच छत खुली रखकर खेला गया, लेकिन अलेक्जेंडर ज्वेरेव और अमेरिकी खिलाड़ी लर्नर टिएन के बीच पुरुष क्वार्टरफाइनल मैच के लिए इसे बंद कर दिया गया। तीसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने 20 वर्षीय टिएन पर 6-3, 6-7 (5), 6-1, 7-6 (3) से जीत दर्ज करके अंतिम चार में जगह बनाई। ज्वेरेव ने 24 ऐस लगाए और केवल एक डबल फॉल्ट किया।

## टी-20 विश्व कप 2026, पहला मैच स्कॉटलैंड से

# वेस्टइंडीज की टीम में जोसेफ, सैम्पसन शामिल, होप करेंगे कप्तानी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2026 की शुरुआत 7 फरवरी से होनी है, जिसके लिए वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम का ऐलान किया है। शाई होप की कप्तानी में युवा बल्लेबाज क्विंटन सैम्पसन को शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज शमर जोसेफ भी टीम में अपनी जगह बनाने में कामयाब हुए हैं। बता दें कि कैरेबियाई टीम विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत स्कॉटलैंड के खिलाफ 7 फरवरी को होने वाले मैच से करेगी। वेस्टइंडीज की टीम ग्रुप-सी में मौजूद है। इस ग्रुप की अन्य टीमें स्कॉटलैंड, इटली, नेपाल और इंग्लैंड है।

### क्विंटन सैम्पसन के ऐसे हैं आंकड़े

सैमसन गुयाना सीपीएल 2025 में अमेजन वॉरियर्स के लिए तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने 9 पारियों में 151.57 की स्ट्राइक रेट से 241 रन बनाए। अपने अब तक के टी-20 क्रिकेट करियर में 27.60 की औसत और 142.26 की स्ट्राइक रेट के साथ 276 रन बनाए हैं। उन्होंने अपने युवा टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में अब तक 3 पारियों में 35 रन बनाए थे।



### जेसन और रोवमैन की भी हुई वापसी

पूर्व कप्तान जेसन होल्डर और रोवमैन पॉवेल के साथ-साथ रोमारियो शेफर्ड की भी टीम में वापसी हुई है। ये खिलाड़ी अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में नहीं खेले थे। अल्जारी जोसेफ चोट की वजह से बाहर हो गए हैं। यही टीम 27 जनवरी को पार्ल में शुरू होने वाली 3 मैचों की सीरीज में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलेगी। टी-20 विश्व कप 2016 का खिताब जीतने वाली कैरेबियाई टीम से जॉनसन चार्ल्स भी इस टीम का हिस्सा हैं।

### ऐसी है वेस्टइंडीज की टीम

वेस्टइंडीज की टीम ग्रुप-सी में मौजूद है। इस ग्रुप की अन्य टीमें स्कॉटलैंड, इटली, नेपाल और इंग्लैंड है। वेस्टइंडीज अपना पहला मैच 7 फरवरी को स्कॉटलैंड के खिलाफ खेलेगी। वेस्टइंडीज की टीमः शाई होप (कप्तान), शिमरोन हेटमायर, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, जेसन होल्डर, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोती, रोवमैन पॉवेल, शेरफेन रदरफोर्ड, क्विंटन सैम्पसन, जेडन सील्स, और रोमारियो शेफर्ड।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी सत्र की शुरूआत, एक फरवरी को बजट पेश करेंगी वित्तमंत्री सीतारमण

# संसद का बजट सत्र आज से, सरकार ने सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों से की चर्चा, विपक्ष कई मुद्दों पर सरकार को घेरने के लिए तैयार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



मनरेगा, विदेश नीति, अमेरिकी शुल्क, डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में गिरावट, वायु प्रदूषण जैसे कई मुद्दों पर हंगामे के आसार

संसद के आज बुधवार से शुरू हो रहे बजट सत्र के हंगामेदार होने के पूरे आसार हैं। विपक्षी दल कई मुद्दों पर सरकार को घेरने के लिए लामबंद हैं। कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों ने मंगलवार को कहा कि बुधवार से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र में मनरेगा, मोदी सरकार की विदेश नीति, अमेरिकी शुल्क, डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में गिरावट, वायु प्रदूषण और जनहित के कई अन्य विषयों को उठाया जाएगा।

बावजूद इसके सरकार द्वारा मंगलवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में बजट सत्र को लेकर चर्चा की गई, हालांकि कांग्रेस ने इसे लेकर विरोध दर्ज कराया कि सरकार ने कोई विधायी एजेंडा सामने नहीं रखा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को सर्वदलीय बैठक हुई।

## चर्चा संसदीय नियमों के मुताबिक हो

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि केंद्र सरकार संसद के बजट सत्र से पहले सभी राजनीतिक दलों के सुझाव सुनने को तैयार है। उन्होंने कहा कि चर्चा संसदीय नियमों के मुताबिक ही होनी चाहिए। ज्ञात हो कि बजट सत्र आज 28 जनवरी से शुरू होगा और 2 अप्रैल तक चलेगा। पहला चरण 28 जनवरी से 13 फरवरी तक। जबकि दूसरा चरण 9 मार्च से 2 अप्रैल तक होगा। सत्र में कुल 30 बैठकें होंगी। वहीं, 1 फरवरी को 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सत्र की शुरुआत में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। बैठक के बाद रिजिजू ने कहा, 'नियमों के अनुसार, चर्चा सिर्फ बजट पर ही होनी चाहिए। सत्र की शुरुआत में राष्ट्रपति संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी। उसके बाद राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस होगी, जिसमें सभी दल हिस्सा लेंगे। सरकार हमेशा किसी भी सुझाव को सुनने के लिए खुश है।'

## विपक्षी दल संसद चलने नहीं देते

रिजिजू ने आगे कहा कि सरकार हमेशा सुनने को तैयार है, लेकिन अगर हर बार विपक्षी दल हंगामा करते हैं और सदन नहीं चलने देते, तो समस्या पैदा होती है। इसके अलावा, टीडीपी संसदीय दल के नेता लावु श्री कृष्ण देवरायलु ने बताया कि उनकी पार्टी ने बैठक में तीन राष्ट्रीय मुद्दे और पांच आंध्र प्रदेश से जुड़े मुद्दे उठाए। इनमें भारत के एफटीए समझौते, 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया नियम और अमरावती राजधानी विधेयक शामिल हैं। यह बैठक संसद के मुख्य समिति कक्ष में हुई, बजट सत्र की रूपरेखा पर चर्चा की गई। इस बैठक में राजनाथ सिंह, किरेन रिजिजू, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, कांग्रेस नेता जयराम रमेश और प्रमोद तिवारी, एआईटीसी नेता शताब्दी रॉय, एमएनएम संस्थापक कमल हासन, तमिल मणिला कांग्रेस नेता जीके वासन, एसपी नेता रामगोपाल यादव समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

रक्षा मंत्री ने गणतंत्र दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए डीआरडीओ वैज्ञानिकों, तकनीकी व्यक्तियों को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी

# अनुसंधान से प्रोटोटाइप के परीक्षण और फिर उसकी तैनाती के समय को घटाने की दरकार: राजनाथ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को राजधानी में आयोजित किए गए समारोह में एक बार फिर से पाकिस्तान के आतंकी मंसूबों को नेस्तनाबूद करने के लिए किए गए भारतीय सशस्त्र सेनाओं के अभियान, 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख किया और कहा कि इसने यह साबित कर दिया है कि देश की स्वदेशी प्रणालियां भारत की परिचालन तत्परता को मजबूत कर रही हैं। युद्धक्षेत्र में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की तकनीक का प्रभावी ढंग से उपयोग किया गया। स्वदेशीकरण के आधार पर रक्षा क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों में ये संगठन बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यहां बता दें कि इस समारोह में रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ के 77 वें गणतंत्र दिवस परेड समारोह में बतौर विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे संगठन के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले वैज्ञानिकों और तकनीकी व्यक्तियों को संबोधित किया। उनके इस भाषण को रक्षा मंत्रालय ने मीडिया से साझा किया है।

**वैज्ञानिकों अपनाए नवीन सोच:** रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि प्रौद्योगिकी के इस युग में अग्रणी बने रहने के लिए अनुसंधान और विकास की आवश्यकता है। जिसके लिए संगठन के वैज्ञानिकों को नवीन और त्वरित सोच अपनानी चाहिए। उन्होंने जोखिम लेने से न डरने की अपील की और कहा कि आज प्रौद्योगिकी तेजी से बदल रही है। जो तकनीक मौजूदा समय में नई है। वो आगामी 4 से 5 सालों में पुरानी यानी अप्रासंगिक हो सकती है। इसलिए हमें खासकर युद्धक्षेत्र में योग्यतम की उत्तरजीविता के सिद्धांत को नहीं। बल्कि सबसे तेज के जीवित रहने के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए। जो देश तेजी से सोचता है, निर्णय लेता है और प्रौद्योगिकी को लागू करता है। वही आगे रहता है।

**प्रोटोटाइप की तैनाती का समय घटाएं:** उन्होंने कहा कि डीआरडीओ को उन क्षेत्रों में आगे बढ़ने की जरूरत है। जहां निजी क्षेत्र पहले से ही अपनी क्षमताओं को विकसित कर चुका है। उन्होंने सुझाव दिया कि संगठन के भीतर ही एक अलग विंग का गठन किया जाए। जो उन क्षेत्रों में जोखिम उठाए जहां सफलता की संभावना कम लगती है। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि यदि सफलता प्राप्त होती है तो वो ऐतिहासिक होगी। साथ ही उन्होंने जोर देते हुए कहा कि शोध से प्रोटोटाइप और प्रोटोटाइप से परीक्षण और उसके बाद परीक्षण से प्रोटोटाइप की तैनाती के बीच का समय करने की आवश्यकता है। प्रोटोटाइप को सशस्त्र बलों में सही समय पर शामिल करना हमारे प्रदर्शन का सबसे बड़ा मापदंड होना चाहिए। डीआरडीओ डिजाइन और प्रोटोटाइप पर आमतौर पर ध्यान केंद्रित करता है। जबकि उत्पादन उद्योगों की भूमिका है और इस अंतर को पाटना जरूरी है। अंतरराष्ट्रीय मॉडलों के अनुरूप सह-विकास की रणनीति अपनाई जा सकती है, जिसमें उद्योग को शुरुआती चरणों से लेकर डिजाइन और उत्पादन तक सक्रिय रूप से शामिल किया जा सकता है।

**पारंपरिक क्षेत्रों से आगे बढ़ने की दरकार:** रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ से सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र के उपक्रमों के साथ गहन सहयोग स्थापित करने का भी आह्वान किया। साथ ही कहा कि अब पारंपरिक क्षेत्रों से आगे बढ़ने का समय आ गया है। देश ने 2029-30 तक 50 हजार करोड़ के रक्षा निर्यात का लक्ष्य तय किया है। ऐसे में संगठन को अपने सिस्टम के डिजाइन चरण से ही निर्यात बाजारों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जिसमें ड्रोन, रडार, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली और गोला बारूद पर ध्यान दिया जाना चाहिए। निर्यात पर ध्यान देने से लागत की वसूली होती है और वैश्विक विश्वसनीयता बढ़ती है। साथ ही रणनीतिक साझेदारी को भी बल मिलता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि डीआरडीओ 2047 के विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

